हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

- तीन मई 2026 को आयोजित की गई थी नीट (यूजी) 2026
- देशभर में करीब 22.79 लाख छात्र परीक्षा में हुए थे शामिल

छग के 19 केंद्रों में हुई थी परीक्षा

3 मई को आयोजित इस परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ में 19 केन्द्र बनाए गए थे। लगभग 45 हजार अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें राजधानी रायपुर के करीब 9,200 कैंडिडेट्स शामिल थे। अब इन सभी परीक्षार्थियों को दोबारा परीक्षा दिलानी होगी। रायपुर में उपस्थिति का प्रतिशत 95% से अधिक रहा था। छग के अन्य जिलों में भी उपस्थित छात्रों की संख्या 90% से अधिक रही थी।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने तीन मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी-2026' को रद्द कर दिया। पेपर लीक की खबरों और जांच एजेंसियों से मिली पुख्ता जानकारी के बाद एनटीए ने फैसला लिया है। अब नीट परीक्षा नए सिरे से आयोजित की जाएगी। नई तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। इधर, सरकार ने सीबीआई को इन 'अनियमितताओं' की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया है।

छात्रों और अभिभावकों के लिए एनटीए की सलाह

अफवाहों से बचें और किसी भी जानकारी के लिए केवल एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट या उनके आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स पर ही भरोसा करें।

चाँदी का सच्चा भाव

आनंद का सच्चा भाव

835 Silver Rate (10 gm 83.50%)	₹2092/-
925 Silver Rate (10 gm 92.50%)	₹2317/-
990 Silver Rate (10 gm 99.00%)	₹2480/-

चाँदी का भाव* प्रति 10 ग्राम । GST extra

*Conditions apply

anand jewels Pandri, Raipur

पर्चा लीक, आखिरकार 'नीट' रद्द

एनटीए का ऐलान :

दोबारा कराई जाएगी परीक्षा, 6 से 8 दिन में नई तारीख का ऐलान

देश के 22 लाख परीक्षार्थी प्रभावित, इनमें छग के 45 हजार, जांच सीबीआई के हवाले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक बयान में कहा कि यह निर्णय पारदर्शिता बनाए रखने और राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली में विश्वास को बरकरार रखने के लिए लिया गया है। उसने कहा, केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर एनटीए द्वारा तथ्यों को परखे जाने और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा साझा की गई जानकारी के आधार पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने तीन मई 2026 को आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा को भारत सरकार की मंजूरी से रद्द करने और अलग से अधिसूचित तिथियों पर परीक्षा पुनः आयोजित करने का निर्णय लिया है। नीट यूजी 2026 परीक्षा तीन मई को भारत के 551 शहरों और अन्य देशों के 14 शहरों में आयोजित की गई थी। यह परीक्षा लगभग 23 लाख पंजीकृत परीक्षार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। एजेंसी ने कहा कि प्राप्त सूचनाओं और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा साझा किए गए निष्कर्षों के आधार पर यह स्पष्ट हो गया है कि 'वर्तमान परीक्षा प्रक्रिया को जारी रखना उचित नहीं है। उसने कहा, पुनः होने वाली परीक्षा की तिथियां और उनके लिए जारी किये जाने वाले प्रवेश पत्र की समय-सारणी अगले कुछ दिनों में एजेंसी के आधिकारिक माध्यमों से सूचित की जाएगी। एनटीए ने कहा कि सरकार ने परीक्षा से जुड़े आरोपों की व्यापक जांच के लिए मामले को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपने का फैसला किया है। उसने कहा, एनटीए सीबीआई को पूरा सहयोग देगी और जांच के लिए आवश्यक सभी सामग्री, रिकॉर्ड और सहायता प्रदान करेगी। एनटीए ने कहा, यह निर्णय विद्यार्थियों ▶▶| शेष पेज 8 पर

मल्टी स्टेट नेटवर्क से देश में लीक हुआ पेपर, हिरासत में संदिग्ध

राजस्थान एसओजी की जांच में महाराष्ट्र, उत्तराखंड और राजस्थान के लिंक सामने आए हैं। सूत्रों के मुताबिक जीएफएक्स इन नीट का ये पेपर नासिक की प्रिंटिंग प्रेस में कॉपी किया गया था। नासिक से पेपर हरियाणा आया, जहां गुरुग्राम के एक डॉक्टर के पास तक पहुंचा। हरियाणा से पेपर जयपुर पहुंचा और जयपुर से जमवा रामगढ़ पहुंचा। राजस्थान के जमवारामगढ़ से पेपर सीकर पंहुचा और फिर सीकर से पेपर देश के अन्य राज्य जम्मू-कश्मीर, बिहार और केरल तक पहुंचा। नासिक की प्रिंटिंग प्रेस से एक शख्स को हिरासत में भी लिया गया।

छात्रों के लिए जरूरी बातें

- **कोई नया फॉर्म नहीं** : छात्रों को दोबारा आवेदन करने की कोई जरूरत नहीं है। मई 2026 के लिए भरा गया आपका पुराना फॉर्म और चुना गया परीक्षा केंद्र ही आगे भी मान्य रहेगा।
- **कोई नई फीस नहीं**: इस नई परीक्षा के लिए आपसे कोई अतिरिक्त फीस नहीं ली जाएगी।
- **फीस वापसी (रिफंड)**: आपने पहले जो फीस जमा की थी, वह आपको रिफंड कर दी जाएगी। इस बार परीक्षा करवाने का पूरा खर्च एनटीए खुद उठाएगा।

इधर, सियासी उबाल

राहुल का आरोप

राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को इनाम देती है, तरक्की देती है। मोदी जी और भाजपा आपके भविष्य की चोरी में साझेदार हैं। जिस बाजार में आपकी मेहनत, आपके सपने नीलाम हो रहे हैं, उसका एक ही उसूल है कि जितनी बड़ी चोरी, उतना बड़ा इनाम।

केजरीवाल का तंज

दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, पेपर लीक मामलों में राजनीतिक संरक्षण है और पिछले नौ साल में नीट का पेपर चार बार लीक हुआ, लेकिन किसी भी आरोपी को सजा नहीं मिली। पेपर लीक यूं ही नहीं होता, इसमें ऊपर तक के लोगों की मिलीभगत होती है।

गहलोत ने साधा निशाना

राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि नीट 2026 की परीक्षा रद्द हो गयी। 22 लाख से ज्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग और सपनों को इस भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया। प्रधानमंत्री का तथाकथित अमृतकाल, देश के लिए विषकाल बन गया है।

रायपुर में महामुकाबला

आज भिड़ेंगी आरसीबी और कोलकाता नाइट राइडर्स

प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए केकेआर को जीतना है जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के होम ग्राउंड शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में आज आईपीएल का एक और महामुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में आरसीबी का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। शाम 7:30 बजे से शुरू होने वाला यह मैच कोलकाता के लिए बेहद अहम है, क्योंकि प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए उसे हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। इस अहम मुकाबले से पहले मंगलवार को आरसीबी और कोलकाता दोनों टीमों ने नेट्स पर जमकर पसीना बहाया। अभ्यास सत्र के दौरान दोनों टीमों के कोच ने स्पष्ट किया कि पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाजी पर विशेष जोर रहेगा। शेन वॉटसन ने कहा कि टीम रायपुर में भी अपनी जीत का क्रम जारी रखेगी। वहीं, आरसीबी खेमे की ओर से कहा गया कि इस ▶▶| शेष पेज 8 पर

अब जमानत के लिए देनी होगी 'पूरी कुंडली' आवेदन का फॉर्म बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने जमानत (बेल) प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और स्पष्टता लाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। हाईकोर्ट ने जमानत आवेदनों के मौजूदा स्वरूप (फारमेट) में संशोधन करते हुए अब अभियुक्तों के लिए विस्तृत जानकारी देना अनिवार्य कर दिया है। सोमवार, 11 मई 2026 को जारी एक आधिकारिक ▶▶| शेष पेज 8 पर

खास खबर

इन 6 श्रेणियों में मांगी गई जानकारी

हाईकोर्ट ने नए आवेदन फॉर्म को छह मुख्य भागों में विभाजित किया है, ताकि सुनवाई के दौरान अदालत के पास मामले का पूरा लेखा-जोखा हो। केस का विवरण- एफआईआर नंबर, तारीख, थाना और लगाई गई धाराओं के साथ-साथ उनमें मिलने वाली अधिकतम सजा का ब्यौरा देना होगा। हिरासत की स्थिति- ▶▶| शेष पेज 8 पर

पुराना तरीका खत्म

नए नियमों के तहत, अग्रिम और नियमित जमानत आवेदनों में पहले इस्तेमाल होने वाली सामान्य जानकारियों को हटा दिया गया है। अब आवेदकों को एक निर्धारित 'टेबल' (टैबुलर फार्म) में अपनी पूरी कानूनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी। इस आदेश के बाद अब जमानत की अर्जी देना पहले के मुकाबले अधिक विस्तृत और तथ्यात्मक हो जाएगा।

KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

• Only 29 Years as an Institute • 24 Years as a Deemed to be University

THE World University Rankings 2026 Asia — 1st in Eastern India — 169th in Asia

THE World University Rankings 2026 — 5th Among All Universities in India — 501+ Cohort Globally

KIIT Accomplishes QS RATED EXCELLENT & QS I-GAUGE PLATINUM
Only University in Eastern India with QS 5-Star & Platinum Ratings

QS WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2026 — 1st in Odisha & 8th in India among pvt. universities

• Best Campus — Outstanding infrastructure & world-class facilities
• Best Placement — Excellent Opportunities & Career Outcomes
• Best Environment & Ambience — Supportive learning environment with a vibrant campus atmosphere
• Student Friendly Campus — Student-centric approach with comprehensive support services
• Parent-Friendly Institution — Transparent communication & parent engagement

ADMISSION OPEN

KIITEE 2026 PHASE - 2

APPLY NOW
through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
No Examination Fee (Computer-Based Test)

Scan to Apply

Director Admissions, Admission Cell (Koel Campus), KIIT DU, Bhubaneswar, Odisha, India-751024
admission@kiit.ac.in kiitee.ac.in 8080 735 735

Key Rankings & Achievements
A++ Grade Accredited by NAAC
nirf 2025 17th Among Indian Universities
NBA Tier 1 Re-accredited by NBA
ABET ABET (US) Accreditation
IET Accredited Programme The Institute of Engineering and Technology
Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
Partnership with UN VOLUNTEERS

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

एक साल न खरीदें सोना...अपील का समर्थन, पर इसका इफेक्ट कितना, महीनेभर में आंकलन

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रायपुर सराफा एसोसियेशन के अध्यक्ष धरम भंसाली ने कहा- बाजार में इस माह दिखेगा इफेक्ट

पश्चिम एशिया में वैश्विक संकट को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दिन पूर्व नागरिकों से अपील की है कि संकट के दुष्प्रभाव से बचने पेट्रोल, डीजल की खपत कम करें, पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग ज्यादा से ज्यादा करें। ये संकल्प लें कि एक साल तक सोना की खरीदी को टालें। इस वक्तव्य पर छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी का कहना है, इससे प्रदेश के सराफा व्यवसाय पर 15 से 20 फीसदी फर्क पड़ सकता है। मोदी जी ने इशारे से कहा है कि सोना 1 साल तक न खरीदें, इसका मतलब है कच्चा सोना, इसमें जेवर व गहने का अभिप्राय नहीं है। रायपुर सराफा एसोसियेशन के अध्यक्ष धरम भंसाली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात समर्थन करते हुए कहा है, सराफा बाजार में इस महीने इसका असर दिखेगा। हम 3 दिन का समय लेकर बिक्री का एवरेज निकालेंगे, इसके बाद ग्राहक क्या बोलते हैं, उनसे भी चर्चा करेंगे।

राजधानी सहित प्रदेश के सराफा व्यवसाय से जुड़े लोगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 7 बिंदुओं पर नागरिकों से की गई अपील को लेकर मिली जुली प्रतिक्रिया सामने आ रही है। हरिभूमि ने सराफा व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों और छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के प्रमुख पदाधिकारी से भी इस विषय में उनकी राय जानने बातचीत की, जिसमें उन्होंने खुलकर अपनी बात की। वहीं राजधानी के सराफा दुकानों में अन्य दिनों की तुलना में मंगलवार को ग्राहकों की अपेक्षाकृत कम भीड़ देखने को मिली। पेश है एक रिपोर्ट -

लोगों पर प्रेशर नहीं, अच्छा कदम है : शिवराज भंसाली

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष शिवराज भंसाली ने कहा पहले देशहित आता है, उसके बाद हम आते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक अच्छा कदम उठाया है। नागरिकों को इसमें कोई प्रेशर नहीं, अपनी-अपनी सोच है। मेरी अपनी राय है कि इसे अपनाने में कोई हर्ज नहीं। हिंदुस्तान की जनता जेवर के पीछे भागती है, उस चीज को नियंत्रित करने यह कदम उठाया गया है।

बाजार में इस महीने दिखेगा इफेक्ट : धरम भंसाली

रायपुर सराफा एसोसियेशन के अध्यक्ष धरम भंसाली ने पश्चिम एशिया वैश्विक संकट को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नागरिकों से की गई अपील का समर्थन किया है। उनका कहना है, मंगलवार को पहला दिन रहा इसलिए इसका प्रभाव नहीं दिखा, हम 3 दिन का समय लेकर सराफा कारोबार की बिक्री का एवरेज निकालेंगे। इसके बाद ग्राहकों से चर्चा करेंगे कि वे क्या कहते हैं। श्री भंसाली ने कहा कि आज मार्केट की पोजिशन ये है कि जब से सोने के भाव बढ़े हैं, तब कैश में चेंजिंग कर बहुत कम लोग सोना ले रहे हैं। ग्राहक शादी के लिए पुराना सोना देकर उसके बदले नया सोना लेता है। यानी पूरा अमाउंट देकर सोना खरीदने वाले कम हैं।

राष्ट्रहित सर्वोपरि : हरख मालू

रायपुर सराफा एसोसियेशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू कहते हैं कि भारतीय संस्कृति में गहनों का अलग महत्व है। गहने की खरीदी लोग मात्र इसका उपयोग, उपभोग करने के लिए नहीं करते, बल्कि आपात स्थिति में यह लोगों का सबसे बड़ा संबल रहा है। बीमारी का इलाज कराने, शादी-ब्याह के समय या फिर मकान बनाने अथवा बचत के रूप में गहने लेता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह पहल राष्ट्रहित में है। उनका इशारा ऐसे निवेशक जो सोने के सिक्के, बुलियन में निवेश करते हैं, उस पर नियंत्रण का हो सकता है, क्योंकि आम उपभोक्ता या आम आदमी सीमित मात्रा में अपनी बचत की राशि से सोना खरीदता है, हम ऐसा मानते हैं। उनके अपील की सात बिंदुओं में विदेशी धन प्रतिबंध, विदेशी यात्रा, विदेश वस्तु क्रय 1 साल तक नहीं करने की सोच रही है। सराफा के संदर्भ में जहां तक बात है आम जनता से प्रधानमंत्री ने जो अपील की है, वो निश्चित तौर पर राष्ट्रहित की सोच दर्शाती है, पर इसमें विकल्प भी देना चाहिए था, एक साल तक व्यापारी सोना नहीं खरीदेगा तो क्या करेगा? हरख मालू ने सुझाव दिया कि निवेशक जो गोल्ड क्वाइन या बार खरीदते हैं, उस पर प्रतिबंध लगाएं, गहने पर नहीं।

चैंबर अध्यक्ष का व्यू :

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा है कि इससे सराफा व्यवसाय में 15 से 20 फीसदी फर्क पड़ सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साल तक सोना न खरीदें की अपील की है, उनका आशय कच्चा सोना से है। इशारों में उन्होंने देशवासियों से कहा है पेट्रोल या डीजल चलित वाहनों की जगह ई व्हीकल और पब्लिक ट्रांसपोर्ट के उपयोग को बढ़ावा देने की बात भी कही है। क्रूड ऑयल को लेकर हम तकलीफ में हैं, इसलिए यह उनकी दूरगामी सोच है।

खबर संक्षेप

सीजीएमएससी के अफसरों के खिलाफ जांच की मांग

रायपुर। पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने बताया कि सीजीएमएससी के दोषी अधिकारियों द्वारा लगातार दवाइयों के नाम पर किए जा रहे भ्रष्टाचार को लेकर रायपुर कमिश्नर संजीव शुक्ला से कल सुबह 11 बजे एक प्रतिनिधिमंडल मंडल दोषियों के खिलाफ जांच की मांग को लेकर शिकायत दर्ज कराने पहुंचेगा। श्री उपाध्याय सोमवार को राजधानी रायपुर के सीजीएमएससी के वेयर हाउस और हमर अस्पताल में औचक निरीक्षण करने पहुंचे हुये थे। वहां काफी ज्यादा एक्सपायरी दवा का जखीरा मिलने पर उन्होंने सीजीएमएससी के अधिकारियों को दोषी ठहराया है। उन्होंने कहा कि राजधानी के अस्पतालों में एक्सपायरी व कम अवधि वाली दवाइयों की सप्लाई और खरीदी से जुड़े गंभीर मामले फल-फूल रहे हैं। अस्पताल में बड़ी मात्रा में एक्सपायरी व कम अवधि वाली दवाइयों का मिलना एक संदिग्ध मामला है और यह अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसी दवाओं से नवजात बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों की जान को नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है।

रिवाल्वर-चाकू की नोक पर फल व्यापारी से लूट

रायपुर। राजधानी रायपुर के मौदहापारा क्षेत्र अंतर्गत तालाबपार इलाके में सोमवार देर रात लूट हो गई। चार युवको ने मिलकर एक फल व्यापारी का रास्ता रोककर रिवाल्वर एवं चाकू की नोक पर 36 हजार रुपए लूट लिए। इस दौरान आरोपियों ने व्यापारी से गाली-गलौज कर मारपीट भी की है। वारदात के बाद प्रार्थी ने मौदहापारा थाने में इसकी सूचना देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। इधर इस घटना को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों में एक की पहचान हो चुकी है। इसके आधार पर उसके अन्य साथियों की पहचान की जा रही है। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लूट का शिकार हुआ व्यक्ति शेख शाहिल है, जो मौदहापारा का निवासी है। शेख बाम्बे मार्केट में फल का ठेला लगाता है। हर रोज की तरह वह घटना वाले दिन भी दुकान बंद करने के बाद रात करीब 10.30 बजे अपने घर लौट रहा था।

सूखते तालाबों को जीवनदान देने जल संसाधन विभाग का विशेष अभियान

4755 तालाब हुए लबालब, भीषण गर्मी से बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

वर्तमान में भीषण गर्मी के दौरान तालाबों में पानी की कमी से जूझ रहे लोगों को राहत पहुंचाने के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रदेश में सूख रहे 4 हजार 755 तालाबों को अब तक विभाग द्वारा त्वरित पहल करते हुए नहरों के माध्यम से भरा जा चुका है और जरूरत के मुताबिक शेष तालाबों में भी पानी भरने का कार्य तेजी से जारी है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में भीषण गर्मी ने पूरे देश को अपने चपेट में ले रखा है, इससे छत्तीसगढ़ भी अछूता नहीं है। इससे जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है और ग्रामीण क्षेत्र में पानी का प्रमुख स्त्रोत तालाब भी जलविहीन हो रहे हैं। ऐसे हालात में लोगों को राहत पहुंचाने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप जल संसाधन विभाग द्वारा राज्य में सूख रहे तालाबों में जल भराव का कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें सर्वाधिक रायपुर जिला के अंतर्गत निस्तारी हेतु प्रस्तावित कुल 783 तालाबों में से अब तक 663 तालाबों में जल भराव हेतु नहर से पानी दिया जा चुका है। इसी तरह बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के 586 तालाबों में से 504 तालाबों, धमतरी जिले के 508 तालाबों में से 329 तालाबों में पानी भरा जा चुका है। इस तरह प्रदेश के अमूमन सभी जिलों के तालाबों में पानी भराव का कार्य किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में लोगों के निस्तारी आदि की समस्या का तत्काल समाधान हो सके।

उल्लेखनीय है कि जल संसाधन विभाग द्वारा विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के तहत नहरों के माध्यम से पानी को तालाबों तक पहुंचाने के लिए यह योजना जल संरक्षण और वाटर रीचार्ज की दिशा में एक दूरदर्शी और प्रभावी कदम साबित हो रही है।जल संसाधन विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ में जल दोहन सहित अन्य कारणों से सूखते तालाबों के लिए नहरों से पानी का पहुंचाया जाना अत्यंत लाभकारी साबित हो रहा है।

अपेक्स बैंक में 67 समिति प्रबंधकों की भर्ती को मिली हरी झंडी

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की "सहकार से समृद्धि" की संकल्पना को साकार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में प्रदेश की सहकारिता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अपेक्स बैंक और जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया तेज कर दी गई है।

पदभार ग्रहण करते ही आयुक्त कावरे का बड़ा निर्णय

सहकारिता आयुक्त एवं पंजीयक महादेव कावरे ने कार्यभार संभालते ही प्राथमिकता के आधार पर अपेक्स बैंक के रायगढ़ और जशपुर क्षेत्र के लिए संवर्ग समिति प्रबंधक (नवीन संवर्ग) के शेष 67 पदों पर भर्ती की अनुमति प्रदान कर दी है। कुल स्वीकृत पद अपेक्स बैंक में संवर्ग समिति प्रबंधक के कुल 134 पद स्वीकृत हैं। वर्तमान में 67 पदों पर भर्ती की अनुमति पूर्व में दी जा चुकी थी। अब शेष 67 पदों के लिए भी अनुमति जारी कर दी गई है, जिससे कुल स्वीकृत पदों पर भर्ती का रास्ता साफ हो गया है।

डिजिटल गवर्नेंस और किसानों को लाभ

इस नई भर्ती से राज्य की पैक्स और लैम्प्स समितियों की कार्यप्रणाली में बड़ा सुधार आएगा। कम्प्यूटरीकरण से समितियों में डिजिटल कार्यप्रणाली को बढ़ावा मिलेगा। बैंकिंग सेवाओं में अधिक पारदर्शिता और गति आएगी। किसान सुविधा में विस्तार होगा और सदस्य किसानों को ऋण, खाद-बीज और अन्य सहकारी सुविधाएं बिना किसी देरी के मिल सकेंगी।

युवाओं के लिए अवसर

राज्य सरकार का यह निर्णय न केवल सहकारिता संस्थाओं को प्रशासनिक मजबूती प्रदान करेगा, बल्कि प्रदेश के शिक्षित युवाओं के लिए सरकारी क्षेत्र में रोजगार के नए द्वार भी खोलेगा। यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने और सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को सीधे लाभ पहुंचाने के सरकार के संकल्प को दर्शाता है।

छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर कम, सीएम साय ने कहा- प्रदेश की मजबूत अर्थव्यवस्था की निशानी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर 2.3 प्रतिशत होने और राष्ट्रीय स्तर से काफी कम बेरोजगारी दर होने के संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया सामने आई है। खास बात ये है कि हरिभूमि ने 12 जनवरी को यह समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

सीएम साय ने कही ये बात

भारत सरकार के सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी पीएलएफएस 2025 सर्वे में छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर का राष्ट्रीय औसत से काफी कम होकर 2.3 प्रतिशत पर रहना प्रदेश की मजबूत अर्थव्यवस्था, ग्रामीण आजीविका और रोजगारोन्मुखी नीतियों का सकारात्मक संकेत है। खेती, वनोपज, स्वरोजगार, लघु उद्योग, कौशल विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हमारी सरकार गांव, गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हमारा लक्ष्य केवल रोजगार के आंकड़े बेहतर करना नहीं, बल्कि युवाओं को सम्मानजनक अवसर, बेहतर आय और आत्मनिर्भरता से जोड़ना है। हमारी सरकार का संकल्प है कि छत्तीसगढ़ का प्रत्येक युवा, किसान, महिला और श्रमिक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े तथा प्रदेश में विकास और रोजगार के नए अवसर लगातार सृजित होते रहें।

प्रति एकड़ केवल एक बोरी यूरिया देना किसान विरोधी फैसला- कांग्रेस

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा किसानों को एक एकड़ में केवल एक बोरी यूरिया खाद देने का निर्णय पूरी तरह किसान विरोधी, तुगलकी एवं कृषि व्यवस्था को बर्बाद करने वाला फैसला है। उन्होंने कहा, कांग्रेस सरकार के समय किसानों को खाद-बीज की कभी कमी नहीं होने दी गई। किसानों को आवश्यकता अनुसार खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाता था। भाजपा सरकार बनने के बाद किसानों को खाद के लिए भटकना पड़ रहा है। समितियों में लंबी कतारें लग रही हैं, किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया नहीं मिल रहा है और अब सरकार प्रति एकड़ केवल एक बोरी यूरिया देने जैसा हास्यास्पद नियम लागू कर किसानों की खेती चौपट करने में लगी हुई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसानों के हितों की बात केवल मंचों और भाषणों में करती है, जमीनी स्तर पर किसान परेशान, ठगा हुआ और अपमानित महसूस कर रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण ने प्रदेश सरकार से तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराने तथा किसानों पर लगाए गए प्रतिबंधात्मक नियमों को वापस लेने की मांग की है। जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने रायपुर ग्रामीण जिले के समस्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि किसानों के हित में प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय में व्यापक आंदोलन एवं धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाए।

तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को 12.26 करोड़ की छात्रवृत्ति वितरित

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार वनांचल एवं तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है। इसी क्रम में नवा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप ने छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित द्वारा संचालित "छात्रवृत्ति योजना" अंतर्गत 8,631 प्रतिभावान विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से 12 करोड़ 26 लाख से अधिक की छात्रवृत्ति राशि वितरित की।

वन मंत्री केदार कश्यप ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा, उनके दिशा-निर्देश में राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और शिक्षा का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, वनांचल के बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा, राज्य शासन का उद्देश्य केवल लघु वनोपज संग्रहण तक सीमित नहीं है, बल्कि वनाश्रित परिवारों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना भी है। छात्रवृत्ति योजनाएं तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के बच्चों को आत्मविश्वास, अवसर और नई दिशा प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा, राज्य सरकार शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में गंभीरता से कार्य कर रही है, जिसका सीधा लाभ वनवासी एवं श्रमिक परिवारों को मिल रहा है। तेंदूपत्ता संग्रहण से भारतीय वन सेवा तक का सफर तय करने वाले अजय गुप्ता आज हजारों विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन चुके हैं। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजना से मिली आर्थिक सहायता ने उनकी शिक्षा यात्रा को निरंतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सीमित संसाधनों और आर्थिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने अपनी स्कूल एवं कॉलेज शिक्षा पूरी की और आगे चलकर भारतीय वन सेवा जैसी प्रतिष्ठित सेवा में चयनित होकर प्रदेश का गौरव बढ़ाया। छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में लाभान्वित किया गया, जिनमें, मेधावी छात्र पुरस्कार योजना, प्रतिभाशाली छात्रों हेतु शिक्षा प्रोत्साहन योजना, व्यावसायिक शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति योजना, गैर-व्यावसायिक शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति योजना शामिल हैं। इन योजनाओं के माध्यम से कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ व्यावसायिक एवं गैर-व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। मेधावी योजना में 1,639 लाभार्थी को 44.85 लाख, प्रतिभाशाली योजना 6,133 लाभार्थी को 11.39 करोड़, व्यावसायिक शिक्षा छात्रवृत्ति योजना में 71 लाभार्थी, को 6.15 लाख और गैर-व्यावसायिक शिक्षा छात्रवृत्ति योजना में 788 लाभार्थी को 35.72 लाख। इस प्रकार कुल 8,631 विद्यार्थियों को 12,26,07,500 की राशि स्वीकृत एवं वितरित की गई।

Kushabhau Thakre Patrakarita Avam Jansanchar Vishwavidyalaya

University of Journalism & Mass Communication
Kathadih (Bhatagaon), Raipur- 492013, Chhattisgarh.

Admission Notice 2026

Applications are invited for -

Under Graduate Courses (Honours)
BA (Mass Communication)
BA (Electronic Media)
BBA (Bachelor of Business Administration)

Post Graduate Diploma Courses
Journalism
PGDPCR/Rakshak
PGDCA
DCA

Post Graduate Courses
MJ (Master of Journalism)
MA (Advertising and Public Relations)
MA (Mass Communication)
MA (Electronic Media)
MBA (Hospital Administration)
MBA (Media Management)
MBA (Human Resource Development)
MA (Hindi)
MA (Chhattisgarhi)
MSW
B.Lib & I.Sc, M.Lib & I.Sc

Bus Facility Available

For Course Curriculum please contact the respective Heads of Department.
For more information regarding online applications and admissions, please visit the university **website: www.ktujm.ac.in.**

Registrar

Help Desk Contact No.: Dr Anil Shukla -7869083861, Dr. Kapil Prajapati 9644335553

बिलासपुर

बुधवार 13 मई 2026

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष एकादशी

वर्ष : 26, अंक : 52

पृष्ठ : 12+8+8 = 28 मूल्य : 4.00***

मौसम

अधि. 41.0

न्यून. 28.1

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

दस साल बाद बदला पदनाम...

सिस्टर नहीं, अब कहलाएंगी सीनियर नर्सिंग ऑफिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की घोषणा

अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर दस साल बाद पदनाम में बदलाव की घोषणा हुई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने घोषणा की है कि अब नर्सिंग सिस्टर अब सीनियर नर्सिंग ऑफिसर तथा स्टाफ नर्स का नाम नर्सिंग ऑफिसर होगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि नर्स स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं, जो समर्पण भाव से मरीजों की देखभाल कर उन्हें नया जीवन देने का काम करती हैं। पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय ▶▶|शेष पेज 8 पर

संस्थानों को अपने कचरे का कराना होगा वार्षिक ऑडिट

सरकार ने तय किए 'कचरा सेठ', जहां रोज निकल रहा 100 किलो कूड़ा, वहां कराना होगा आडिट, तय होगी जिम्मेदारी, जुर्माना भी

जिया कुरैशी ▶▶|रायपुर

हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ में अगर किसी के पास 20 हजार वर्ग मीटर से अधिक का भवन है तो जाहिर है वह इस भवन का सेठ होगा, लेकिन सरकार की नजर में उसे कचरा सेठ माना जाएगा क्योंकि इतने बड़े भवन से वह रोजाना बड़े पैमाने पर कचरा भी निकालेगा। जहां पानी की खपत 40 हजार लीटर से अधिक हो रही है, वह भी कचरा पैदा कर रहा है। यही नही, अगर किसी जगह से रोजाना 100 किलो ठोस कचरा निकाला जा रहा है तो वह भी थोक अपशिष्ट उत्पादक यानी कचरा सेठ माना जाएगा। अब इन सब की ▶▶|शेष पेज 8 पर

कौन माना जाएगा 'थोक अपशिष्ट उत्पादक?

सरकार ने स्पष्ट परिभाषा तय की है ताकि किसी भी तरह का भ्रम न रहे। जितने मानदंड तय किए गए हैं, उनमें से कोई भी एक मानदंड पूरा करने वाली इकाई इस श्रेणी में आएगी। क्षेत्रफल- 20,हजार वर्ग मीटर या उससे अधिक का भवन क्षेत्र। पानी की खपत- प्रतिदिन 40,हजार लीटर से अधिक पानी का उपयोग। कचरे की मात्रा- प्रतिदिन 100 किलो से अधिक ठोस अपशिष्ट का उत्पादन।

नए नियम लागू, 'थोक अपशिष्ट उत्पादकों' पर कसेगा शिकंजा

जियो टैगिंग और ऑनलाइन मैपिंग

प्रबंधन को आधुनिक बनाने के लिए प्रशासन अब तकनीक का सहारा ले रहा है। चिन्हांकित किए गए सभी थोक अपशिष्ट उत्पादकों के डेटा की जियो टैगिंग की जाएगी। इसके साथ ही, आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा एक समर्पित पोर्टल विकसित किया जा रहा है, जहाँ इन सभी इकाइयों की ऑनलाइन मैपिंग की जाएगी।

मंगल को अमंगल

दो बड़े हादसों से दहला छत्तीसगढ़

कुम्हारी में सिलेंडर ब्लास्ट, चार जिंदा जले दल्ली राजहरा में मिट्टी धंसी, तीन जमींदोज

कुम्हारी/बालोद। मंगलवार को दो बड़े हादसों ने छत्तीसगढ़ को झकझोर दिया। पहला हादसा रायपुर के नजदीक कुम्हारी के ग्राम खपरी में हुआ। यहां आगजनी के बाद सिलेंडर ब्लास्ट में चार की मौत हो गई। दूसरी दुर्घटना बालोद के दल्ली राजहरा की है, जहां सिवरेज में पाइप लाइन बिछाने के दौरान मिट्टी धंसी और तीन श्रमवीर उसमें समा गए। इन दोनों बड़े हादसों से घटनास्थल के आसपास अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

शार्ट सर्किट से आग, फिर सिलेंडर फूटा, बचने का नहीं मिला मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

कुम्हारी के खपरी गांव में मंगलवार को बिजली पोल के शार्ट सर्किट की वजह से मकान में आग लग गई। मकान के अंदर चार भरे सिलेंडर फट गए, जिससे पिता, दो बेटियां और डेढ़ साल की मासूम बच्ची की जिंदा जलने से मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही मौके पर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, कलेक्टर, एसएसपी भी पहुंचे। चारों के शव को मकान से बाहर निकाला गया। शव को पीएम के लिए मरचूरी भेजा गया। फिलहाल पुलिस टीम जांच में जुटी हुई है। पुलिस के मुताबिक ग्राम ▶▶|शेष पेज 8 पर

मृतक परिजनों को दिया जाएगा मुआवजा

हादसा में मृत परिवारों को सीएम की ओर से 5-5 लाख रुपए देने की घोषणा की गई है। जिला प्रशासन के तरफ से भी मुआवजा राशि दी जानी है। घटना दुखद है। कलेक्टर को जांच कर हादसे का सही कारण पता लगाने को कहा गया है।

-श्याम बिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

पाइप लाइन का चल रहा था काम, भरभराकर धंसी मिट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|बालोद

दल्लीराजहरा के फुटबॉल ग्राउंड के पास निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी धंसने से 3 मजदूर नाली में दब गए। घटना के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तीनों मजदूरों की मौत की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार बीएसपी की सीवरेज पाइपलाइन विस्तार परियोजना के तहत कार्य ▶▶|शेष पेज 8 पर

दो करोड़ की हेरोइन के साथ पंजाब के दो तस्कर व तीन खरीददार हिरासत में

- दूध की बोतल में भरकर लाए थे नशे का सामान
- रेलवे स्टेशन के बाहर की जा रही थी डिलिवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|बिलासपुर

तोरवा पुलिस ने अमृतसर पंजाब से दूध की बोतल में 50 ग्राम हेरोइन भरकर लाने वाले दो तस्करों और तीन खरीददारों को रेलवे स्टेशन के बाहर पकड़ लिया। जब्त हेरोइन की कीमत दो करोड़ रुपए बताई जा रही है। तस्करों जिस समय पकड़ा गया, उस समय वे हेरोइन की डिलिवरी कर रहे थे। पुलिस सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हालांकि पुलिस ने मामले का खुलासा नहीं किया है।

12 मई को तोरवा पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के पास कुछ संदिग्ध लोग मादक पदार्थ की खरीदी बिक्री करने के लिए एकत्रित हुए हैं। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखकर तस्कर व खरीददार भागने लगे। पुलिस ▶▶|शेष पेज 8 पर

दूध की बोतल में लेकर आए

दोनों तस्कर अलग अलग दो दूध की बोतल में हेरोइन भरकर पंजाब से ट्रेन के माध्यम से आसानी से शहर पहुंच गए और स्टेशन के बाहर निकलकर शहर के खरीददारों को उसे दे रहे थे। तस्कर ट्रेन से तो आसनी से शहर पहुंच गए, किन्तु बाहर में उनकी होशियारी धरी की धरी रह गई और सलाखों के पीछे पहुंच गए।

पाकिस्तान से तार जुड़ने की संभावना

आमतौर पर ड्रग्स की पाकिस्तान से भारत में सप्लाई की जाती है। संभावना जताई जा रही है कि पकड़े गए पंजाब के तस्कर पाकिस्तान से हेरोइन मंगाकर देश के अलग अलग हिस्सों में सप्लाई कर रहे थे। पूर्व में भी पुलिस ने पंजाब के एक ड्राइवर को ड्रग्स के साथ पकड़ा था। उस दौरान पाकिस्तान से ड्रग्स लाकर बेचने का खुलासा हुआ था।

ओपी ने छोड़ा प्रोटोकॉल, पायलटगाड़ी का नहीं करेंगे इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर पायलट, फॉलो गाड़ी या प्रोटोकाल का उपयोग नहीं करने का निर्णय लिया है। सोशल मीडिया पर श्री चौधरी ने घोषणा की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर मैंने स्थिति सामान्य होते तक कुछ अति अनिवार्य परिस्थितियों को छोड़कर कोई पायलट या फॉलो गाड़ी/प्रोटोकॉल उपयोग नहीं करने का निर्णय किया है।

उल्लेखनीय है ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे तनाव की वजह से दुनियाभर में तेल की कीमतें बढ़ी हैं। भारत अपनी जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है। तेल की कीमतें बढ़ने से देश पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। श्री मोदी ने लोगों से अपील की है कि पेट्रोल-डीजल का कम से कम इस्तेमाल करें। पीएम की अपील पर श्री चौधरी ने प्रोटोकाल के तहत इस्तेमाल होने वाली गाड़ियों की संख्या कम करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि अनिवार्य परिस्थितियों को छोड़कर वे फॉलो गाड़ियों का इस्तेमाल नहीं करेंगे। माना जा रहा है कि वित्तमंत्री की घोषणा के बाद बाकी मंत्री, निगम मंडल के अध्यक्ष और सरकारी अमला भी पेट्रोल-डीजल की बचत के लिए कम से कम गाड़ियों के उपयोग करेगा।

सरकारी मशीनरी में अनावश्यक ईंधन की खपत रोकने जारी होंगे दिशा-निर्देश

साय के संकेत, सरकारी वाहनों में पेट्रोल-डीजल की होगी कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में ईंधन संकट के बीच, राज्य सरकार ने मितव्ययता अपनाते हुए सरकारी वाहनों के लिए पेट्रोल-डीजल की खपत में कमी करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील और सुझावों को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ में सरकारी वाहनों के ईंधन खर्च में कटौती करने के स्पष्ट संकेत दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार जल्द ही पेट्रोल-डीजल के उपयोग को सीमित करने पर ठोस निर्णय लेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे प्रधानमंत्री मोदी के सुझावों पर पूरी तरह अमल करेंगे और सरकारी मशीनरी में अनावश्यक ईंधन की खपत को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण सप्लाई में ▶▶|शेष पेज 8 पर

इतनी पेट्रोल-डीजल की सीमा तय

वित्त विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, रायपुर में पदस्थ शासकीय अधिकारियों के वाहनों के लिए 250 लीटर, जबकि नवा रायपुर में 80 लीटर की मासिक सीमा तय है। मुख्यमंत्री और मंत्रियों के लिए 600 लीटर की मासिक सीमा तय है। ईंधन संकट को लेकर अब वाहनों की संख्या भी घटाने के निर्णय लिए जा सकते हैं।



मानसून समय से 4-6 दिन पहले दे सकता है दस्तक!



नई दिल्ली। मौसम विभाग के अनुसार, सप्ताह के अंत तक दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान सागर और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के कुछ इलाकों में मॉनसून की एंट्री हो सकती है। देश में मानसून तय समय से 4 से 6 दिन पहले दस्तक दे सकता है। आमतौर पर केरल में मानसून 1 जून तक पहुंचता है, लेकिन इस बार 25 से 27 मई के बीच केरल तट पर पहुंचने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान परिस्थितियां दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर में पहुंचने के लिए बेहद अनुकूल बन रही हैं। बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में एक कम दबाव का क्षेत्र यानी लो प्रेशर एरिया बन गया है। जो अगले कुछ घंटों में और अधिक मजबूत होने की संभावना है। इस सिस्टम के प्रभाव से दक्षिण भारत के कई राज्यों में बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी, साथ ही इस सिस्टम से मॉनसून उत्तरी दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां तेजी से अनुकूल होती जा रही हैं। सप्ताह के अंत तक दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान सागर और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के कुछ इलाकों में मॉनसून की एंट्री हो सकती है।

कई दिग्गज कोर ग्रुप की बैठक से रहे दूर

छत्तीसगढ़ के भाजपा कोर ग्रुप से मोहले, नेताम बृजमोहन, उसेंडी, गौरीशंकर और रेणुका बाहर

ये हुए इन

विजय शर्मा | ओपी चौधरी | लता उसेंडी | अमर अग्रवाल | शिव रतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के दिग्गज नेता पूर्व मंत्री और सांसद बृजमोहन अग्रवाल भाजपा के कोर ग्रुप से बाहर कर दिए गए हैं। इसके साथ ही पुन्नूलाल मोहले, रामविचार नेताम, बृजमोहन अग्रवाल, विक्रम उसेंडी, गौरीशंकर अग्रवाल, रेणुका सिंह को भी बाहर कर दिया गया है। भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति बुधवार को होने वाली है। इसके पहले मंगलवार को भाजपा कोर ग्रुप की बैठक रखी गई। इस बैठक में कोर ग्रुप के बाकी सदस्यों को बुलाया गया, लेकिन कई दिग्गजों को नहीं बुलाया गया। इस मामले में बृजमोहन अग्रवाल ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा, उनको कोर ग्रुप की बैठक के बारे में कोई सूचना नहीं है, इसलिए मैं नहीं जा रहा हूं। छत्तीसगढ़ बनने के बाद भाजपा के प्रदेश संगठन में हमेशा से ही कोर ग्रुप में विधायक और मंत्री रहते हुए बृजमोहन अग्रवाल का नाम रहा है। इस समय भी कोर ग्रुप के सदस्यों में उनका नाम है। हमेशा से ही श्री अग्रवाल को भाजपा ▶▶|शेष पेज 8 पर

मैं अभी भी कोर ग्रुप का सदस्य

हरिभूमि ने बृजमोहन अग्रवाल से कोर ग्रुप की बैठक को लेकर बात की तो उन्होंने बताया मैं अभी दिल्ली से लौटा हूं, मुझे कोर ग्रुप की बैठक की कोई जानकारी नहीं है, इसलिए मैं नहीं जा रहा हूं। उन्होंने बताया वे अभी कोर ग्रुप के सदस्य हैं और हमेशा भाजपा के कोर ग्रुप में रहे हैं।

चिंतन

नीट परीक्षा की शुचिता पर फिर उठे सवाल

मंथन

मनोज कुमार अग्रवाल

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 का रद्द होना केवल एक परीक्षा का स्थगन नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा की शुचिता पर उठा बड़ा सवाल है। हरियाणा के गुरुग्राम, बिहार के नालंदा और राजस्थान के सीकर से सामने आए तथ्यों ने पूरे देश को चौंका दिया। फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के 300 से अधिक प्रश्न हाथ से लिखे गए एक कथित 'क्वेश्चन बैंक' में मिले, जिनमें से करीब 150 सवाल हूबहू नीट परीक्षा में पूछे गए। यह कोई संयोग नहीं हो सकता। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि किसी कोचिंग सामग्री या संभावित प्रश्न बैंक से कुछ प्रश्न मिल जाना सामान्य बात हो सकती है, लेकिन 720 में से लगभग 600 अंकों के प्रश्न एक ही स्रोत से आ जाना सीधे-सीधे संगठित फर्जीवाड़े की ओर इशारा करता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर देश की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली परीक्षा में यह सेंध लगी कैसे? एनटीए वर्षों से दावा करता रहा है कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन, जीपीएस ट्रैकिंग, एआई-आधारित मॉनिटरिंग और 5जी जैमर जैसी अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन जब परीक्षा से पहले ही कथित प्रश्नपत्र व्हाट्सएप ग्रुपों में घूमने लगें, तो यह तकनीकी दावों की पोल खोल देता है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि खतरा परीक्षा केंद्रों पर बैठा छात्र नहीं, बल्कि वह "घर का भेदी" है जो प्रिंटिंग प्रेस, डेटा सिस्टम या एजेंसी के भीतर बैठकर पूरी व्यवस्था को बेच रहा है। नीट परीक्षा का रद्द होना लाखों छात्रों के लिए मानसिक आघात है। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने दो-दो साल तक कोचिंग में दिन-रात मेहनत की, जिन्होंने परिवार की आर्थिक सीमाओं के बावजूद सपनों को जिंदा रखा, आज वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। परीक्षा रद्द होने का अर्थ केवल दोबारा परीक्षा देना नहीं होता; इसका मतलब है तनाव, अवसाद, आर्थिक बोझ और भविष्य की अनिश्चितता। ग्रामीण और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए यह पीड़ा और भी बड़ी है, क्योंकि उनके लिए हर अतिरिक्त महीना आर्थिक दबाव लेकर आता है। यह भी सच है कि इस पूरे भ्रष्ट तंत्र को केवल परीक्षा एजेंसी की कमजोरी ने जन्म नहीं दिया। निजी मेडिकल कॉलेजों की करोड़ों की फीस, कोचिंग उद्योग का अरबों का कारोबार और सरकारी सीटों की सीमित संख्या ने एक ऐसा बाजार खड़ा कर दिया है, जहां सफलता को मेहनत से ज्यादा "मैनेजमेंट" से जोड़कर देखा जाने लगा है। जब एक मेडिकल सीट की कीमत करोड़ों में पहुंच जाती है, तब पेपर लीक माफिया के लिए यह सबसे लाभकारी धंधा बन जाता है। पिछले कुछ वर्षों में लगभग हर बड़ी भर्ती और प्रवेश परीक्षा पर सवाल उठे हैं। कभी एसएससी, कभी रेलवे भर्ती, कभी शिक्षक पात्रता परीक्षा और अब नीट। हर बार जांच समितियां बनती हैं, कुछ गिरफ्तारी होती हैं, लेकिन सिस्टम जस का तस बना रहता है। यदि सरकार वास्तव में परीक्षा माफिया को खत्म करना चाहती है, तो उसे केवल निचले स्तर के दलालों को पकड़ने से आगे बढ़ना होगा। उन अधिकारियों, तकनीकी कर्मचारियों और संस्थागत नेटवर्क तक पहुंचना होगा जो इस पूरे खेल को संरक्षण देते हैं। अब समय केवल बयानबाजी का नहीं, कठोर सुधारों का है। परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह विकेंद्रीकृत और पारदर्शी बनाना होगा। प्रश्नपत्र निर्माण से लेकर प्रिंटिंग और वितरण तक हर चरण की स्वतंत्र ऑडिटिंग होनी चाहिए। संवेदनशील जिम्मेदारियों में शामिल कर्मचारियों की जवाबदेही तय हो और दोष सिद्ध होने पर कठोर सजा मिले। साथ ही, परीक्षा प्रणाली को तकनीक पर निर्भर बनाने के साथ-साथ मानव निगरानी और नैतिक जवाबदेही भी मजबूत करनी होगी।

नाजुक वक्त में काबिले गौर है पीएम की सलाह

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के अवरुद्ध होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने में भारत सरकार का कुशल प्रबंधन दुनिया के प्रभावित देशों के लिए एक मिसाल बन गया है, लेकिन मौजूदा समय में अमेरिका और इजराइल-ईरान के बीच जो हालात बने हैं उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि फिलहाल होर्मुज स्ट्रेट मार्ग निर्बाध खुलने की संभावना नहीं है, जिसके चलते सरकार को उर्जा संकट से निपटने के लिए मौजूदा संसाधनों की समीक्षा और उर्जा जरूरतों के प्रबंधन की दीर्घकालिक नीति बनानी पड़ रही है। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी ने आमजन से यह सात सूत्रीय अपील की है। जो देश को ऊर्जा संकट से बचा सकती है।

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हैदराबाद के संबोधन में देशवासियों को ऊर्जा संकट के इस दौर में ऊर्जा सुरक्षा संयमित उपयोग कर कर्तव्य बोध के प्रति जागरूक किया है। पीएम की इस 7 सूत्री अपील में न सिर्फ आम जन के बीच संकट की हालत में मनोबल और विश्वास बने रहने की प्रेरणा है साथ ही संकट से निपटने का मूलमंत्र भी है। सरकार वैश्विक संकट के इस दौर में नागरिकों के लिए सुरक्षा कवच बनकर डटी रही आयातित तेल पर भारी दाम वृद्धि को सरकार ने 24 से 30 रुपये प्रति लीटर भार वहन किया है पैट्रोल पर उत्पाद शुल्क 13 रुपये से घटित कर तीन रुपये लीटर कर दिया, जबकि डीजल पर उत्पाद शुल्क खत्म कर दिया है। आपको पता है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के अवरुद्ध होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने में भारत सरकार का कुशल प्रबंधन दुनिया के प्रभावित देशों के लिए एक मिसाल बन गया है लेकिन मौजूदा समय में अमेरिका और इजराइल-ईरान के बीच जो हालात बने हैं उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि फिलहाल होर्मुज स्ट्रेट मार्ग निर्बाध खुलने की संभावना नहीं है। जिसके चलते सरकार को उर्जा संकट से निपटने के लिए मौजूदा संसाधनों की समीक्षा और उर्जा जरूरतों के प्रबंधन की दीर्घकालिक नीति बनानी पड़ रही है पूर्व तक यह अनुमान था कि होरमुज मार्ग का विवाद जल्द सुलझ जाएगा और स्थिति पूर्ववत सामान्य हो जाएगी लेकिन अब ऐसा नहीं है।

आपको बता दें कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा व्यापार के लिए सबसे महत्वपूर्ण संकीर्ण मार्ग है, जिससे भारत अपनी 90 फ़ीसदी से अधिक एलपीजी और लगभग 40 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। ऐसी विषम परिस्थितियों में, जब दुनिया भर में ईंधन की भारी कमी और कीमतों में आग लगने का अंदेशा था, भारत सरकार ने दूरदर्शिता, कूटनीतिक कुशलता और त्वरित रणनीतिक निर्णयों से देश में ऊर्जा की सुव्यवस्था बनाए रखी बल्कि आम जनता पर बढ़ी कीमतों का भार भी नहीं बढने दिया। संकट का संकेत मिलते ही भारत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के विजन को क्रियान्वित करते हुए न केवल वैकल्पिक स्रोत तलाशे बल्कि घरेलू संसाधनों को भी मजबूत किया। भारत सरकार के कुशल प्रबंधन और कूटनीतिक संबंधों की बदौलत देश ने उस समय भी डीजल पेट्रोल और एलपीजी की कोई दिक्कत नहीं होने दी जब की देशों में बेहद परेशानी और किल्लत खड़ी हो गई थी स्पेन मिस्र श्रीलंका दक्षिण कोरिया फिलीपींस जापान पाकिस्तान बांग्लादेश आदि में वहां की सरकारों ने ईंधन राशनिंग, वर्क फ्रॉम होम, फ्यूल पास, स्कूल बंद जैसे अनेक प्रतिबंध भरे कदम उठाए लेकिन भारत सरकार की सूझ-बूझ और प्लानिंग के चलते ईंधन राशनिंग नहीं हुई, स्कूल बसों, वाहनों व परिवहन यातायात की गाड़ियों को मांग के अनुरूप फ्यूल मिलते रहने से कोई स्कूल बंदी नहीं हुई और न ही कोई दफ्तर बन्द करने पड़े। तमाम दफ्तर सामान्य तौर पर कार्यरत रहे जिससे कोई वर्क-फ्रॉम-होम निर्देश पारित करने की नौबत नहीं आने पाई। देश भर में खुदरा ईंधन की स्थिर आपूर्ति बनाए रखी गई। यह सब त्वरित सरकारी हस्तक्षेप से संभव हो पाया है। एलपीजी और घरेलू आपूर्ति संरक्षण व्यवधान के 8 दिनों के भीतर सरकार ने एलपीजी नियंत्रण आदेश जारी किया रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने का निर्देश दिया गया। घरेलू एलपीजी उत्पादन को 36,000

टन प्रति दिन से बढ़ाकर 54,000 टन प्रतिदिन कर दिया गया जो लगभग 50 फीसद की वृद्धि है। 9 दिनों के भीतर प्राकृतिक गैस आपूर्ति विनियमन आदेश जारी किया गया। पीएनजी घरेलू उपभोक्ताओं और सीएनजी सार्वजनिक परिवहन को 100 फीसदी आवंटन के साथ संरक्षित किया गया। सरकार द्वारा सार्वजनिक आपूर्ति बनाए रखने के लिए औद्योगिक आवंटन को भी सुचारू और युक्तिसंगत बनाए रखा। भारत सरकार द्वारा रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, पश्चिम बंगाल, अफ्रीका, अटलांटिक बेसिन से त्वरित संपर्क स्थापित कर ईंधन आपूर्ति की व्यवस्था की गई। भारत में एलपीजी की मांग लगभग 90,000 टन की प्रतिदिन की है जिसे वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल के माध्यम से 70 से 75000 टन प्रतिदिन कर दिया गया है। भारत में घरेलू उत्पादन बढ़कर 54000 टन प्रतिदिन होने से शेष आयात की आवश्यकता घटकर 20,000 टन प्रतिदिन की रह गई है। सरकार द्वारा आठ लाख टन कार्गो पहले ही सुरिक्षत किए जा चुके हैं, जिससे आज हमारे पास चालीस दिनों का अग्रिम भंडार उपलब्ध है। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती घरेलू रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना था। इस कठिन समय में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा की गई पहल के तहत, सरकार ने पनामा नहर जैसे वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करते हुए अमेरिका, रूस, ऑस्ट्रेलिया और पश्चिम अफ्रीका से तेल और गैस आयात के लिए वैकल्पिक इंतजाम किए। इसके साथ ही, सरकार ने देश के रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का बुद्धिमानी से उपयोग किया, जो भारत को अल्पावधि के लिए वैश्विक आपूर्ति झटकों से बचाते हैं। सरकार के इस कदम ने न केवल बाजार को स्थिरता प्रदान की, बल्कि ईंधन की कीमतों में अत्यधिक उछाल को रोकने में भी मदद की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने पश्चिम एशियाई देशों, विशेषकर सऊदी अरब, यूएई और ईरान के साथ निरंतर कूटनीतिक संवाद बनाए रखा इस के चलते होर्मुज संकट के बावजूद भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही बनी रहे। भारत की कूटनीतिक सक्रियता का ही परिणाम था कि ईरान ने सशर्त रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने पर सहमति व्यक्त की, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति में पूरी तरह से ठहराव की स्थिति टल गई। संकट काल में सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा के मोर्चे पर भी बड़ी सफलता हासिल की। भारत ने 2030 के लक्ष्य से पहले ही, 2026 में अपनी गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से स्थापित बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि जीवाश्म ईंधन पर हमारी निर्भरता को कम कर ऊर्जा सुरक्षा को दीर्घकालिक मजबूती प्रदान करता है। सरकार को देश की प्रगति यानी जीडीपी की रफ्तार की गति बनाये रखने के लिए किसी दीर्घकालिक रणनीति के अवलम्बन की आवश्यकता होगी हाल ही मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा विदेशी मुद्रा और आर्थिक संकट से निपटने के लिए देशवासियों से कई महत्वपूर्ण अपीलें कीं। मौजूदा संकट से निपटने के लिए प्रधानमंत्री ने मुख्य सुझाव दिया है। पीएम ने नागरिकों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और सार्वजनिक परिवहन मैट्रो सिटी बस या इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिक उपयोग करने को कहा।विदेशी मुद्रा भंडार बचाने के लिए, पीएम ने देशवासियों से कम से कम एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की।उन्होंने कोरोनकाल की तरह ही 'वर्क फ्रॉम होम' की व्यवस्था फिर से अपनाने को कहा, ताकि यात्रा कम हो और ईंधन बचे। यह न सिर्फ जरूरी है वरन देश के हर नागरिक को सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संकट से निपटने का संकल्प भी पैदा करने का प्रयास है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

नीट परीक्षा

बाल मुकुन्द ओझा

सपने व हौसले तोड़ रहीं पेपर लीक की घटनाएं

देशभर में परीक्षाओं में पेपर लीक के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पेपर लीक किसी राज्य विशेष का मामला नहीं है, अपितु यह देश की युवा आबादी के भविष्य से जुड़ा ज्वलंत विषय है। आज प्रतियोगी और भर्ती परीक्षाओं में शुचिता बनाए रखना किसी कठिनतम चुनौती से कम नहीं है। सरकारी नौकरी पाने का सपना हर शिक्षित युवा देखता है। इसके लिए वह सालों तक कड़ी मेहनत और रात दिन पढ़ाई करके परीक्षा में इस उम्मीद और विश्वास से बैठता है कि उसे सफल होना है, लेकिन पेपर लीक की घटनाएं ऐसे अभ्यर्थियों का सपना और हौसला तोड़ देती हैं। पेपर लीक के कारण आयोग्य उम्मीदवार बाजी मार कर शासनतंत्र का हिस्सा बन जाता है। भर्ती परीक्षाओं में सरकारी लापरवाही का खामियाजा बेरोजगारों को वर्षों से भुगतना पड़ रहा है। ताज़ा प्रकरण नीट यूजी 2026 परीक्षा से जुड़ा सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पेपर लीक और परीक्षा में अनियमितताओं के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने 3 मई 2026 को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा को रद्द कर दिया है। केंद्र सरकार ने मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। 22 लाख से अधिक कैंडिडेट्स ने एग्जाम दिया था। राजस्थान के सीकर से नीट यूजी 2026 पेपर लीक का मामला सामने आया है। जांच में सामने आया कि इस गेस पेपर के कई सवाल असली परीक्षा से मिल रहे थे। बताया जा रहा है कि 720 नंबर की परीक्षा में करीब 600 नंबर के सवाल पहले से छात्रों तक पहुंच गए थे। यह कथित क्वेश्चन बैंक एक एमबीबीएस छात्र ने अपने दोस्त को भेजा था, जिसके बाद यह अलग-अलग लोगों तक फैल गया। राजस्थान एसओजी ने इस मामले में एक्शन लेते हुए देहरादून, सीकर और झुंझुनू से 13 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इससे पूर्व साल 2021 की सब-इंस्पेक्टर और प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा को राजस्थान हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस फैसले को बरकरार रखा। कोर्ट ने माना कि भर्ती प्रक्रिया में बड़े स्तर पर धांधली और सिस्टमेटिक पेपर लीक हुआ था। मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग यानी आरपीएससी के एक सदस्य की गिरफ्तारी भी हुई थी। अब ये परीक्षा दोबारा करवाई जा रही है। इसी बीच नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में भारी हंगामा मच गया है। परीक्षा रद्द होने के बाद छात्रों का गुस्सा और बढ़ गया है। प्रदर्शन और आंदोलन भी शुरू हो गया है। नेताओं ने बयान बाजी शुरू कर दी है। अच्छे भविष्य के लिए लाखों युवाओं के लिए सरकारी नौकरियां किसी सपने से कम नहीं होती। सालों की मेहनत करने के बाद मिलने वाला एक मौका उनकी जिंदगी बदल सकता है। लेकिन क्या हो जब उनकी मेहनत पर पेपर लीक का दाग लग जाए? पेपर लीक की इस महामारी में सरकारी कर्मचारी शिक्षक अपराधी माफिया, कोचिंग सेंटर, आदि शामिल हैं। विभिन्न प्रदेशों में दर्जनों संगठित गिरोह सक्रीय है जिन्होंने पेपर लीक का ठेका ले रखा है। इन गैंगों ने मोटी राशि वसूलकर पेपर बेचने का आपराधिक कार्य किया। अनेक सरगना और और परीक्षार्थी पुलिस की पकड़ में है जिनसे गहरी पूछताछ की जा रही है। पेपर लीक की समस्या से जूझ रहे कई राज्यों में से राजस्थान भी एक है। राजस्थान में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक होने का सिलसिला कई सालों से चल रहा है। पिछले कांग्रेस शासनकाल में यह कार्य धड़ल्ले से चला। पेपर लीक प्रदेश के युवाओं के लिए अभिशाप बन गया है। इससे न सिर्फ भविष्य निर्माण के कीमती वर्ष बर्बाद हो रहे हैं बल्कि उनके परिवारों पर भी आर्थिक और मानसिक बोझ पड़ रहा है। प्रदेश में पेपर लीक होने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। जिस वजह से एग्जाम को रद्द करना पड़ता है और ऐसे छात्रों के भविष्य पर भी असर पड़ता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इससे पूर्व आरएस भर्ती 2013 में प्री-एग्जाम का रिजल्ट आने के बाद पता चला कि पेपर पहले ही बाहर था, जिसकी वजह से पूरी परीक्षा रद्द हुई। कांस्टेबल भर्ती 2018 और 2022 दोनों ही बार पुलिस की अपनी ही परीक्षा का पेपर लीक हुआ था। जेईएन सिविल भर्ती 2020 में पेपर लीक का मामला इतना बढ़ा कि बोर्ड के अध्यक्ष को अपने पद से इस्तीफा तक देना पड़ गया था। लाइब्रेरियन भर्ती 2018 में नकल गिरोह के तार शेखावाटी तक फैले मिले और परीक्षा को बीच में ही निरस्त करना पड़ा। एलडीसी भर्ती 2013 में पेपर आउट होने की वजह से जो भर्ती चंद महीनों में होनी थी, उसे पूरा होने में 3 साल लग गए। आरपीएमटी 2014 में सवालों में भारी गड़बड़ी और लीक के आरोपों के बाद इस मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम को भी रद्द करना पड़ा था।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई

संकलित

दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हम सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

दो अनमोल हीरे



संकलित

प्रेरणा

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊंट दिखाई पड़ा। व्यापारीव्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुँचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊंट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट ख़रीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊंट बेचने वाला बहुत ख़ुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊंट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख़ लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

अंतर्मन

आज की पाती

पश्चिम बंगाल में हिंसा क्यों

हाल ही में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव परिणाम आया है, और इसके बाद यहां हिंसा का सिलसिला शुरू हो गया। चुनाव के बाद यहां हिंसा का सिलसिला पुराना है, वर्ष 2011, 18, 19, 21 और अब 2026 के विधानसभा चुनाव के बाद भी ऐसा हो रहा है। इस हिंसा का कारण कहीं हारे हुए राजनीतिक दलों का बौखलाना तो नहीं? अगर ऐसा है तो यह सरासर गलत है और लोकतंत्र को कलंकित करने वाला है। लेकिन सवाल तो यह है कि इतनी सुरक्षा के बाद भी यहां हिंसा क्यों हो रही है? यहां से समय-समय पर हिंसा की ऐसी खबरें सुर्खियों में आती हैं जो लोकतंत्र को कटघरे में खड़ा करती हैं, साथ ही वहां की कानून व्यवस्था की भी पोल खोलती हैं। इस हिंसा पर त्वरित रूप से रोक लगनी चाहिए। – *प्रवीण अग्रवाल, राजनांदगांव*

ट्रेंड

हिमंत व मंत्रियों को शुभकामनाएं

मैं असम के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने पर हिमंत विश्व सरमा को और मंत्रियों के रूप में शपथ ग्रहण करने पर रामेश्वर तेली, अतुल बोरा, चरण बोरो और अजंता नियोग को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। भाजपा की डबल इंजन की सरकार असम के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ेगी।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री

युवाओं के सपने कुचले

नीट 2026 की परीक्षा रद्द हो गई। 22 लाख से ज्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग व सपनों को इस भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया। लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर पढ़ाई की और बदले में मिला-पेपर लीक, सरकारी लापरवाही व शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार। **-राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद

विश्वास पर बड़ा आघात

जब परीक्षाओं की शुचिता से समझौता होता है, तो यह केवल एक चूक नहीं, बल्कि उन लाखों अभ्यर्थियों के साथ विश्वासघात है जिन्होंने अनुशासन के साथ पढ़ाई की, सुख-सुविधाओं का त्याग किया और तैयारी के लिए रातों की नींद गंवाई।
-नवीन पटनायक, नेता प्रतिपक्ष, ओडिशा

निजी स्कूल मनमानी न करें

निजी स्कूलों को फीस संरचना का पूरा विवरण सार्वजनिक करना होगा। फीस और अन्य शुल्कों में मनमानी तथा अनुचित वृद्धि पर पूरी तरह रोक रहेगी। अभिभावकों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। वर्दी और किताब किसी भी दुकान से खरीद सकेंगे।
-सम्राट चौधरी, सीएम बिहार

करंट अफेयर

अब कैमरून करेंगे 'फेमा' का नेतृत्व

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कैमरून हैमिल्टन को संघीय आपात प्रबंधन एजेंसी (फेमा) का नेतृत्व करने के लिए नामित किया। पूर्व नौसेना सील हैमिल्टन की यह एक आश्चर्यजनक वापसी है। उन्हें पिछले साल फेमा के अस्तित्व का बचाव करने के बाद इसके कार्यवाहक प्रमुख के पद से बर्खास्त कर दिया गया था। उन्हें नामित करने के साथ ही ट्रंप प्रशासन ने फेमा को भंग करने के अपने वादों से पीछे हटने के संकेत देना शुरू कर दिया है। फेमा एक ऐसी एजेंसी है जिसकी राष्ट्रपति द्वारा कड़ी आलोचना की गई है।

हैमिल्टन ने तर्क दिया था कि फेमा को समाप्त करना देश के हित में नहीं है और अब उन्हें नामित किया जाना इस बदलाव के नवीनतम संकेत हैं। हैमिल्टन की नियुक्ति हो जाने के बाद वह ट्रंप और आपात प्रबंधन पर गृह सुरक्षा सचिव मार्कवेन मुलिन के मुख्य सलाहकार होंगे तथा ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में फेमा के पहले स्थायी प्रशासक होंगे। ट्रंप ने सोमवार को ही डेविड कमिंस को परिवहन सुरक्षा प्रशासन (टीएसए) का प्रमुख नामित किया। कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने के कारण टीएसए को पिछले कुछ महीनों से उथल-पुथल का सामना करना पड़ रहा है और देश भर के हवाई अड्डों पर सुरक्षा कतारें लंबी होती जा रही हैं।

ऑफ बीट

'डिजिटल डिटॉक्स' क्या है, क्या इससे सेहत बेहतर हो सकती है

क्या आप हर समय स्क्रीन देखते रहते हैं? आज के समय में ईमेल भेजने से लेकर खाना ऑर्डर करने तक, लगभग हर काम के लिए लोग तकनीक पर निर्भर हैं। लेकिन लगातार ऑनलाइन जुड़े रहना शारीरिक और मानसिक थकान का कारण बन सकता है। इसी वजह से कुछ लोग डिजिटल डिटॉक्स अपना रहे हैं। इसका मतलब है एक निश्चित अवधि तक मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल उपकरणों से दूरी बनाना। यह अवधारणा ऑनलाइन तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इसके समर्थक एनालॉग लाइफस्टाइल के स्वास्थ्य लाभों का प्रचार कर रहे हैं। कुछ लोग बेहतर स्वास्थ्य और खुशी पाने के उद्देश्य से महंगे डिजिटल रिट्रीट कार्यक्रमों में भी हिस्सा ले रहे हैं। हालांकि सवाल यह है कि क्या 'डिजिटल डिटॉक्स' वास्तव में असरदार है या सेहत की बात करने वाला एक और चलन भर है। इसी तरह डिजिटल डिटॉक्स का उद्देश्य तकनीक से कुछ समय के लिए दूरी बनाना, कम व्यवधानों के साथ जीवन का अनुभव करना और ऑफलाइन रिश्तों को मजबूत करना है। ऑस्ट्रेलिया में युवा औसतन रोजाना नौ घंटे स्क्रीन देखते हैं। शोध बताते हैं कि वयस्क भी इससे बहुत पीछे नहीं हैं। 45 से 64 वर्ष आयु वर्ग के ऑस्ट्रेलियाई प्रतिदिन करीब छह घंटे स्क्रीन पर बिताते हैं।



हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

नीट पेपर लीक मामले में जांच एजेंसियों के रडार पर राजस्थान का सीकर

'गेस पेपर'का नाम देकर कई कोचिंग सेंटर में पढ़ाए गए प्रश्न

जांच में मिले संकेत कि प्रश्न सीधे प्रिंटिंग प्रेस या मूल पेपर सोर्स से हुए थे लीक | राजस्थान, केरल और दिल्ली कनेक्शन भी आया है सामने

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीट पेपर लीक मामले में राजस्थान का सीकर अब जांच एजेंसियों के रडार पर सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। सूत्रों के मुताबिक जांच में ऐसे संकेत मिले हैं कि सवाल सीधे प्रिंटिंग प्रेस या मूल पेपर सोर्स से लीक हुए थे। दावा है कि बायोलॉजी के सभी 90 और केमिस्ट्री के सभी 45 सवाल परीक्षा से पहले ही चुनिंदा लोगों तक पहुंच चुके थे। जांच एजेंसियों को शुरुआती पड़ताल में पता चला है कि इन सवालों को 'गेस पेपर' का नाम देकर सीकर के कई कोचिंग संस्थानों में पढ़ाया गया। मेधावी छात्रों को यह कहकर पेपर पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया कि 'इसी में से आएगा।' सूत्रों के मुताबिक एसओजी ने सीकर के एक कोचिंग संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की है।

जांच में एक नाम राकेश का सामने आया है, जो कथित तौर पर बड़े कोचिंग संस्थानों के सामने एमबीबीएस काउंसलिंग का काम करता था।

छात्रों के बीच 'यही आएगा' कहकर फैलाया गया

आरोप है कि उसने 30 हजार में पेपर अपने एक साथी को बेचा, जो केरल में एमबीबीएस का छात्र बताया जा रहा है। जांच में राजस्थान, केरल और दिल्ली कनेक्शन भी सामने आया है। आरोप है कि राजस्थान के एक हॉस्टल में रहने वाली लड़कियों तक भी यही पेपर पहुंचाया गया। छात्रों के बीच 'यही आएगा' कहकर इसे फैलाया गया। सूत्रों का दावा है कि लालच और आपसी बिक्री के कारण ही पूरा नेटवर्क खुला।

दिल्ली से एक फोन और सीकर में सर्कुलेशन

बताया जा रहा है कि आखिरी समय में छात्रों ने यही पेपर 5 हजार से 30 हजार तक में बेचना शुरू कर दिया था। जांच में नागौर कनेक्शन भी सामने आया है। जहां एक छात्र को कथित तौर पर 28 लाख में पेपर बेचे जाने की बात सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक नागौर का एक छात्र परीक्षा से चार दिन पहले सीकर पहुंचा था। पूछताछ में यह दावा भी सामने आया कि 'दिल्ली से फोन आया था कि पेपर आ गया है।' अब जांच एजेंसियों को शक है कि यह सिर्फ छात्रों या छोटे स्तर के कोचिंग नेटवर्क का मामला नहीं, बल्कि एक संगठित और मल्टी-स्टेट रैकेट हो सकता है। जांच का फोकस प्रिंटिंग प्रेस कर्मचारियों, पेपर ट्रांसपोर्ट चैन, कोचिंग संचालकों, एमबीबीएस काउंसलिंग नेटवर्क, हॉस्टल और छात्र नेटवर्क के साथ-साथ दिल्ली–सीकर–नागौर–केरल लिंक पर है। एसओजी अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड कौन है और असली सोर्स कहां है।

पेपर लीक नेटवर्क का नया 'अड्डा' सीकर

सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसियों का सबसे ज्यादा फोकस अब सीकर और जयपुर पर है। सीकर को पेपर लीक नेटवर्क का नया 'अड्डा' बनने की आशंका जताई जा रही है। कोटा के बाद सीकर तेजी से देश के बड़े कोचिंग हब के रूप में उभरा है। कोटा में एडमिशन घटने के बाद राजस्थान में बड़ी संख्या में छात्र सीकर की ओर आए, जिससे यहां कोचिंग कारोबार तेजी से बढ़ा। जांच एजेंसियों को शक है कि यह नेटवर्क कोचिंग संस्थानों और करियर काउंसलरों से जुड़ा हो सकता है। एमबीबीएस एडमिशन और काउंसलिंग कराने वाले लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। आरोप यह भी हैं कि इस बार कोई पारंपरिक 'गैंग' नहीं, बल्कि कोचिंग और काउंसलिंग नेटवर्क ही पेपर बेचने का माध्यम बना। सूत्रों के मुताबिक पेपर जयपुर से बाहर निकला और उसका सबसे बड़ा सर्कुलेशन सीकर में हुआ।

खबर संक्षेप

शुभेंदु पीए मर्डर केस सीबीआई करेगी जांच

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के

पर्सनल असिस्टेंट (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। सीबीआई ने केस अपने हाथ में लेते ही 7 मेंबर्स की स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई है। टीम की अगुआई डीआईजी रैंक के अधिकारी करेंगे। इस केस में अब तक बिहार और यूपी से 3 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को तीनों को नॉर्थ 24 परगना के बारासात कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया।

मोदी की अपील से गहरे आर्थिक संकट के संकेत

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि पीएम की मितव्ययिता की अपील दर्शाती है कि भारत में

उत्पन्न संकट केवल पेट्रोलियम उत्पादों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक आर्थिक संकट है, जो और गहरा होने जा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पीएम मोदी की उस अपील का उल्लेख किया, जिसमें पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच देशवासियों से संयम बरतने और ऊर्जा संसाधनों के समझदारीपूर्ण उपयोग की बात कही गई थी।

फ्लोर टेस्ट से पहले तमिलनाडु की सियासत में बड़ा उलटफेर

एआईडीएमके में फूट, 30 विधायक बागी विजय सरकार को समर्थन देने का ऐलान

तमिलनाडु की सियासत में बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है। अब सीएम विजय की पार्टी टीवीके को दो और पार्टियों का समर्थन मिल गया है। तमिलनाडु विधानसभा में फ्लोर टेस्ट से ठीक एक दिन पहले एआईडीएमके और एएमएमके के एक विधायक टीवीके को सपोर्ट देने की बात कही। एआईडीएमके के वरिष्ठ नेता सीवी शनमुगम के नेतृत्व में पार्टी के 30 विधायकों ने टीवीके को अपना समर्थन देने का ऐलान किया है। वहीं, टीटीवी दिनाकरण की पार्टी एएमएमके के विधायक कामराज ने भी कहा है कि वो विजय सरकार को समर्थन देंगे।

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु विधानसभा में मुख्यमंत्री विजय को बुधवार को अपना बहुमत (118 विधायक) साबित करना है। टीवीके ने (107 सीटें) कांग्रेस की 5 सीटों, वामपंथी दलों की दो-दो सीटों, वीसीके और मुस्लिम लीग की दो-दो सीटों के सहयोग से सरकार बनाई है। अब एआईडीएमके के 30 विधायकों के साथ आने से विजय सरकार को मजबूती मिल गई है और ये पूरी तरह सुरक्षित नजर आ रही है।

मुख्यमंत्री विजय को बुधवार को विधानसभा में साबित करना है बहुमत

एआईडीएमके में दो फाड़

टीवीके को समर्थन देने को लेकर सीवी शनमुगम ने बताया कि उनका इरादा पार्टी को तोड़ने का नहीं है, बल्कि वो 'जनता के जनादेश' का सम्मान कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जनता ने विजय को मुख्यमंत्री बनाने के लिए वोट दिया है, और हम उस जनादेश का सम्मान करते हैं।' बता दें कि हालिया चुनावों में एआईडीएमके को सिर्फ 47 सीटें मिली थीं। अब 30 विधायकों के टीवीके को सहयोग देने के बाद पार्टी प्रमुख एडप्पादी के. पलानीस्वामी के पास सिर्फ 17 विधायक रह गए हैं। शनमुगम ने बताया कि विधायकों ने एस.पी. वेलुमणि को विधायक दल का नेता और जी. हरि को उपनेता चुना है।

डीएमके के साथ जाने के प्रस्ताव का विरोध

शनमुगम ने बताया कि ईपीएस गुट डीएमके के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा, 'एआईडीएमके की स्थापना ही डीएमके जैसी बुरी शक्ति को खत्म करने के लिए हुई थी। अगर हम डीएमके के साथ हाथ मिलाते, तो हमारी पार्टी खत्म हो जाती. हमारे विधायक और कार्यकर्ता इसके सख्त खिलाफ हैं।'

इधर, 1 वोट से जीतने वाले विधायक के फ्लोर टेस्ट में शामिल होने पर रोक

तमिलनाडु विधानसभा में फ्लोर टेस्ट से ठीक एक दिन पहले एक नाटकीय घटनाक्रम सामने आया है। मद्रास हाई कोर्ट ने टीवीके को बड़ा झटका देते हुए आर सीनिवासा सेतुपति को विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेने से रोक दिया है। इधर, सेतुपति ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी है। दरअसल, आर सीनिवासा सेतुपति ने तिरुपत्तूर सीट पर डीएमके नेता के.आर. पेरिया करुप्पन को सिर्फ एक वोट से हराया था। अब उसी चुनाव नतीजे को लेकर कानूनी विवाद गहरा गया है। जस्टिस एल. विक्टोरिया गौरी और जस्टिस एन. सेंथिल कुमार की बेंच ने सेतुपति को विधानसभा की किसी भी कार्यवाही में हिस्सा लेने से रोक दिया, जिसमें बुधवार को प्रस्तावित फ्लोर टेस्ट भी शामिल है। यह आदेश डीएमके के पूर्व मंत्री और चुनाव में पराजित उम्मीदवार के.आर. पेरियाकरुप्पन की याचिका पर दिया गया। पेरियाकरुप्पन ने अदालत में दावा किया कि शिवगंगा जिले के तिरुपत्तूर विधानसभा क्षेत्र संख्या 185 के लिए भेजा गया एक पोस्टल बैलेट वेल्लोर जिले के तिरुपत्तूर विधानसभा क्षेत्र संख्या 50 में पहुंच गया था। संबंधित अधिकारियों ने उस पोस्टल बैलेट को रिटर्निंग अधिकारी तक भेजने के बजाय सीधे खारिज कर दिया। पेरियाकरुप्पन ने कोर्ट से मांग की थी कि इस गड़बड़ी की पूरी जांच होने तक श्रीनिवास सेतुपति को विधायक के तौर पर कार्य करने से रोका जाए। चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताया कि नियमों के मुताबिक, यदि पोस्टल बैलेट से जुड़ी शिकायत मतगणना शुरू होने के बाद आती है, तो उस पर कार्रवाई की नहीं होती।

दिल्ली के 10 जनपथ में चल रही मैराथन बैठक

केरल सीएम पर सस्पेंस बरकरार, अगले 24 घंटे में होगा फैसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस आलाकमान केरल के मुख्यमंत्री का नाम तय करने के लिए दिल्ली में विचार-विमर्श का अंतिम दौर जारी है। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली के 10 जनपथ मैराथन बैठकें चल रही हैं। केरल कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और केंद्रीय नेतृत्व से मिल चुके हैं। सूत्रों ने ये भी बताया कि पार्टी अगले 24 घंटों के अंदर अंतिम फैसला ले सकती है और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अंतिम चर्चा में भाग लेने के लिए शाम तक दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है, जिसके बाद अंतिम निर्णय पर मोहर लगेगी। फिलहाल केसी वेणुगोपाल इस रेस में सबसे आगे माने जा रहे हैं, लेकिन रमेश चेन्निथला को भी एक सुरक्षित और सर्वसम्मत विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है।

केरल की सत्ता का केंद्र बना दिल्ली

केरल के मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही खींचतान अब पूरी तरह से दिल्ली में केंद्रित हो गई है और 10 जनपथ राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बन गया है। केरल के कई वरिष्ठ नेताओं ने दिनभर राहुल गांधी और केंद्रीय नेतृत्व के सदस्यों से मुलाकात की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष के. मुरलीधरन ने राहुल गांधी से मुलाकात के बाद कहा कि मेरी बैठक अच्छी रही. मैंने राहुल गांधी को अपनी पसंद बता दी है। कल तक फैसला आने की पूरी संभावना है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने संकेत दिया कि नेतृत्व लंबे वक्त तक अनिश्चितता से बचने के लिए उत्सुक है और आंतरिक सलाह समाप्त होने के बाद जल्द ही घोषणा करना चाहता है।

रेस में सबसे आगे वेणुगोपाल

बताया जा रहा है कि कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल को फिलहाल इस दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है। हालांकि, नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी दुविधा ये है कि क्या पार्टी राजनीतिक रूप से इतने महत्वपूर्ण मोड़ पर उन्हें दिल्ली से बाहर भेजने का जोखिम उठा सकती है। वेणुगोपाल संसद के अंदर और संगठन के भीतर दोनों जगह राहुल गांधी के प्रमुख संकटमोचक के रूप में उभरे हैं, जिससे उन्हें विपक्ष के नेता के 'सहायक व्यक्ति' के रूप में मशहूर हैं।

रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

मिडिल-ईस्ट जंग में यूएई की एंट्री, ईरानी रिफाइनरी पर अटैक

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

ईरान के खिलाफ युद्ध में संयुक्त अरब अमीरत (यूएई) ने अमेरिका और इजरायल की सैन्य मदद की है। संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान पर सैन्य हमले किए हैं। ये तब किया गया, जब ईरान पर अमेरिका और इजरायल हमले कर रहे थे। हालांकि यूएई ने अभी तक सार्वजनिक रूप से ईरान पर हमले करने की बात स्वीकार नहीं की है। यूएई ने अप्रैल में लावान द्वीप पर ईरान की तेल रिफाइनरी पर भीषण अटैक किया था। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में यह खुलासा किया है। यूएई के विदेश मंत्रालय और पेंटागन ने इस रिपोर्ट पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

वाल स्ट्रीट जनरल का दावा

वॉल स्ट्रीट जनरल ने सोमवार को इस मामले से परिचित अफसरों के हवाले बताया कि संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान पर सैन्य हमले किए हैं। इस रिपोर्ट से यूएई और ईरान के बीच तनाव और ज्यादा बढ़ सकता है। यह रिपोर्ट ईरान के उन आरोपों को ताकत देती है, जिनमें बार-बार कहा गया है कि यूएई की जमीन का इस्तेमाल उसके खिलाफ हो रहा है। ईरान ने यूएई को इजरायल का 'प्रॉक्सी' कहा है। यूएई ने 8 अप्रैल को ईरान के लावन द्वीप स्थित रिफाइनरी पर एक गुप्त हमला किया, जिससे उस जगह को भारी नुकसान पहुंचा। ईरान ने इसे दुश्मन का हमला बताया, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। इसके बाद ईरान ने यूएई पर जवाबी हमले भी किए।

एनकाउंटर में ढेर हुआ साइको सीरियल किलर

26 घंटे में रैंडमली 3 लोगों को मारा

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में 26 घंटे तक दहशत का दूसरा नाम बने एक साइको किलर और रिटायर्ड फौजी गुरप्रीत सिंह को सोमवार को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। इस साइको किलर ने 24 से 26 घंटे के भीतर तीन सनसनीखेज हत्याओं को अंजाम देकर दहशत फैला दी थी। आखिरकार पुलिस ने लोगों को इस साइको किलर के आतंक से निजात दिलाई। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान पंजाब के अमृतसर निवासी गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जिसने साल 2021 में सेना की नौकरी छोड़ी थी। इसके बाद वह सामान्य जीवन जीने की कोशिश करने लगा, लेकिन शराब की लत और मानसिक अस्थिरता के कारण वह अपराध की दुनिया में उतर गया। इस दौरान उसने बिहार के आरा में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी भी की, लेकिन ये नौकरी छूटने के बाद उसकी मानसिक स्थिति और खराब हो गई।

रैंडम तरीके से लोगों को बनाया निशाना

गुरप्रीत ने किसी व्यक्तिगत दुश्मनी के बजाय पूरी तरह रैंडम तरीके से लोगों को अपना निशाना बनाया। उसने पहली वारदात 10 मई को अलीनगर थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव के पास ताड़ीघाट पैसेंजर ट्रेन में की, जहां उसने जमानिया निवासी मंगरू को गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद 11 मई की रात कोलकाता से जम्मूतवी जा रही एक्सप्रेस ट्रेन में भी उसने एक यात्री को गोली मार दी। साइको किलर गुरप्रीत ने तीसरी और सबसे सनसनीखेज वारदात को सोमवार सुबह अंजाम दिया, जब आरोपी ने अलीनगर स्थित जीवक अस्पताल में भर्ती एक महिला के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी।

एलपीजी उत्पादन बढ़ाकर 54,000 टन प्रतिदिनः पुरी

तेल मंत्री का आश्वासन देश में ईंधन की कमी नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आश्वस्त किया कि देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच सरकार ने एलपीजी उत्पादन को 35,000-36,000 टन प्रतिदिन से बढ़ाकर 54,000 टन प्रतिदिन कर दिया है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन में पुरी ने कहा कि एलपीजी की आपूर्ति में कोई समस्या नहीं है। देश के पास 69 दिन का कच्चे तेल एवं एलएनजी तथा 45 दिन का एलपीजी भंडार मौजूद है। उन्होंने कहा, '' पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच एलपीजी उत्पादन को 35,000-36,000 टन प्रतिदिन से बढ़ाकर 54,000 टन प्रतिदिन किया गया है।

- पहले एलपीजी उत्पादन प्रतिदिन 36,000 टन किया जा रहा था

सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करे हैदराबाद में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, शहरों में मेट्रो का इस्तेमाल बढ़ाने, कारपूलिंग अपनाने, इलेक्ट्रिक वाहनों का ज्यादा इस्तेमाल करने, पार्सल परिवहन के लिए रेलवे सेवाओं का उपयोग करने और 'वर्क फ्रॉम होम' अपनाने की सलाह दी थी ताकि विदेशी मुद्रा को बचाया जा सके।

भारत के पास दो माह का ईंधन भंडार

पुरी ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा संकट के बावजूद दो महीने के ईंधन भंडार के साथ भारत को आपूर्ति को लेकर कोई चिंता नहीं है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह ऊंची बनी रहीं और खुदरा कीमतों में बदलाव नहीं किया गया, तो सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों को एक ही तिमाही में एक लाख करोड़ रुपये तक का नुकसान हो सकता है। तेल मंत्री ने कहा कि एक स्तर पर इस बात का आकलन करना होगा कि पेट्रोलियम कंपनियां लागत से कम कीमत पर पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) कब तक बेच सकती हैं।

आधुनिक तकनीक से रूट का रखा जा रहा है विशेष ध्यान

चारधाम हेली यात्रा में पीटीजेड कैमरों की नजर

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड नागर विमानन विकास प्राधिकरण (यूसीएडीए) की आधुनिक निगरानी प्रणाली की मदद से चारधाम यात्रा के दौरान सुरक्षित हेलीकॉप्टर सेवाओं का संचालन किया जा रहा है और 22 अप्रैल से अब तक 21,000 से अधिक श्रद्धालु इनका लाभ उठा चुके हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाटा, गुप्तकाशी और सिरसी से संचालित शटल सेवाओं के जरिए 17,976 यात्रियों को दर्शन कराए गए जबकि चार्टर्ड सेवाओं के माध्यम से 10 मई तक 3,974 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

21,000 से ज्यादा श्रद्धालु ने उठाया हेलीकॉप्टर सेवाओं का लाभ

सहस्त्रधारा हेलीपोर्ट में हेड ऑफिस : अधिकारियों के अनुसार, यहां स्थित सहस्त्रधारा हेलीपोर्ट में स्थापित एकीकृत कमान एवं नियंत्रण एवं संचार केंद्र (आईसीसीसी) खराब मौसमी परिस्थितियों में भी हेलीकॉप्टर सेवाओं की हर गतिविधि पर सतत निगरानी बनाए हुए है। इस केंद्र में तैनात नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए), भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और यूसीएडीए की छह सदस्यीय संयुक्त टीम द्वारा हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) के साथ समन्वय स्थापित करके हेली रूट, ट्रैकिंग डिवाइस और प्रत्येक हेली ट्रिप एवं शटल सेवा की हर समय निगरानी की जा रही है।

ये है चार धाम यात्रा

इस वर्ष की चार धाम यात्रा 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पर्व से शुरू हुई थी जब उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुले थे। रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ मंदिर के कपाट 22 अप्रैल को तथा चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुले थे।

केदारनाथ मंदिर की आय में 34 प्रतिशत इजाफा

देहरादून। केदारनाथ मंदिर की वित्त वर्ष 2024-25 में चढ़ावे, दान और विभिन्न सेवाओं से कुल 71.06 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 34.32 प्रतिशत अधिक है। कार्यकर्ता अमित गुप्ता ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) आवेदन के जरिये जानकारी मांगी थी, जिसके जवाब में ये आंकड़ें उपलब्ध कराए हैं। वर्ष 2023-24 में मंदिर की आय 52.90 करोड़ रुपये रही थी। मंदिर समिति ने बताया कि 2024-25 में 3.77 करोड़ रुपये की शुरुआती शेष राशि को शामिल करने के बाद रुद्रप्रयाग जिले में मंदिर के लिए कुल उपलब्ध धनराशि 74.84 करोड़ रुपये तक पहुंच गई।

भारत में रूस से कच्चे तेल का आयात अप्रैल में घटा

नई दिल्ली। भारत का रूस से कच्चा तेल आयात अप्रैल माह में 15 प्रतिशत से अधिक घट गया जिसका मुख्य कारण एक प्रमुख रिफाइनरी का रखरखाव के लिए बंद होना रहा। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। यूरोपीय शोध संस्थान 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (सीआरईए) की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ने अप्रैल में रूस से 4.5 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल आयात किया, जो मार्च में हुए 5.3 अरब यूरो के आयात से कम है। अप्रैल में भारत, रूस से जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा और कुल पांच अरब यूरो के पेट्रोलियम उत्पाद आयात किए। इसमें कच्चे तेल की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत रही, जबकि कोयला 29.7 करोड़ यूरो और तेल उत्पाद 20.9 करोड़ यूरो के रहे।

ANJANEYA UNIVERSITY
RAIPUR, CHHATTISGARH
Invites Applications for the Position of
CHIEF FINANCE OFFICER (CFO)
The University invites applications for the position of Chief Finance Officer (CFO) at Anjaneya University as per UGC norms.The ideal candidate should possess strong financial management skills, administrative capabilities, and experience in budgeting, accounts, auditing, and institutional finance. The candidate should demonstrate integrity, professionalism, and commitment towards the financial growth of the university.
Applications must be submitted within 15 days from the date of this advertisement to the address provided below.
Note : Candidate can send updated CV/ Resume on hr@anjaneyauniversity.ac.in
Knowledge Village Nardaha, Near Vidhan Sabha Road, Raipur | M. 9589765143

एफडीए के इंटीग्रेटेड लैब में तब्दील होगी वेयर हाउस कार्पोरेशन की प्रयोगशाला, पीपीपी मोड पर संचालन की योजना

हरिभूमि न्यूज: रायपुर

औषधि तथा खाद्य पदार्थों की जांच की क्षमता और सुविधा बढ़ाने के लिए वेयर हाउस कार्पोरेशन की प्रयोगशाला को खाद्य एवं औषधि प्रशासन के इंटीग्रेटेड लैब के रूप में तब्दील किया जाएगा। नया भवन में लगने वाले वक्त और आधुनिक लैब को शीघ्र शुरू करने के लिए यह योजना बनाई गई है। भवन हैंडओवर होते ही उसमें जरूरत के हिसाब से बदलाव कर पीपीपी मोड पर इसका संचालन किया जाएगा। राज्य में खाद्य पदार्थों और दवाओं की जांच के लिए अभी जिस प्रयोगशाला का उपयोग किया जाता है, उसकी क्षमता काफी सीमित है। कई तरह की बड़ी जांच के लिए सैंपल अन्य राज्यों को भेजा जाता है। जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की आधुनिक प्रयोगशाला तैयार करने शासन द्वारा 46.49 करोड़ की योजना को स्वीकृति दी गई थी। शुरुआती दौर में लैब बनाने के लिए नवा रायपुर में जमीन की तलाश की जा रही थी, मगर निर्माण कार्य और लैब तैयार करने में काफी वक्त लगने की संभावना को ध्यान में रखते हुए इसके निर्माण के लिए वेयर हाउस कार्पोरेशन के लैब को उपयुक्त माना गया है। जानकार सूत्रों के अनुसार खाद्य एवं औषधि की जांच के अनुसार यहां बदलाव और आवश्यक निर्माण कर इसे कम समय में चालू किया जा सकेगा। लैब का निर्माण पूरा करने के बाद इसके संचालन के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप की योजना लागू की जाएगी। इसमें जांच रिपोर्ट जारी करने और व्यवस्था की निगरानी करने वाले एफडीए के अफसर होंगे और जांच की प्रक्रिया और जरूरी उपकरणों की व्यवस्था और रखरखाव के लिए आउटसोर्सिंग की जाएगी।

मॉल में गुंडागर्दी, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर साथी सहित गिरफ्तार

रायपुर। तेलीबांधा थाना क्षेत्र के एक मॉल में गुंडागर्दी करने के आरोप में पुलिस ने सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सोमा देवांगन, रोहन नरवाल उर्फ रॉकी, गरिमा राजपूत को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने रोहन के खिलाफ अलग से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर तीनों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने सोमा तथा गरिमा को जमानत पर रिहा कर दिया। वहीं रोहित को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया। सोमा तथा उसके साथियों ने तीन दिन पूर्व मॉल में गाड़ी निकालने के विवाद पर एक दंपति के साथ मारपीट तथा गाली-गलौज की थी।

युवक को एनडीपीएस में कैद के साथ जुर्माना

रायपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व आठ लीटर कफ सिरप के साथ गिरफ्तार आरोपी को विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत की एनडीपीएस कोर्ट ने 15 वर्ष कैद के साथ डेढ़ लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवन लाल साहू के अनुसार कोर्ट ने अजय दखवानी को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। कोतवाली थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अजय दखवानी के शैलेंद्र नगर स्थित किराए के मकान से 80 शीशी प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त किया था।

शादी का झांसा देकर किशोरी से रेप, 20 वर्ष कैद

रायपुर। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र में तीन वर्ष पूर्व किशोरी को शादी करने का झांसा देकर रेप करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश अच्छेलाल काछी की फास्ट ट्रैक, पाक्सो कोर्ट ने 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक डालेश्वर प्रसाद साहू के अनुसार कोर्ट ने राजा उर्फ हितेश निर्मलकर को कैद की सजा सुनाई है। राजा किशोरी को शादी करने का झांसा देकर 28 दिसंबर 2023 को अपहरण कर ले गया था। पुलिस ने किशोरी को 14 फरवरी को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया था।

बैठक में संगठन विस्तार और कार्यक्रमों को लेकर हुई चर्चा

रायपुर। सुंदर नगर स्थित प्रदेश कार्यालय ओम सोसाइटी में गत दिनों अखंड ब्राह्मण समाजसेवा समिति की बैठक हुई। बैठक में संगठन विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। विशेष रूप से संगठन द्वारा आयोजित किए जाने वाले "प्रतिभा सम्मान समारोह" को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति द्वारा जून माह में ब्राह्मण समाज के उन प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। जिन्होंने दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना एवं समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। बैठक में डॉ. एसके शर्मा, सुनीता तिवारी, शशांक खरे, राजकुमार व्यास, सविता वीरेंद्र शर्मा, मनोरमा त्रिपाठी, लक्की दुबे, साधना शुक्ला, अवधेश धर दीवान, प्रदीप मिश्रा, प्रतीक तिवारी, विमल ओझा, अनिल दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर

रायपुर। केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान 13 और 14 मई को दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे। वे इस दौरान राज्य में संचालित ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन और जमीनी स्तर पर उनके प्रभाव की समीक्षा करेंगे। अपने प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री नया रायपुर में ग्रामीण विकास मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। समीक्षा के दौरान योजनाओं की प्रभावशीलता बढ़ाने, अंतिम छोर तक लाभ पहुंचाने की व्यवस्था को मजबूत करने तथा ग्रामीण अधोसंरचना विकास में तेजी लाने पर विशेष जोर रहेगा। श्री पासवान विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों और सामुदायिक प्रतिनिधियों से भी संवाद करेंगे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आजीविका और कल्याणकारी कार्यक्रमों के वास्तविक प्रभाव का आकलन करेंगे।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
जोन क्रमांक-06
अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड तृतीय तल, रावणभाठा, रायपुर (छ.ग.)
(Email ID – rmczone6@gmail.com)

क्रमांक 19/ जोन क्र. 06/न.पा.नि./ 2026-27 रायपुर, दिनांक 11/05/2026

तृतीय आमंत्रण

रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना हेतु रूचि की अभिव्यक्ति

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 06 क्षेत्रांतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों / व्यवसायिक परिसरों / शासकीय भवनों में 03 विभिन्न केटेगीरी के रेनवाटर हार्वेस्टिंग (RWH) हेतु अनुमोदित डिजाईन, ड्राईंग अनुसार निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत अशासकीय संगठनों (N.G.O.) एवं स्व सहायता समूह, असंगठित कामगारों की पंजीकृत समितियों, बेरोजगार इंजीनियर्स (सिविल), इच्छुक फर्म, निगम में रजिस्टर्ड जियो हाईड्रोलॉजिस्ट, एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों को Empanel किए जाने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति मैनुअल पद्धति से दिनांक 18/05/2026 को शाम 5:00 बजे तक स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।

आवेदन / प्रस्ताव के साथ राशि रू. 1000 / - का (Non Refundable) डिमांड ड्राफ्ट एवं राशि रू.25,000/- का एफ. डी. आर. आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम पर देय प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक प्रकार (Categary) हेतु इस रूचि की अभिव्यक्ति में प्राप्त न्यूनतम दर पर कार्य किए जाने की सहमति हेतु EOI में भाग लिए सभी निविदाकारों को विभाग द्वारा पत्र जारी किया जावेगा। निर्धारित समयावधि में सहमति प्रदान करने वाले निविदाकारों को कार्य हेतु अनुबंध कर सम्मलित (Empanel) किया जावेगा एवं कार्य हेतु पृथक-पृथक कार्यादेश जारी किया जावेगा।

रेनवाटर हार्वेस्टिंग के प्राक्कलन तथा दरों से संबंधित विस्तृत जानकारी जोन क्रमांक 06 नगर पालिक निगम, रायपुर के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्राप्त किया जा सकता है।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 06
नगर पालिक निगम, रायपुर

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
दूरभाष (का.) 0771-2439564, 0771-2331204,
वेबसाईट: www.psc.cg.gov.in

क्रमांक / GENS-2101/3176/2026/EXAM|114
नवा रायपुर, दिनांक 12/05/2026

सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमांडर (गृह पुलिस विभाग) (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 की समय-सारणी

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 02/2024/परीक्षा/दिनांक 21.10.2024 द्वारा ऑनलाइन आवेदन दिनांक 23.10.2024 से 21.11.2024 तक एवं शुद्धि पत्र क्रमांक 01/2024/परीक्षा/दिनांक 10.12.2024 द्वारा दिनांक 11.12.2024 से 25.12.2024 तक कुल 137323 ऑनलाइन आवेदन कुल 33 जिलों से प्राप्त हुए थे। छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय द्वारा दस्तावेज एवं शारीरिक माप परीक्षण के आयोजन पश्चात कुल 63342 अभ्यर्थी अर्ह हुए।

सूबेदार/उप निरीक्षक संवर्ग/प्लाटून कमांडर के शारीरिक माप परीक्षण में अर्ह हुये कुल 63342 अभ्यर्थी की प्रारंभिक लिखित परीक्षा दिनांक 12 जुलाई 2026 (रविवार) को जिला सरगुजा (अंबिकापुर), कोरिया (बैकुण्ठपुर), बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, दंतेवाड़ा, बस्तर (जगदलपुर), जांजगीर-चांपा, जशपुर, कवर्धा, उत्तर बस्तर कांकेर, कोरबा, महासमुन्द, रायपुर, रायगढ़, राजनांदगांव, बलौदाबाजार-भाटापारा, बलरामपुर-रामानुजगंज, सूरजपुर, गरियाबंद, नारायणपुर, कोण्डागांव, बीजापुर, सुकमा, बेमेतरा, बालोद, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, मुंगेली, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, सक्ती, सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.) के निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी, जिसकी समय सारणी निम्नानुसार है:-

DATE	DAY	TIME
12.07.2026	SUNDAY	10.00 AM TO 12.00 PM

उक्त परीक्षा हेतु आयोग द्वारा प्रवेश पत्र परीक्षा तिथि के 15 दिवस पूर्व जारी किया जाएगा। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट www.psc.cg.gov.in से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग कार्यालय द्वारा किसी भी अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र अथवा प्रवेश पत्र जारी किए जाने संबंधी कोई सूचना या SMS व्यक्तिशः नहीं भेजा जायेगा।

(परीक्षा नियंत्रक)
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नवा रायपुर अटल नगर
जी.

''CAVEAT NOTICE UNDER SECTION 148A OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE, 1908''

Notice is hereby given to the general public and particularly to all concerned persons that the District Project Coordinators and Hospital Coordinators posted in various district under State Nodal Agency, Chhattisgarh, Department of Health and Family Welfare, Govt of Chhattisgarh likely to file a Caveat Petition under Section 148A of the Code of Civil Procedure, 1908 before the Hon'ble High Court of Chhattisgarh against posting orders No-ESTB-1/1211/2026-DHS SNA (SECTION)/164 to 192, Dated- 06/05/2026 issued by the State Nodal Agency, Chhattisgarh.

Therefore, any person/authority intending to file any petition, appeal, writ, or application in relation to the aforesaid order is hereby informed that no ex parte interim order may kindly be passed without serving prior notice upon the Caveator.

The address for service upon the Caveator is as under:
Name of Caveator: Sanjeev Jha (IAS)
Designation: CEO, State Nodal Agency, Chhattisgarh
Address: Office of State Nodal Agency,
4th Floor, Swasthy Bhawan, Naya Raipur, Atal Nagar,Chhattisgarh, 492003

The details of counsel/advocate is given below:
Amiya Bhushan,
Chamber No. 147, High Court of Chhattishgarh
Mobile: 9340428581
Email: abhushan818@gmail.com

Date: 11.05.2026
G-262700643/2

कार्यालय नगर पंचायत पथरिया, जिला- मुंगेली (छ.ग.)
EMAIL ID - nppathariа13@gmail.com

क्रमांक 123/लो.नि.वि./न.पं./ 2026-27 पथरिया, दिनांक 12/05/2026

// ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना //
http//eproc.cgstate.gov.in
UAD portal:http/Uadcgeprocurement.govt.in

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी D & Above के पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पंचायत पथरिया के निम्नलिखित कार्य का ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :- SOR - Build SOR 2015/ Elecrical SOR 2020/ PHE SOR 2020/ Road SOR 2025/NON SOR

क्र.	टेंडर क्रमांक	कार्य का नाम	राशि (लाख में)	अमानत राशि
1	190798	प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना एवं उन्नयन कार्य	28.37	14185.00

उपरोक्त निविदा की विस्तृत शर्तें / निविदा विज्ञप्ति/निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में एवं विभागीय वेबसाईड eproc.cgstate.gov.in व eproc.cgstate.gov.in से देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

कार्यालय अधिष्ठाता
पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक/चिकि./बायोटेक./6355/2026 रायपुर, दिनांक 06/05/26

प्रवेश सूचना

आवेदन फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि- 30.06.2026

एम.एस-सी. मेडिकल बायोटेक्नालॉजी कोर्स सत्र 2026-27

आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30.06.2026

चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर द्वारा बायोकेमेस्ट्री विभाग में संचालित एम.एस-सी. मेडिकल बायोटेक्नालॉजी कोर्स में सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु 10 विद्यार्थियों का चयन किया जाना है। उक्त पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एम.बी.बी.एस., बी.एस-सी. बायोटेक्नालॉजी/बी.एस-सी. लाइफ साइंस/एलाएड विषय रखी गई है। पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी, जिसके प्राप्तांक की मेरिट सूची के आधार पर काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेश दिया जायेगा। अधिकतम 10 सीटों में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ शासन के आरक्षण नियमानुसार 5 सीट अनारक्षित (04 मुक्त, 01 महिला), 1 सीट अनुसूचित जाति, 3 सीट अनुसूचित जनजाति एवं 1 सीट अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए निर्धारित है, जो कि छ.ग. शासन समान्य प्रशान विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर के पत्र क्रमांक एफ 13-1/2023/आ.प्र./1-3 नवा रायपुर, दिनांक 03.05.2023 के अनुसार सभी नियुक्तियों और चयन परीक्षा माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के S.L.P. (C) Si. No. 19668/2022 के अंतिम आदेश के अधीन रहेगी।

प्रवेश प्रक्रिया :-

1. प्रवेश आवेदन फार्म 15 मई, 2026 से 30 जुन, 2026 के सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विभागाध्यक्ष, बायोकेमेस्ट्री विभाग, चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में शासकीय अवकाश दिवसों को छोड़कर प्राप्त किया जा सकता है।
2. प्रवेश फार्म शुल्क: अनारक्षित वर्ग के लिए रू. 400/- नगद भुगतान अथवा डाक द्वारा रू. 450/- (रू. 50 डाक खर्च) का डिमांड ड्राफ्ट भेजकर प्राप्त किया जा सकता है। आरक्षित वर्ग के लिए रू. 200/- नगद भुगतान अथवा डाक द्वारा रू. 250/- (रू. 50 डाक खर्च) का बैंक ड्राफ्ट भेजकर प्राप्त किया जा सकता है। बैंक ड्राफ्ट अधिष्ठाता एवं मुख्यकार्यपालन अधिकारी, चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (Dean & C.E.O., Pt.J.N.M.Medical College, Raipur) के नाम पर देय होगा।
3. आवेदन पत्र, अधिष्ठाता, पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2026 रखी गई है। आवेदन पत्र के साथ प्रवेश परीक्षा शुल्क रू. 1500/- (अनारक्षित वर्ग हेतु) अथवा रू. 750/- (आरक्षित वर्ग हेतु) का बैंक ड्राफ्ट जो अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाम पर देय हो, जमा करना होगा। लिफाफे के ऊपर **''एम.एस-सी. मेडिकल बायोटेक्नालॉजी कोर्स सत्र 2026-27** में प्रवेश हेतु आवेदन'' लिखना अनिवार्य है। (स्पष्ट पता एवं फोन नं./मोबाइल नं./ ईमेल को आवेदन में अनिवार्य रूप से दर्शावें)।
4. **प्रवेश परीक्षा 08 जुलाई, 2026 (बुधवार) को प्रातः 11.00 से 01.00 बजे** तक पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालये, रायपुर में आयोजित होगी। प्रावीण्य सूची, काउंसिलिंग एवं प्रवेश संबंधित जानकारी की सूचना अलग से दी जाएगी। प्रवेश परीक्षा संबंधी अन्य जानकारियाँ प्रवेश विवरणिका में उद्धृत है।
5. चयनित विद्यार्थियों को निर्धारित शुल्क प्रवेश के समय जमा करना अनिवार्य है।

डाक से फार्म मंगाने हेतु अपना पता स्पष्ट देते हुए कोर्स प्रभारी, एम.एस-सी. मेडिकल बायोटेक्नालॉजी पाठ्यक्रम, बायोकेमेस्ट्री विभाग, पं. ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) को पत्राचार करें। डाक सेवा से आवेदन फार्म का गुम होने या विलम्ब होने की दशा में विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

अधिष्ठाता
पं. ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
G-262700629/2

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
सामान्य वनमंडल खैरागढ़

काष्ठागार ठेलकाडीह का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विवरण

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सामान्य वनमंडल खैरागढ़ अधिनस्थ अस्थायी डिपो ठेलकाडीह में उपलब्ध नया एवं पुराना ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमंडल एवं अस्थायी डिपो ठेलकाडीह से प्राप्त की जा सकती है ।

नीलाम दिनांक:- 19.05.2026
नीलाम समय :- दोपहर 02.00 से

प्रजाति	नया वनोपज (काश्ट)			पुराना वनोपज (काश्ट)		
	घ.मी.	बल्ली (नग)	डेंगरी (नग)	घ.मी.	बल्ली (नग)	डेंगरी (नग)
सागौन	266.471	222	3128	363.835	1223	1050
बीजा	26.656	0	0	168.099	147	0
साजा	97.885	0	0	24.498	0	0
धावड़ा	17.060	0	0	9.563	194	0
हल्दु, मुंडी	47.438	0	0	32.372	8	0
तिन्सा	17.789	0	0	22.500	0	0
शीशम	0	0	0	0.634	0	0
खम्हार	0	0	0	0.865	0	0
कसही	9.490	0	0	37.752	0	0
भिरहा	7.486	0	0	0	0	0
घाटा	2.448	0	0	1.091	0	0
सलिहा मोदे	0	0	0	0	0	0
अन्य	39.918	0	0	3.410	0	0
योग	532.641	222	3128	664.619	1572	10150

ठेलकाडीह डिपो के औद्योगिक बांस नया

1.	औद्योगिक बांस	2 मी. एवं 1 मी. साईज	863.975 नो.टन

ठेलकाडीह डिपो के नया जलाऊ चट्ठा

1.	जलाऊ चट्ठा	मिश्रित	07 चट्ठा

पिपरिया डिपो के नया जलाऊ चट्ठा

1.	जलाऊ चट्ठा	मिश्रित	15 चट्ठा

चंगुर्दा डिपो के नया जलाऊ चट्ठा

1.	जलाऊ चट्ठा	मिश्रित	1264 चट्ठा

खैरागढ़ नर्सरी के नया जलाऊ चट्ठा

1.	औद्योगिक बांस	मिश्रित	501 चट्ठा

साल्हेवारा डिपो के अविक्रित जलाऊ चट्ठा

1.	जलाऊ चट्ठा	मिश्रित	43 चट्ठा

टीप:- 1. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल मे रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-आक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी से लॉग इन करके देख सकते है। 4. ई-आक्सन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

वन मण्डल अधिकारी,
खैरागढ़ वनमंडल खैरागढ़
G-262700637/4

प्रारूप - एक (नियम 11 देखिये)
कार्यालय कलेक्टर, जिला-मुंगेली (छ.ग.) एवं पदेन विशेष उप सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग छ.ग. शासन

क्रमांक 12/अ-82/2025-26 **अधिसूचना** मुंगेली दिनांक 16.04.2026

भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 4 सहपठित नियम 7 के अंतर्गत नीचे अनुसूची में उल्लेखित भूमि का अर्जन लोक प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा आशयित है, अर्थात :-

क्र.	तहसील	ग्राम नगर	क्षेत्रफल	लोक प्रयोजन का विवरण
1	मुंगेली	मुंगेली	0.025 हे.	सी.सी. रोड निर्माण

उपरोक्त उल्लेखित भूमि के अर्जन हेतु सामाजिक समाघात निर्धारण के अध्ययन हेतु जन सुनवाई दिनांक 15.05.2026 को (समय) 11:00 बजे (स्थान) तहसील कार्यालय मुंगेली पर नियत की गई है। प्रस्तावित भूमि अर्जन का अन्य विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.		
1	लोक प्रयोजन का संक्षिप्त विवरण	आम जनता के आवागमन की सुविधा की दृष्टिगत से निर्मित सड़क 1. मुख्यमार्ग से रामगढ़ पहुंच मार्ग (जिला चिकित्सालय मुंगेली पहुंच मार्ग) को जोड़ता है। 2. रामगढ़ पहुंच मार्ग से बुधवारी बाजार में पहुंच मार्ग है। 3. रामगढ़ पहुंच मार्ग से सतनाम भवन पहुंच मार्ग है। उक्त मार्ग में प्रतिदिन सैकड़ो लोगो की आवाजाही होती है।
2	प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	एक परिवार
3	अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित परिवारों की संख्या	निरंक
4	प्रभावित क्षेत्र में निजी मकानों तथा अन्य परिसंपत्तियों की अनुमानित संख्या	प्रभावित क्षेत्र में 106 निजी मकान एवं 03 सी.सी. सड़क निर्मित है।
5	प्रभावित क्षेत्र में शासकीय मकानों तथा अन्य परिसंपत्तियों की अनुमानित संख्या	03 शासकीय भवन एवं 05 परिसंपत्तियां
6	क्या प्रस्तावित अर्जन न्यूनतम है	हॉ
7	क्या संभव विकल्पों और इसकी साध्यता पर विचार कर लिया गया है	हॉ
8	परियोजना की कुल लागत	निर्मित 03 सी.सी. सड़क की कुल लागत लगभग 13.00 लाख है।
9	परियोजना से होने वाले लाभ	आम जनता के आवागमन की सुविधा की दृष्टिगत से जिला चिकित्सालय मुंगेली जाने के लिए, बुधवारी बाजार जाने के लिए, एवं सतनाम भवन जाने के लिए सड़क निर्मित है।
10	प्रस्तावित सामाजिक समाघात की प्रतिपूर्ति के लिये उपाय तथा उस पर होने वाला संभावित व्यय	गणना किया जाना है
1	परियोजना द्वारा प्रभावित होने वाले अन्य घटक	आवागमन के दृष्टिगत से जनहित में उचित है।

उपरोक्त भूमि अर्जन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था या अन्य किसी व्यक्ति को कोई जानकारी/सुझाव देना हो, तो विहित तिथि/समय एवं स्थान पर दी जा सकेगी।

कलेक्टर, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग
नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर (छ.ग.)

क्रमांक/107/ADV/946/2025 नवा रायपुर, दिनांक : 08/05/2026

राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा-2026
संक्षिप्त विज्ञापन

(1) छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभागों के अंतर्गत ''सहायक अभियंता'' के 46 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के लिए विज्ञापन क्रमांक 02/2026/परीक्षा/दिनांक 08/05/2026 जारी किए गए हैं, जो छत्तीसगढ़ संवाद के समाचार पत्र ''रोजगार और नियोजन'' के अंक दिनांक 13/05/2026 में विज्ञापन एवं अन्य जानकारी प्रकाशित है। उक्त विज्ञापन में दर्शित शर्तों के अनुसार रिक्त पदों, जिसका विवरण नीचे की तालिका में दर्शित है, के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-

स. क्र.	पद का नाम	कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से केवल छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी महिलाओं के लिए आरक्षित पद				कुल रिक्तियों की वर्गवार संख्या में से छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी नि:शक्तजनों के लिए आरक्षित पद	योग	वेतन मेट्रिक्स
		अनारक्षित	अजा	अजजा	अपिव	अनारक्षित	अजा	अजजा	अपिव			
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
	सहायक अभियंता (सिविल) लोक निर्माण विभाग	18	4	14	6	5	1	4	1	2 (OA/OL/HH)	42	(स्तर-12) 56100-177500
	सहायक अभियंता (विद्युत/यांत्रिकी) लोक निर्माण विभाग	1	1	1	-	-	-	-	-	-	3	
	सहायक अभियंता (सिविल) सामान्य प्रशासन विभाग (मुख्य तकनीकी परीक्षक (सतर्कता) कार्यालय)	1	-	-	-	-	-	-	-	-	1	
										कुल	42	

Abbreviation Used: OA-One Arm, OL-One Leg, HH-Hearing Handicapped

(2) विज्ञापित पदों की आवश्यक अर्हताएं, आयु सीमा, शुल्क, निर्देश, परीक्षा योजना, पाठ्यक्रम आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ''रोजगार और नियोजन'' के अंक दिनांक 13/5/2026 में देखे जा सकते हैं।
(3) उपर्युक्त पद हेतु आवेदकों की अर्हता निर्धारण के लिए उच्चतर आयु एवं आयु में छूट की गणना की निर्धारित तिथि 1 जनवरी 2026 है, जिसके संदर्भ में ही आयु की गणना की जाएगी।
(4) ऑनलाइन आवेदन दिनांक 13/05/2026 मध्यान्ह 12:00 बजे से दिनांक 11/06/2026 रात्रि 11:59 बजे तक किया जा सकता है।
(5) आयोग के वेब-साईट www.psc.cg.gov.in में भी विज्ञापन एवं विस्तृत जानकारी देखी जा सकती है।
(6) आवदेक, उपरोक्त पदों हेतु आयोग के विज्ञापन क्रमांक 02/2026/परीक्षा/दिनांक 08/05/2026 में उल्लेखित कंडिकाओं के अनुसार ही ऑनलाइन आवेदन करें।
(7) रोजगार और नियोजन का उक्त अंक छत्तीसगढ़ संवाद के निम्न पते से भी प्राप्त किया जा सकता है: संपादक, रोजगार और नियोजन, छत्तीसगढ़ संवाद, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, अटल नगर, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ दूरभाष 0771-2512567.

सही/-उप सचिव
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग नवा रायपुर अटल नगर
G-262700625/2

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर

(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in
निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

स.क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में)
1.	190295 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026	जिला धमतरी के उपसंभाग नगरी अंतर्गत राजनांदगांव गुण्डरदेही धमतरी नगरी सिहावा बोराई मार्ग (राज्यमार्ग क्र. 23) के कि.मी. 92/8 (बायपास) में मध्यम पुल के निर्माण कार्य।	249.97
2.	190296 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026	जिला महासमुंद के कोकडी से चकददा मार्ग लंबाई 2.50 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	262.21
3.	190299 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026	जिला धमतरी के उपसंभाग नगरी अंतर्गत नगर पंचायत नगरी (पुरानी बस्ती) से मोदे मार्ग पर महानदी में मध्यम पुल निर्माण कार्य।	328.18
4.	190300 प्रथम आमंत्रण 05.05.2026	जिला सुकमा विकासखण्ड कोन्टा के ग्राम नुलकातोंग में

लक्ष्य ज्वेलर्स में चोरी मामलाः नाबालिग गिरफ्तार दूसरे ने गिरफ्तारी के डर से फांसी लगाई, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोधीपारा चौक खम्हारडीह स्थित ज्वेलरी शॉप में की थी वारदात

राजधानी रायपुर के लोधीपारा चौक खम्हारडीह स्थित लक्ष्य ज्वेलर्स में लाखों कीमत के सोने-चांदी के जेवरात की चोरी की घटना के 10 घंटे के भीतर पुलिस ने इस वारदात में शामिल आरोपियों को ढूंढ निकाला। इनमें एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के जेवरात भी बरामद किए गए, लेकिन दूसरे को पकड़ने ढूंढते हुए पुलिस जब उसके घर पहुंची तो उसने गिरफ्तारी के डर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि फांसी लगाने के दौरान मृतक के घर पर ताला लगा हुआ था। वह छज्जे के रास्ते घर के अंदर घुसा और आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि आत्महत्या करने वाला मृतक भी नाबालिग था। पुलिस के अनुसार इस चोरी की वारदात में शामिल दूसरा आरोपी भी नाबालिग है। वह गांधी नगर में एक किराए के मकान में अपनी चार बहनों के साथ रहता था। उसके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। माता-पिता के निधन के बाद कुछ महीनों तक मृतक और उसकी बहनें माना स्थित अपने मामा-मामी के साथ रहते थे, लेकिन उसकी चोरी करने की आदत के कारण मामा ने उसे घर से निकाल दिया था। इसके बाद उसकी सभी बहनें उसे लेकर गांधी नगर में एक किराए के मकान में रहने लगी थीं, लेकिन यहां आने के बाद भी वह अपनी आदत से बाज नहीं आया और लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम देता रहा। पुलिस के अनुसार, मृतक आरोपी के खिलाफ पूर्व में आर्म्स एक्ट तथा आधा दर्जन चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि मृतक लक्ष्य ज्वेलर्स में चोरी का मुख्य आरोपी था। वह और कई वारदातों में शामिल रहा होगा, जिसका खुलासा पूछताछ में हो सकता था, लेकिन इससे पहले उसने आत्महत्या कर ली। पुलिस इस मामले में अब मृतक की सभी बहनों से भी पूछताछ करेगी। इसके लिए सभी को थाने में बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस को पहले ही आरोपी के ठिकाने की जानकारी मिल गई थी। उसके मोबाइल लोकेशन को ट्रेस किया जा रहा था। इसके आधार पर मोबाइल का लोकेशन गांधीनगर ही दिखा रहा था। इसे देखते हुए पुलिस यहां नजर रखे हुए भी थी। बताया जा रहा है कि रात करीब पौने 9 बजे पुलिस को कुछ मजदूरों ने सूचना दी थी।

homefirst
We'll take you home

Home First Finance Company India Limited
CIN: L65990MH2010PLC240703, Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के सह पठित के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी (ओं) और सह-ऋणी (ओं) को स्तंभ (ii) के अनुसार सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iii) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियां सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिनका भौतिक कब्जा होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा इसके बकाया तथा ब्याज की वसूली के लिए लिया गया है, जैसा कि नीचे विस्तृत रूप से बताया गया है तथा बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहने के परिणामस्वरूप, धारा 12 के तहत प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नीचे हस्ताक्षरकर्ता उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत उक्त संपत्ति/संपत्तियों की बिक्री से बकाया राशि वसूलने का प्रस्ताव है और इसे "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, जैसा कि नीचे वर्णित है। होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड को देय कॉलम (i) के अनुसार उधारकर्ता (ओं) और सह-उधारकर्ताओं (ओं) से देय राशि की वसूली के लिए नीलामी "ऑन लाइन" आयोजित की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणधारक (ओं) एवं सह ऋणधारक (ओं) के नाम	संपत्ति का पता	मांग सूचना की तिथि	मांग सूचना की राशि	कब्जा की तिथि	आरक्षित मूल्य	ईएमडी राशि	नीलामी की तिथि व समय	ईएमडी व दस्तावेजों के प्रस्तुति की तिथि एवं समय	प्राधिकृत अधिकारी का नंबर
1.	कमल यादव, संतोषी यादव	प्लॉट-ख.नं. 126/94, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा, तहसील बिल्हा, जिला-बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, सीमाएँ: पूर्व: गोविंद बाबू और कोमल वर्मा का प्लॉट, पश्चिम: निस्तान रास्ता (पहुँच मार्ग), उत्तर: विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण: विक्रेता का प्लॉट।	03-02-2026	9,75,679	07-04-2026	80,000	8,000	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
2.	राहुल दुआ, अंजू दुआ	प्लॉट-ख.नं. 126/121 (भाग), प.ह.नं. 30, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-496001 सीमाएँ: पूर्व: में सड़क, पश्चिम: मनीष की भूमि, उत्तर: विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण : विक्रेता का प्लॉट।	03-02-2026	21,86,858	07-04-2026	1,27,020	12,702	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
3.	रोहित देवांगन, महेंद्र देवांगन, ज्ञानेश्वर देवांगन	ख. नं. 64/16, मौजा घुरू, प.ह.नं. 61, रा.नि.मं. सकरी, तहसील-तखतपुर, जिला-बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 सीमाए: पूर्व: अन्य की भूमि, पश्चिम: सड़क, उत्तर: विक्रेता की भूमि, दक्षिण : अन्य की भूमि।	03-02-2026	10,05,839	07-04-2026	3,00,000	30,000	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
4.	विष्णु वासुदेव सोनी, लक्ष्मी सोनी	ख.नं. 126/87, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा, विकासखंड और तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 सीमाए: पूर्व: 20 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम: अब्दुल साहिद की भूमि, उत्तर: अब्दुल साहिद की भूमि, दक्षिण: तस्लीम रजा की भूमि।	03-02-2026	8,83,573	07-04-2026	66,000	6,600	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
5.	भोजराम यादव, गायत्री यादव	ख.नं. 360/1 भाग, मौजा-मुढ़ीपार, प.ह.नं. 9, रा.नि.मं.-बिल्हा, तह-बिल्हा, जिला-बिलासपुर, बिलासपुर छत्तीसगढ़, 495001 सीमाए: पूर्व: विक्रेता की भूमि, पश्चिम: विक्रेता की भूमि उत्तर: -निस्तारी सड़क, दक्षिण : दीपक राठौड़ की भूमि।	03-02-2026	9,07,597	07-04-2026	1,00,000	10,000	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
6.	अजय कुमार निर्मलकर, हेमलता निर्मलकर	प्लॉट-ख. नं. 126/104, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 16/30, रा.नि.मं., तहसील और विकासखंड बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, सीमाए: पूर्व : निस्तारी रास्ता, पश्चिम : लोहारानी का प्लॉट, उत्तर : विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण: विक्रेता का प्लॉट	03-01-2026	10,56,779	07-03-2026	96,000	9,800	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
7.	केसर पटेल, हरेल बाई पटेल, डेढ़ा राम पटेल	ख.नं. 147/4, प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. सकरी, मकान नंबर-06, मौजा सैदा, तहसील सकरी और जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 सीमाए: पूर्व: विक्रेता की भूमि, पश्चिम : सड़क, उत्तर: विक्रेता की भूमि, दक्षिण: विक्रेता की भूमि।	04-12-2025	16,33,574	06-02-2026	2,40,000	24,000	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
8.	कमलेश पाटले, प्रीति पाटले	ख. नं.-126/69, प.ह.नं. 16/30, मौजा पत्थरखान, तह.-बिल्हा, जिला-बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 सीमाए: पूर्व: निस्तारी रास्ता, पश्चिम-शमीम बेगम का प्लाट, उत्तर: सैय्याद सईद का प्लाट, दक्षिण : विक्रेता का प्लाट।	04-12-2025	8,37,164	05-02-2026	72,880	7,288	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
9.	बी. लक्ष्मण, बी. गंगा	ख. नं. 37/62 भाग, प.ह.नं. 41, मौजा सैदा, महाल नंबर 7, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 सीमाए: पूर्व: निस्तारी रास्ता, पश्चिम: विक्रेता का प्लॉट, उत्तर: विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण: विक्रेता का प्लॉट।	04-12-2025	9,85,603	05-02-2026	1,50,000	15,000	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
10.	ज्वाला प्रसाद बघेल, शशी बाई बघेल	डायवर्टेड आवासीय भूमि, शीट नं. 3, प्लॉट नं. 42, ख. नं. 33/6 का भाग, (विक्रय समझौता), क्षेत्रफल 1001 वर्गफुट, प.ह.पं. 50, ग्राम गनियारी, रा.नि.मं. गनियारी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495006, सीमाए: उत्तर: कुमार की भूमि, दक्षिण: विक्रेता की भूमि, पूर्व: निस्तान रोड, पश्चिम: कोरी जी की भूमि।	04-12-2025	9,17,960	05-02-2026	80,080	8,008	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
11.	अच्छे कुमार, जयसिंह साहू, नाहर बाई, संगीता साहू	ख. नं.-126/94, प.ह.नं. 30, मौजा पत्थरखान, रा.नि.मं. बिल्हा, विकासखंड, तह. बिल्हा और जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 सीमाए: पूर्व: गोलू और कोमली का प्लाट, पश्चिम: निस्तारी रास्ता, उत्तर: विक्रेता का प्लाट, दक्षिण: विक्रेता का प्लाट।	03-11-2025	11,72,856	06-01-2026	80,000	8,000	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
12.	हार्दिक पटेल, कौशल्या पटेल	ख.नं. 126/84, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 16/30, रा.नि.मं. बिल्हा, विकासखंड और तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495001 सीमाए: पूर्व: विक्रेता का प्लाट, पश्चिम: निस्तारी रास्ता, उत्तर: विक्रेता का प्लाट, दक्षिण: विक्रेता का प्लाट।	03-11-2025	8,80,877	06-01-2026	72,400	7,240	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
13.	ज्योति प्रकाश, सोनकली डहरिया	ख.नं.-126/55 भाग, मौजा पत्थरखान प.ह.नं. 16/30, रा.नि.मं.-बिल्हा बिलासपुर, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 सीमाए: पूर्व : निस्तारी रास्ता,पश्चिम-शोमनाथ का प्लाट, उत्तर-रामेश्वरी लहरे का प्लाट, दक्षिण-विक्रेता का प्लाट।	03-11-2025	9,04,258	06-01-2026	87,520	8,752	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
14.	खिलेश कुमार साहू, दुर्गा प्रसाद साहू, योगेश साहू, जलावती साहू	ख.नं. 519/19, मौजा तिलसरा, प.ह.नं. 09, रा.नि.मं. बिल्हा, ब्लॉक एवं तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 496001 सीमाए: उत्तर: विक्रेता की भूमि, दक्षिण: विक्रेता की भूमि, पूर्व: निस्तारी रोड, पश्चिम : अन्य की भूमि।	03-11-2025	8,17,893	06-01-2026	77,500	7,750	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
15.	अर्जुन बघेल, द्रोपति बघेल	मकान-मौजा जयराम नगर, ख.नं. 117/9, प.ह.नं. 27, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: उत्तर: सड़क, दक्षिण : विक्रेता की भूमि, पूर्व: विक्रेता की भूमि, पश्चिम: पूजा फार्टी की भूमि।	03-10-2025	8,82,744	08-12-2025	3,91,500	39,150	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
16.	नरेंद्र कुमार यादव, राधिका यादव	प्लॉट-मौजा बिल्हा, ख.नं. 126/94 (भाग), प.ह.नं. 30, मौजा पत्थरखान, तहसील बिल्हा एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण : विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व: गोविंद बाबू और कोमल बाबू की भूमि, पश्चिम: पहुँच मार्ग/पगडंडी।	03-10-2025	12,96,850	08-12-2025	80,000	8,000	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
17.	निधि तिवारी, अर्नब कांत चौधरी	मकान- 126/94 (भाग), मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा विकासखंड, तहसील बिल्हा एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाए: उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण: विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व: गोविंद बाबू और कोमल बाबू की भूमि, पश्चिम: पहुंच मार्ग/पथ।	03-10-2025	12,48,180	08-12-2025	80,000	8,000	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
18.	बाबूलाल वस्त्रकर, संतोषी वस्त्रकार	प्लॉट-ख.नं. 126/121 (भाग), प.ह.नं. 30, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: पूर्व: सड़क, पश्चिम: लोहरानी की भूमि, उत्तर: विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण: विक्रेता का प्लॉट।	03-10-2025	10,73,958	08-12-2025	1,05,000	10,500	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
19.	दुर्गेश यादव, बलदाऊ प्रसाद यादव, उमा बाई यादव	मकान-126/105, पत्थरखान, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा विकासखंड, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमा: पूर्व: निस्तारी रास्ता, पश्चिम : रमाकांत का प्लॉट, उत्तर: गणेश गिरि का प्लॉट, दक्षिण: विक्रेता का प्लॉट।	03-10-2025	9,10,859	08-12-2025	1,10,000	11,000	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
20.	शत्रुहान दास मानिकपुरी, कुमारी बाई	प्लॉट-ख.नं. 126/104, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 16/30, रा.नि.मं., तहसील एवं विकासखंड बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-496001 सीमाएँ: पूर्व: निस्तार रास्ता, पश्चिम: लोहरानी का प्लॉट, उत्तर: विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण : विक्रेता का प्लॉट।	03-10-2025	8,23,656	08-12-2025	98,500	9,850	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
21.	प्रदीप कुमार शर्मा, दुर्गा देवी शर्मा	फ्लैट-126/69, प.ह.नं. 16/30, मौजा पत्थरखान, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा विकासखंड, तहसील बिल्हा व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाए: उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि,दक्षिण: विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व : सड़क, पश्चिम : नगमा परवीन की भूमि।	03-10-2025	8,82,405	08-12-2025	95,400	9,540	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
22.	सतीश निषाद, शैल कुमारी निषाद	मकान-ख.नं. 126/99, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा विकासखंड, तहसील बिल्हा एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण: विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व: सड़क, रामकुमार सोनकर की भूमि।	03-10-2025	8,21,477	08-12-2025	95,400	9,540	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
23.	विकास कुमार साहू, नंदिनी साहू	फ्लैट-ख.नं. 126/69, प.ह.नं. 30, मौजा पत्थरखान तहसील-बिल्हा, जिला-बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: पूर्व: निस्तारी रास्ता, पश्चिम: शमीम बेगम का प्लॉट, उत्तर: विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण: विक्रेता का प्लॉट।	03-10-2025	8,44,567	08-12-2025	95,400	9,540	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
24.	धनसिंह, रानी पटेल	प्लॉट-ख.नं. 126/58, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30,रा.नि.मं. बिल्हा, विकासखंड एवं तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: उत्तर: शेष भूमि, दक्षिण: शेष भूमि, पूर्व : सड़क, पश्चिम: सड़क।	03-10-2025	8,90,928	08-12-2025	1,00,000	10,000	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
25.	चन्द्र शेखर चद्रवंशी, गस्पति चद्रवंशी	फ्लैट-ख.नं. 126/59 भाग, मौजा-पत्थरखान प.ह.नं. 30, रा.नि.मं.-बिल्हा बिलासपुर, तहसील-बिल्हा, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-485006 सीमाएँ: पूर्व : निस्तारी रास्ता, पश्चिम: शोमनाथ का प्लॉट, उत्तर: विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण: शहजादा का प्लॉट।	03-10-2025	8,99,878	08-12-2025	1,09,400	10,940	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
26.	यमन कुमार बेमिसाल, यनशाल कुमार बेमिसाल, उषा देवी बेमिसाल	मकान-ख.नं. 126/55 भाग, मौजा-पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं.-बिल्हा, बिलासपुर, तहसील-बिल्हा, जिला-बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-496001 सीमाएँ: पूर्व : निस्तारी रास्ता, पश्चिम: शोमनाथ का प्लॉट, उत्तर: विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण: शेरू असलम का प्लॉट।	03-10-2025	9,01,036	08-12-2025	65,640	6,564	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
27.	गीता देवी, लव कुमार साहिस	मकान-ख.नं. 126/64, प.ह.नं. 16/30, मौजा पत्थरखान, तहसील बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: पूर्व: सुनील का प्लॉट, पश्चिम: विक्रेता का प्लॉट, उत्तर: अन्य का प्लॉट, दक्षिण: निस्तारी रास्ता।	03-10-2025	9,45,116	08-12-2025	1,09,700	10,970	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
28.	राहुल श्रीवास, जलवती श्रीवास, दीपेंद्र श्रीवास	फ़्लैट-126/98, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा विकासखंड, तहसील बिल्हा और जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: पूर्व: निस्तारी रास्ता, पश्चिम: निस्तारी रास्ता। उत्तर: दुखीराम का प्लाट, दक्षिण: विक्रेता का प्लाट।	03-10-2025	8,37,142	08-12-2025	1,09,900	10,990	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
29.	अंकित कुमार, सुखमत बाई	मकान-126/98, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा विकासखंड, तहसील बिल्हा एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: उत्तर : विक्रेता का प्लाट, दक्षिण: रेखा रजक की भूमि, पूर्व: सड़क, पश्चिम: सड़क।	03-10-2025	8,35,668	08-12-2025	1,09,400	10,940	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
30.	नरेंद्र यादव, इंदल यादव, चंद्रिका यादव	प्लॉट-ख.नं. 126/2, ख.नं. 126/104, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 16/30, रा.नि.मं., तहसील एवं विकासखंड बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, सीमाएँ: पूर्व : सड़क, पश्चिम: विक्रेता का प्लॉट, उत्तर: विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण: रानी पांडे का प्लॉट।	03-09-2025	9,37,915	06-11-2025	1,10,000	11,000	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
31.	रामनाथ अनंत, संगीता अनंत, अवध राम अनंत, राजुला बाई सतनामी	फ्लैट-ख.नं. 128/105, मौजा पत्थरखान, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा विकासखंड, तहसील बिल्हा और जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण: सड़क, पूर्व: विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम: सड़क।	03-09-2025	8,59,627	06-11-2025	80,000	8,000	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
32.	बलवीर कुमार कुर्रे, प्रीति	फ्लैट-126/105, पत्थरखान, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा विकासखंड, तहसील बिल्हा व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण: सैय्यद सोहैल की भूमि, पूर्व: सड़क, पश्चिम : रमाकांत की भूमि।	03-09-2025	8,50,667	06-11-2025	88,000	8,800	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
33.	रविशंकर कश्यप, दिव्या कश्यप	फ्लैट-मौजा पत्थरखान, ख.नं.-126/59 भाग, मौजा-पत्थरखान प.ह.नं.30, रा.नि.मं.-बिल्हा बिलासपुर, तहसील-बिल्हा, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.) बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाए: पूर्व: निस्तारी रास्ता, पश्चिम: शोमनाथ का प्लॉट, उत्तर: हसीबुल का प्लॉट, दक्षिण: विक्रेता का प्लाट।	03-09-2025	10,08,322	06-11-2025	87,520	8,752	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
34.	दुखुराम निषाद, रूखमणि दुखुराम	प्लॉट-मौजा पत्थरखान, ख. नं. 126/64, प.ह नं. 16/30, मौजा पत्थरखान, तहसील बिल्हा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495224 सीमाएँ: पूर्व: सुनील का प्लाट, पश्चिम : मानसी मशी का प्लाट, उत्तर: अन्य का प्लाट, दक्षिण: निस्तारी रास्ता।	03-09-2025	9,35,706	06-11-2025	87,920	8,792	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
35.	ओमप्रकाश कौशिक, पिंकी कौशिक	प्लॉट-मौजा पत्थरखान ख.नं.126/54, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं., तहसील व विकासखंड बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: उत्तर: रमाकांत की भूमि, दक्षिण : विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व : गणेश व सुनील की भूमि, पश्चिम : सड़क।	03-09-2025	10,10,993	06-11-2025	1,09,800	10,980	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
36.	दीपक कुमार साहू, राहुल कुमार साहू	मकान-ख.नं.-126/65 भाग, मौजा-पत्थरखान प.ह.नं. 30, रा.नि.मं.-बिल्हा बिलासपुर, तहसील-बिल्हा, जिला-बिलासपुर, (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाए:: पूर्व : निस्तारी रास्ता, पश्चिम: नाहिद का प्लॉट, उत्तर : जगदीश पांडे का प्लॉट, दक्षिण : विक्रेता का प्लाट।	03-09-2025	9,11,232	06-11-2025	87,760	8,776	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
37.	सुशीला गढ़ेवाल, बृजलाल कविलाश	मकान-मौजा सैदा, मौजा सैदा ख.नं.37/62 प.ह.नं. 41 तहसील सकरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: पूर्व: विक्रेता का प्लाट, पश्चिम : निस्तारी रास्ता, उत्तर: विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण : विक्रेता का प्लॉट।	03-09-2025	11,57,515	06-11-2025	1,50,000	15,000	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
38.	विनोद कुमार, मोहन लाल महिलांग	प्लॉट-ख.नं. 126/105, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा, तहसील बिल्हा, जिला-बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: पूर्व: सड़क, पश्चिम: अन्य का प्लॉट, उत्तर : विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण: अन्य का प्लॉट।	03-08-2025	8,82,734	07-10-2025	88,000	8,800	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
39.	दिलेश्वर सोनवानी, सरिता सोनवानी	प्लॉट-ख.नं. 126/105, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा, तहसील-बिल्हा, जिला-बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: उत्तर: विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण: अन्य की भूमि, पूर्व: सड़क, पश्चिम: अन्य की भूमि।	03-08-2025	10,53,564	07-10-2025	88,000	8,800	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
40.	आशीष रजक, रमा बाई	ख.नं. 128/105, प.ह.नं. 30, मौजा पत्थरखान, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. बिल्हा विकासखंड, तहसील बिल्हा व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 सीमाए: पूर्व: विक्रेता का प्लाट, पश्चिम: निस्तारी रास्ता, उत्तर: विक्रेता का प्लाट, दक्षिण: विक्रेता का प्लाट।	03-08-2025	8,95,195	07-10-2025	3,09,000	30,900	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
41.	धनेश बंजारा, संदीप बंजारा, अंबिका प्रसाद बंजारा	ख.नं. 126/128, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं., तहसील व विकासखंड बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 सीमाए: पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम : लोहरानी का प्लाट, उत्तर: असफाक का प्लाट, दक्षिण: रानी पांडे का प्लाट।	03-08-2025	9,84,744	07-10-2025	88,000	8,800	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
42.	राज कुर्रे, ललिता कुर्रे, लता कुर्रे	मकान-ख. नं. 1704/3/घ/1 का भाग, प.ह.नं. 53, मौजा निरतु, तहसील सकरी जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 सीमाएँ: पूर्व: राधे श्याम की भूमि, पश्चिम: सड़क, उत्तर: कार्तिपारा सड़क, दक्षिण: गिरीश अग्रवाल की भूमि।	04-07-2025	10,71,540	06-09-2025	86,100	8,610	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
43.	मुकेश कुमार, प्रीति सर्वे	प्लॉट-ख.नं. 126/94 (भाग), प.ह.नं. 30, मौजा पत्थरखान, तहसील बिल्हा एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर छत्तीसगढ़-496001 सीमाए: पूर्व: गोविंद की भूमि, पश्चिम: प्रस्तावित सड़क, उत्तर: मुस्तफाक की भूमि, दक्षिण: विक्रेता की भूमि।	04-07-2025	13,90,777	06-09-2025	1,10,000	11,000	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
44.	देवी लाल कौशिक, बृहस्पति कौशिक	प्लॉट-ख.नं. 126/121, प.ह.नं. 30, मौजा पत्थरखान, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001, सीमाएँ: पूर्व: सड़क, पश्चिम: लोहरानी भूमि, उत्तर : विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण: विक्रेता का प्लॉट।	04-07-2025	9,81,923	06-09-2025	84,000	8,400	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
45.	प्रदीप कुमार बंजारे, अरुणा दिवाकर	प.ह.नं. 30, मौजा बिल्हा, ख.नं. 126/94(भाग), प.ह.नं. 30, मौजा पत्थरखान, तहसील बिल्हा व जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 सीमाए: पूर्व: गोविंद की भूमि,पश्चिम : प्रस्तावित सड़क, उत्तर : मुस्तफाक की भूमि, दक्षिण: विक्रेता की भूमि।	03-06-2025	13,41,483	07-08-2025	80,000	8,000	28-05-2026 (11am-2pm)	26-05-2026 (upto 5pm)	9730775533
46.	ओम प्रकाश सूर्यवंशी, संतोषी बाई	ख नं. 126/94, मौजा पत्थरखान,



आस्था
मृत्युंजय कार

स्थापत्य कला के मंदिरों में एक ओनाकोना

धमतरी से 27 कि मी और बालोद से लगभग 40 कि मी दूरी पर गंगरेल बांध के किनारे दक्षिण दिशा में ओनाकोना मंदिर स्थित है। मंदिर का शिल्प सौंदर्य अति प्राचीन है। स्थापत्य कला में संगमरमर पर चंदेल शैली अपनाई गई है। बाहरी दीवारों पर नक्काशी कर देवी देवताओं की मूर्ति ऊकेरी गई है। मिथुन मूर्तियां खजुराहो और भोरमदेव की याद दिलाती है। मंदिर के पीछे बाबा फरीद की याद में मस्जिद बनाई गई है। बताया जाता है कि बाबा ने ओनाकोना बांध किनारे कई वर्षो तक तपस्या की थी। उनकी धूनी आज भी जलती है। मन्नत लेकर भी भक्त पहुंचते रहते हैं। यहां का हरा भरा वातावरण तथा सौंदर्य समुद्र सा प्रतीत होता है। प्रकति के सौंदर्य का मजा लेने पर्यटक आते हैं और बोटिंग का भी आनंद लेते हैं। महाशिवरात्रि पर मंदिर में विशेष भीड़ देखी जाती है।

कला जगत
रामकुमार वर्मा

नहीं गाए जाते अब गड़हा ददरिया

छत्तीसगढ़ अंचल में परिस्थिति के अनुसार खानपान, रहन सहन और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी परिवर्तन होता आया है। अंचल में ददरिया गायन की प्राचीन परंपरा रही है। ददरिया छत्तीसगढ़ का प्रमुख प्रणय गीत है। इसमें गेयता, सजीवता, रसात्मकता तथा साहित्यिक कल्पना का अदभुत प्रयोग एवं सामंजस्य मिलता है। पहले के समय में भौतिक संसाधनों की अनुपलब्धता होने पर अधिकतम दूरी तय करने के लिए बैलगाड़ी का उपयोग ग्रामीण करते थे। इस यात्रा के दौरान पैदल या बैलगाड़ी में चलते हुए ददरिया गायन किया जाता था। इस ददरिया की विशेषता होती है कि पुरुष और स्त्री गायकों के बीच सवाल जवाब नहीं होता। इसमें गायक या गायिका अलग अलग गायन करते हैं। यदि रात्रि का सफर और चांदनी रात होती थी, तब लोग ददरिया का गायन करते थे -

पुन्नी के रात मैना चंदा के अंजोर।
जुगुर जागर चमकत हे गांव के गली खोर।

ऐतिहासिक
डा. टी. आर. रामटेके

छत्तीसगढ़ के गढों में एक सिमगा गढ़

सर्वे आफ इंडिया के अनुसार सिमगा गढ़ अक्षांस 21'-35' तथा देशान्स 81'-35' में स्थित है तथा इसकी समुद्र तल से ऊंचाई 259 मीटर है। यह रायपुर -बिलासपुर मार्ग पर जिला मुख्यालय रायपुर से उत्तर दिशा में 45 कि मी दूरी पर स्थित है। सिमगा तहसील मुख्यालय है, जिसके एक ओर शिवनाथ नदी बहती थी और तीन ओर खाई थी। यहां महामाया देवी का प्राचीन मंदिर है। इसके अलावा प्राचीन कंकालीन देवी मंदिर, शीतला देवी मंदिर व शिव मंदिर भी है। शिव मंदिर का काल निर्धारण 1230 ई इतिहासकारों ने किया है। सिमगा गढ़ प्राचीन व्यापारिक नदी जल मार्ग पर स्थित था। इस गढ़ के अवशेष वर्तमान काल में उपलब्ध नहीं है और प्राचीन गढ़ के अवशेष पर मराठा शासकों ने कस्बा बसाया था। महामाया मंदिर के परिसर में कलचुरीकालीन मूर्ति शिल्प अवशेष सुरक्षित रखे हुए हैं। कलचुरीकालीन सिमगा गढ़ के अंतर्गत 7 तालुका व 84 गांव थे। सन 1742 में मराठा सेनापति भास्कर राव पंत ने बंगाल विजय के पश्चात सिमगा गढ़ को रघुजी भोंसले को दिया था, जो आगे चलकर रघुजी प्रथम कहलाए। सिमगा के अंतिम जमींदार जींजाजी भोंसले थे।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भितिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

जनजातीय जीवन और कला दर्शाता भील लोक चित्र



कला जगत
स्वाति आनंद

जनजातीय जीवन मानव सभ्यता की उस आदि चेतना का प्रतिनिधित्व करता है, जहाँ जीवन, कला और प्रकृति के बीच कोई बनावटी विभाजन नहीं दिखाई देता। जनजातियाँ अपने अस्तित्व को प्रकृति की गोद में विकसित करती हैं और वहीं से अपने जीवन के अर्थ, मूल्य और विश्वास ग्रहण करती हैं। उनके लिए जीवन केवल जीविका का साधन नहीं, बल्कि एक समग्र अनुभव है, जिसमें सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक सभी पक्ष सहज रूप से एक-दूसरे में गुंथे हुए हैं।

जनजातीय या कहे आदिवासी समाज का आध्यात्मिक जीवन गहरे मिथकों से जुड़ा होता है। ये मिथक बाह्य दृष्टि से भले ही सरल, रहस्यमय अथवा अव्यवस्थित प्रतीत हों, परंतु उनके भीतर जीवन के गहन अर्थ और आस्थाएँ निहित होती हैं। इन्हीं मिथकों के आधार पर जनजातीय जीवन संचालित और मर्यादित होता है। मिथक उनके लिए केवल कथाएं नहीं, बल्कि ज्ञान, नैतिकता और परंपरा के संवाहक होते हैं, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी मौखिक परंपरा के माध्यम से हस्तांतरित होते रहते हैं। कितनी पीढ़िया से न जाने हमने अपनी कथाओं में जीवन दर्शन को

सहेज कर रखा है जो हमें सिर्फ नियम के साथ प्रकृति से जुड़ना ही सिखाती है।

जनजातीय कला इसी मिथकीय चेतना की सशक्त अभिव्यक्ति है। यह कला किसी प्रदर्शन या विलास की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन की सहज आवश्यकता है। चित्रकला, नृत्य, संगीत, शिल्प अथवा लोकगीत—सभी कलारूप उनके दैनिक जीवन से गहराई से जुड़े होते हैं। जनजातीय चित्रों में पशु-पक्षी, वृक्ष-वनस्पतियां , सूर्य, चंद्रमा और मानव आकृतियां बार-बार दिखाई देती हैं, क्योंकि यही उनका संसार है, यही उनकी स्मृति और अनुभव का विस्तार है।

इन कलाओं में यथार्थ का हूबहू चित्रण नहीं, बल्कि स्मृति और अनुभूति का चित्रांकन होता है। रंगों और रेखाओं का प्रयोग प्रतीकात्मक होता है—उजले, गाढ़े और चटख रंग जीवन की ऊर्जा और उल्लास को व्यक्त करते हैं।

जनजातीय कलाकार किसी बड़े-बड़े चित्रकारों की तरह प्रशिक्षित नहीं होते, फिर भी उनकी कला में मौलिकता, संतुलन और लय का अद्भुत सौंदर्य दिखाई देता है। यहां कला किसी एक वर्ग या व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती। यही कारण है कि जनजातीय संस्कृति को लोकधर्म की संज्ञा दी जा सकती है—एक ऐसा धर्म है जहां कला, विश्वास और जीवन एक-दूसरे से अलग नहीं, बल्कि परस्पर पूरक हैं। कला यहां स्वतंत्र सत्ता न होकर जीवन की अभिव्यक्ति है।

गांव की कहानी : चंपेश्वर गोस्वामी

ऐतिहासिक व पुरातात्विक महत्व का गांव तरीघाट

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से तरीघाट दक्षिण दिशा पर 30 कि मी दूरी पर स्थित है। यह मात्र एक छोटा सा गांव भर नहीं है बल्कि अनेक पुरातत्विक महत्व के स्थलों में से एक है। गांव के नाम के पीछे मान्यता है कि छत्तीसगढ़ी में तरी का अर्थ भीतर या अंदर होता है। और घाट का अर्थ नदी या तालाब जहां पानी में उतरने की ऐसी जगह जहां दैनिक दिनचर्या को सम्पन्न की जा सके। इस तरह तरी और घाट का संधि स्थल तरीघाट कहलाया। यहां खुदाई के दौरान प्राचीन किला और मंदिर के अवशेष मिले हैं। आज भी खुदाई के समय बहुमूल्य वस्तुएं यहां प्राप्त होती हैं। कहा जाता है कि यहां पहले व्यापारिक केंद्र हुआ करता था जिसमें व्यापारी नाव के माध्यम से माल लाना ले जाना करते थे। अनेक मंदिर के अवशेष के अलावा खंडित मूर्तियां यहां के व्यापारिक और धार्मिक समृद्ध परंपरा को उजागर करते हैं। पर्यटक भी दूर दूर से आज भी यहां के ऐतिहासिक धरोहरों को देखने पहुंचते रहते हैं।

परंपरा
गोविन्द धनगर

वैवाहिक संस्कारों में गीतों की मधुरता आज भी मौलिक

लोक साहित्य की नज़र से छत्तीसगढ़ की बोली भाखा, गीत अथाह समृद्ध हैं। विवाह संस्कार गीतों में मंगनी से लेकर चुलमाटी, मड़वा, हल्दी, तेल, परघनी स्वागत, बिदाई दस्तूर से लेकर भोजन परसने या जेवाने का गीत भी विशेष हैं। बाराती आगमन का हर्ष व आनंद उल्लास , पारम्परिक वाद्य मोहरी, गढ़वा बाजा की सुमधुर स्वर कान में सुनाते ही पैर थिरकते हुए स्वागत को तैयार रहते हैं -

अईसन समधी के सादा हे मेछा
मेछा म काजर लगाए हो।
अईसन समधी के दात हे भोभला ,
लाडू घलो नई चबाए हो।
बने बड़े तोला जानेव समधी,
मड़वा डारे बांस हो।
अलवा जलवा लुगरा लाने,
जरगे तोर नाक हो।
नदिया तीर के पटवा भाजी,
पटपट पट पट करथे हो।
आए हे बरतिया तेमन,
मट मट मट मट करथे हो।

ऐसे हास्य कटाक्ष शब्दों से भरा लोकगीत हमारे जीवन व लोक उत्सव परंपरा का हिस्सा हैं।

लोक साहित्य: डा. भालचंद्र राव तैलंग

छत्तीसगढ़ी में पहेली के पर्याय के रूप में जनऊला

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण समाज में पहेलियों का अपना स्वतंत्र अस्तित्व है। छत्तीसगढ़ी में पहेली के पर्याय के रूप में धंधा या जनऊला शब्द का व्यवहार किया जाता है। धंधा शब्द द्वन्द से विकसित हुआ है। इसमें प्रश्न करने और उत्तर देने वाले की बुद्धि की परीक्षा लेता है और उत्तरदाता अपने ज्ञान का सही उत्तर देकर प्रमाण प्रस्तुत करता है। शब्दकोश के अनुसार धंधा का अर्थ है - दो परस्पर वस्तुओं का जोड़ा, रहस्य, भेद की बात, गुप्त बात, दो आदमियों की लड़ाई, उलझन, झगड़ा और बखेड़ा आदि। पहेली के लिए कहीं कहीं हाना, कथा, कहिनी, बूझोवल आदि शब्दों का भी व्यवहार किया जाता है। यहां पहेली बुझाने को धंधा, धंधोना या जनऊला जनवाना और हाना जनवाना आदि कहा जाता है। पहेलियां समाज की सहज अभिव्यक्तियां हैं समूह की रचनाएं हैं। वैदिक काल से चली आ रही यह पहेलियां हमारी बुद्धि का परीक्षण करती रही हैं। यह ग्रामीण समाज की अमूल्य निधियां हैं। इन पहेलियों में बुद्धि केंद्रीय तत्व होती हैं और विनोद उसका फलागम। पहेलियों के विषय मूर्त और जीवन मूल्यों से सम्बद्ध होते हैं। इनमें सकारात्मक जीवन मूल्यों की विषय वस्तुएं अधिक होती हैं और नकारात्मक जीवन मूल्यों की विषय वस्तुएं कम। यही कारण है कि पहेलियों में ऐसे विषय वस्तु अधिक हैं जो मानव जीवन के सकारात्मक मूल्यों की अभिव्यक्ति करते हैं।

खबर संक्षेप

हिंदुस्तान जिंक का जस्ता तार संयंत्र के लिए करार

नई दिल्ली। वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने राजस्थान में जस्ता तार बनाने वाली इकाई लगाने के लिए मंगलवार को ग्रुप निर्मल के साथ समझौता किया। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस संबंध में भीलवाड़ा जिले में स्थित उसके जिंक इंडस्ट्रियल पार्क में संयंत्र लगाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

शहरों में बेरोजगारी मामूली घटकर 6.6 प्रतिशत पर

नई दिल्ली। शहरों में बेरोजगारी दर मार्च तिमाही में मामूली घटकर 6.6 प्रतिशत रही है। इससे पिछली तिमाही अक्टूबर-दिसंबर, 2025 में यह 6.7 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के निश्चित अवधि पर होने वाले श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के कुल 5,61,822 व्यक्तियों को शामिल किया गया था। मार्च तिमाही का अद्यतन आंकड़ा इस श्रृंखला का चौथा आंकड़ा है।

इंडियन होटल्स का लाभ बढ़कर 645 करोड़ रुपए

मुंबई/ नई दिल्ली। टाटा समूह की कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 14.71 प्रतिशत बढ़कर 645.43 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है। कंपनी ने जनवरी-मार्च तिमाही के इस नतीजे की सूचना शेयर बाजार को दी। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 562.66 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। आलोच्य तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 2,765.29 करोड़ रुपये हो गई। जो एक साल पहले की समान तिमाही में 2,425.14 करोड़ रुपये थी।



एनआईआईटी एमटीएस का लाभ 58 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली। कॉरपोरेट प्रशिक्षण समाधान मुहैया कराने वाली कंपनी एनआईआईटी एमटीएस ने मंगलवार को बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 58.3 प्रतिशत बढ़कर 77.11 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी। पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी ने 48.71 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय 22.2 प्रतिशत बढ़कर 525.21 करोड़ रुपये रही, जो वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 429.71 करोड़ रुपये था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि एआई आधारित सेवाओं का अब राजस्व में लगभग 13 प्रतिशत का योगदान है।

भारत को विदेशी पूंजी पर निर्भरता कम करनी चाहिए: उदय कोटक

सीआईआई के एक कार्यक्रम में बोले वित्त क्षेत्र के दिग्गज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त क्षेत्र के दिग्गज उदय कोटक ने मंगलवार को कहा कि भारत को विदेशी पूंजी पर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए और वास्तविक आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए दीर्घकालिक घरेलू जोखिम पूंजी का मजबूत आधार विकसित करना चाहिए। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कोटक ने कहा कि वास्तव में आत्मनिर्भर देश वही होता है जो ''किसी और के पैसे या ताकत पर निर्भर न हो।'' उन्होंने कहा, '' सच्चा आत्मनिर्भर देश वही है जिसे किसी और के धन या शक्ति पर निर्भर रहने की जरूरत न हो। कोटक ने कहा, '' मैं कंपनियों से आग्रह करता हूं कि वे अल्पकालिक शेयर कीमतों पर अत्यधिक ध्यान न दें बल्कि तीन से पांच साल का लक्ष्य लेकर चलें।'' उन्होंने साथ ही आगाह किया कि यदि तेल कीमतों में तेज वृद्धि होती है या विदेशी पूंजी प्रवाह उलट जाता है तो कमजोरियां सामने आ सकती हैं। कोटक ने देश के निजी इक्विटी, वेंचर कैपिटल और वैकल्पिक परिसंपत्ति ढांचे को मजबूत करने की भी वकालत की और कहा कि ये संस्थान उद्यमिता और दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी हैं। उन्होंने पेंशन फंड और बीमा कंपनियों को नियामकीय सुरक्षा के साथ धीरे-धीरे निजी बाजारों में अधिक निवेश की अनुमति देने की भी वकालत की।

विदेशी यात्राएं सीमित करे

पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से विदेशी यात्राएं सीमित करने और जहां संभव हो, 'वर्क फ्रॉम होम' करने की अपील की है। निजी क्षेत्र के बैंक कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक कोटक ने कहा कि वैश्विक माहौल तेजी से खंडित हो रहा है।

घरेलू आर्थिक बुनियाद को मजबूत करना जरूरी

देश अपने-अपने रणनीतिक हितों को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऐसे में भारत के लिए अपनी घरेलू आर्थिक बुनियाद को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कई कंपनियां तिमाही नतीजों, शेयर कीमतों आदि पर अत्यधिक ध्यान दे रही हैं। बजाय इसके उन्हें तीन से पांच साल के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

आयोग के सदस्य गौबा ने कहा, सरकार सुधार जारी रखेगी

उद्योग को आरएंडडी पर खर्च बढ़ाना होगा संरक्षणवाद की प्रवृत्ति छोड़नी होगी: नीति आयोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने मंगलवार को कहा कि सरकार सुधार जारी रखेगी और भरोसा-आधारित शासन के मूलभूत पहलुओं पर काम करेगी। हालांकि, उद्योग को अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) पर निवेश बढ़ाना होगा और संरक्षणवाद की प्रवृत्ति छोड़नी होगी ताकि भारत वैश्विक उत्पादन एवं नवाचार का आकर्षक केंद्र बन सके। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन में गौबा ने कहा कि सरकार सुधार एजेंडा को जारी रखेगी लेकिन उद्योग को कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देना होगा जिसमें अनुसंधान एवं विकास में निवेश ''पहला'' मुद्दा है।

■ सरकार भरोसा आधारित शासन के मूलभूत पहलुओं पर काम करेगी

मुक्त व्यापार निर्यातकों के लिए बड़े बाजार खोलेंगे

भारत सरकार ने ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और न्यूजीलैंड के साथ महत्वपूर्ण व्यापार समझौते किए हैं और कई अन्य प्रक्रिया में हैं। ये भारतीय निर्यातकों के लिए नए बड़े बाजार खोलेंगे लेकिन मुक्त व्यापार का सिद्धांत पारस्परिकता की मांग करता है।

कौशल विकास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं

गौबा ने इस बात पर जोर दिया कि उद्योग मानव संसाधन के कौशल विकास पर ध्यान दे क्योंकि सरकार अकेले यह नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, '' सरकार ने 'स्किल इंडिया मिशन' के माध्यम से महत्वपूर्ण निवेश किए हैं। मेरा मानना है कि कौशल विकास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं हो सकता।

आरएंडडी पर कुल व्यय बहुत कम

गौबा ने कहा, '' जैसा कि हम सभी जानते हैं कि भारत का अनुसंधान एवं विकास पर कुल व्यय कम है। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 0.7 प्रतिशत पर अटका हुआ है जो वैश्विक औसत 2.3 प्रतिशत से काफी नीचे है। यह दक्षिण कोरिया तथा इजराइल जैसे देशों से बहुत कम है। इस 0.7 प्रतिशत में से 60 प्रतिशत सरकार द्वारा वित्तपोषित है।''

आरएंडटी में निवेश लागत नहीं, रणनीतिक बढ़त

गौबा ने कहा, '' मेरा मानना है कि भारतीय उद्योग को अनुसंधान एवं विकास में अधिक निवेश करना चाहिए एवं प्रौद्योगिकी आयात करने से उसे विकसित करने की ओर बढ़ना चाहिए। आरएंडडी में निवेश लागत नहीं है, यह रणनीतिक बढ़त है।''

उद्योग वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौती स्वीकार करे

सदस्य ने भारतीय उद्योग से यह भी आग्रह किया कि वह वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौती को स्वीकार करे, खासकर तब जब देश अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) कर रहा है। नीति आयोग के सदस्य ने कहा, भारतीय उद्योग को संरक्षणवाद की अपनी प्रवृत्ति छोड़नी होगी।

एआई से जुड़ी नौकरियों में 15-20 प्रतिशत की वृद्धि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आईटी उद्योग के कई क्षेत्रों में बदलाव की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में कृत्रिम मेधा (एआई) से संबंधित नौकरियों की मांग 15 से 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। उद्योग मंडल सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में मंत्री ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे आईटी उद्योग के कई क्षेत्रों में अभी बदलाव की आवश्यकता होगी, लेकिन एआई से संबंधित नौकरियों में वृद्धि हो रही है।' मंत्री ने कहा कि 2047 तक डेटा सेंटर के मामले में कर छूट देने के बाद, इस क्षेत्र में निवेश में भारी उछाल आया है। वैष्णव ने कहा, 'क्षेत्र में निवेश आ रहा हैं। डेटा सेंटर अर्थव्यवस्था में लगभग 200 अरब डॉलर का निवेश आ रहा है।' उन्होंने कहा कि देश मौजूदा नेटवर्क के अतिरिक्त समुद्र के रास्ते तीन बड़े केबल नेटवर्क बना रहा है। मंत्री ने कहा, पहला नेटवर्क विशाखापत्तनम से ऑस्ट्रेलिया और फिर अमेरिका तक जाएगा। दूसरा नेटवर्क भारत के दक्षिणी तट से होते हुए पश्चिम एशिया, यूरोप और फिर अमेरिका के पूर्वी तट तक जाएगा। तीसरा नेटवर्क केप ऑफ गुड होप तक जाएगा और फिर अमेरिका तक पहुंचेगा। ये तीन बड़े समुद्री केबल नेटवर्क और कुछ अन्य नेटवर्क, जिनकी योजना अभी बनाई जा रही है, हमें डिजिटल बुनियादी ढांचे का एक बड़ा आधार प्रदान करेंगे। यह आने वाले वर्षों में हमारी विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

■ वैष्णव ने कहा, आईटी उद्योग के कई क्षेत्रों में बदलाव की आवश्यकता



भारत में एआई सर्वर का विनिर्माण शुरू

मंत्री ने कहा कि एचपी ने भारत में एआई सर्वर का विनिर्माण शुरू कर दिया है और अब उन्होंने गूगल और कुछ अन्य कंपनियों से स्थानीय स्तर पर सर्वर का उत्पादन शुरू करने का अनुरोध किया है।

फ्रैक्टल एनालिटिक्स का लाभ दोगुना होकर 116 करोड़ रुपए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी फ्रैक्टल एनालिटिक्स का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 116 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 55.5 करोड़ रुपये था। फ्रैक्टल एनालिटिक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (समूह) श्रीकांत वेलामकन्नी ने कहा, 'इस वृद्धि का नेतृत्व स्वास्थ्य देखभाल और जीवन विज्ञान खंड ने किया, जिसमें चौथी तिमाही में 82 प्रतिशत और समूचे वर्ष में 66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। इसके बाद बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा खंड में पूरे वर्ष में 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।'

गेहूं का उत्पादन पिछले साल से अधिक रहेगा

नई दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण हुए स्थानीय नुकसान के बावजूद चालू फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) में देश का गेहूं उत्पादन, पिछले साल के 11 करोड़ 79.4 लाख टन को स्तर को लांघ जाने की संभावना है। चौहान ने यहां एक कार्यक्रम के मौके पर संवाददाताओं से कहा, 'हमारा मानना है कि गेहूं का उत्पादन पिछले साल से बेहतर होगा।' उन्होंने कहा कि फसल अच्छी है और रिकॉर्ड खरीद होगी।

भारत खाद्य तेल के आयात का बढ़ता बोझ नहीं उठा सकता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्यतेल निकाय एसईए ने लोगों से खाद्यतेल का कम इस्तेमाल करने की प्रधानमंत्री की अपील का स्वागत करते हुए कहा कि इससे आयात पर निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए खाद्यतेल की खपत कम करने, रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल घटाने, प्राकृतिक खेती और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। ''द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया'' (एसईए) ने एक बयान में कहा कि खाद्य तेल की खपत को नियंत्रित करने को लेकर प्रधानमंत्री की अपील का आर्थिक और रणनीतिक महत्व कहीं अधिक गहरा है। एसईए के कार्यकारी निदेशक बी वी मेहता ने कहा, 'जलवायु अनिश्चितताओं में वृद्धि, बायोडीजल अनिवार्यताओं के कारण वैश्विक वनस्पति तेल आपूर्ति में सख्ती और भू-राजनीतिक तनाव से बढ़ते जोखिमों के बीच देश के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाने का यह सही समय है। घरेलू तिलहन उत्पादन बढ़ाने के साथ संतुलित खपत की आदतें भी निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।' भारत खाद्यतेल की अपनी घरेलू जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात से पूरा करता है।

■ उद्योग निकाय एसईए ने पीएम की अपील का किया स्वागत

खाद्य तेल की कीमतें अस्थिर बनी हुई

ये कारक विदेशों से होने वाली आपूर्ति पर निर्भर भारत जैसे देशों के लिए खाद्यतेल की कीमतों और आयात की लागत को प्रभावित करते हैं। मेहता ने कहा, 'ऐसे समय में जब अल नीनो जैसे वैश्विक मौसम जोखिम कृषि उत्पादन के लिए खतरा बने हुए हैं और अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद्यतेल की कीमतें अस्थिर बनी हुई हैं, भारत आयात पर बढ़ती निर्भरता का बोझ नहीं उठा सकता है।'खजाने पर 18 अरब डॉलर का बोझ डालता है एसईए ने कहा कि वैश्विक कीमतें बढ़ने की स्थिति में भारत के राष्ट्रीय खजाने पर एक बड़ा बोझ (पिछले साल 18 अरब डॉलर) डालता है। भारत इंडोनेशिया और मलेशिया से पाम तेल का आयात करता है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)
प्रथम निविदा विज्ञप्ति

नि.क्र.52/न.पा.नि./जोन क्र.08/2025-26 बिलासपुर दिनांक 12.05.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा दिनांक 01.06.2026 तक आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का विवरण	राशि रु. (लाख में)	अमानत राशि (लाख में)
1	वार्ड क्र. 63 बाल कल्याण समिति में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य।	6.49	5,000.00
2	वार्ड क्र. 63 अरविंद नगर के शिव मंदिर के पास कक्ष एवं शेड निर्माण कार्य।	4.00	4,000.00

निविदा से संबंधित अन्य जानकारी ज़ोन क्र.08 कार्यालय भवन सिटी बस डिपो प्रथम तल कोनी से अथवा निगम की वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, ज़ोन क्र.08 न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No.02-16/CE(S&P)/TR-25/S&P/64/0226 Raipur, Dtd. 11-5-2026

E-BIDDING TENDER NOTICE

Online bids are invited by the undersigned through CSPTCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced manufacturers/eligible bidders for Supply of following material-

S.N.	Tender no. /RFx No.	Description	Due Date & time
1.	TR- 25/S&P/64 RFx No-8100051461	1) 33/0.415 KV,200 KVA, Station Transformer 2) 33/0.415 KV,500 KVA, Station Transformer	02.06.2026 Upto 15:00 Hrs

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:– **https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal** Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (S&P)
CSPTCL: Raipur

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित, अंबिकापुर
(छ.रा.वि.मं. की उत्तरदायी कम्पनी)

बिजली बंद की सूचना

अंबिकापुर शहरी क्षेत्र के समस्त सम्माननीय के विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि, विद्युत लाइनों एवं उपकरणों को मानसून पूर्व आवश्यक रखरखाव हेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में अंकित तिथि एवं समय पर विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

क्र.	दिनांक	समय	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	13.05.26	प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक	11 के.व्ही. टाउन फीडर	गांधी चौक, मिशन हास्पीटल, त्रिकोण चौक, भट्ठी रोड, पहुना दुकान आई.टी.आई आदि।
2	14.05.26	--,,--	11 के.व्ही. डी.सी.रोड फीडर	कलेक्टर बंगला, गुदरी चौक अरूण संगीत महाविद्यालय, तिरौले गली. डी.सी रोड आदि।
3	15.05.26	--,,--	11 के.व्ही. सोनपुर फीडर	चोरका कच्छार, संजय पार्क, सरगवॉ पैलेस, आर्शीवाद एवं बालाजी कोल्डस्टोरेज आदि।
			11 के.व्ही.दर्रीपारा फिडर	जिला चिकित्सालय, अग्रसेन भवन, सुनीता सोनोग्राफी, दर्रीपारा आदि क्षेत्र।
4	16.05.26	--,,--	11 के. व्ही. तकिया फीडर	मायापुर, घुटरापारा और चांदनी चौक इत्यादि।
			11 के. व्ही. लक्ष्मीपुर फीडर	लक्ष्मीपुर, बंजारी, बहेरापारा इत्यादी क्षेत्र।
5	17.05.26	--,,--	11 के. व्ही. कलेक्ट्रेट फीडर	कलेक्ट्रेट परिसर, सत्तीपारा, पॉलिटेक्निक कालेज इरानी मोहल्ला व अंबिकावाणी आदि।
			11 के.व्ही. गंगापुर फीडर	मेडिकल कैम्पस, तुलसी चौक, छबडा गैरेज, मासूम हस्पीटल व संजीवनी हस्पीटल आदि।
6	18.05.26	--,,--	11 के.व्ही. महामाया फीडर	महामाया रोड, चिलम चौक, रसूलपुर, एल. आई.सी. कार्यालय बरेजपारा इत्यादि क्षेत्र।
			11 के.व्ही भाथुपारा फीडर	मणीपुर, जिला अस्पताल, एवं माथुपारा आदी।
			11 के. व्ही. अजिरमा फीडर	विशुनपुर, केन्द्रयी विद्यालय, साई रेसीडेन्स रेल्वे स्टेशन कृषि कालेज व अजिरमा आदि।
7	19.05.26	--,,--	11 के. व्ही. कुण्डला सिटी फीडर	कुण्डला सिटी, अग्रेसेन चौक, दुर्गाबाड़ी, देवेश्वर कालोनी आदि।
			11 के. व्ही.डी.सी रोड फीडर	लरंग साय चौक, रामानुजगंज रोड, तकिया रोड एवं डी.एफ.ओ बंगला इत्यादी।
			11 के.व्ही. गांधीनगर फीडर	कंवरपारा, विशुनपुर, रामनिवास कालोनी आदि।
8	20.05.26	--,,--	11 के.व्ही. बस स्टेण्ड फीडर	हरसागर तालाब, आयान मार्ग, खरसिया नाका, जोडा तालाब दरिमा रोड आदि।
			11 के. व्ही. ट्रांसपोर्टनगर फीडर	चाउर पारा, बहेरापारा, ड्राग्स हाउस आदि।
			11 के. व्ही. टी.वी. फीडर	उर्सुलाईन, चोपडापारा, शिवधारी कालोनी, व खालपारा आदि।
9	21.05.26	--,,--	11 के.व्ही. नवापारा फीडर	सियान सदन, काफी हाउस, जवाहर मार्केट आदि।
			11 के. व्ही. फील्टर प्लांट फीडर	नवागढ, महामाया मंदिर, आक्सीजन पार्क एवं घुटरापारा आदि।

नोट– आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है ।
स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएँ –
–"विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है"–

कार्यपालन यंत्री (शहर) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.क.लि., अंबिकापुर

कार्यालय नगर पंचायत वाड्रफनगर, जिला - बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
Email id-cmowadrafnagar@rediffmail.com

क्रमांक/376/ लो.नि.वि./न.पं./2026 वाड्रफनगर, दिनांक 12/05/2026

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य हेतु ई-प्रोक्योरमेंट पद्धति द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है:–

BID SUBMISSION START DATE - 13-05-2026 TIME-11:00
BID DUE DATE - 03-06-2026 TIME-17:30
PHYSICAL SUBMISSION DATE - 04-06-2026 TIME-17:30
BID OPEN DATE - 05-06-2026 TIME - 11:00

S. No.	System Tender No.	Name Of Work	Estimated Cost (In Lacs)	Earnest Money Deposit	Time Period Of Completion
1	190762	Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of WADRAFNAGAR, Chhattisgarh	Rs 26.29	Rs. 13145/-	06 Month

स्वच्छ भारत-स्वस्थ्य भारत निर्माण में योगदान दें।

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https:// eproc.cgstate.gov.in अथवा http://uad.cg.gov.in पर या कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत वाड्रफनगर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
(छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी)

बिजली बंद की सूचना

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि 33/11 के.व्ही. लमगॉव उपकेन्द्र में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मर फेल हो जाने के कारण नया पॉवर ट्रांसफार्मर दिनांक 13.05.2026 दिन बुधवार को लगना प्रस्तावित है, जिसके कारण लमगॉव उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 11 के.व्ही. फीडर की विद्युत आपूर्ति प्रातः 7.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक बाधित रहेगी।

सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

नोट- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है ।
स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएँ
"विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है"

कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि. अंबिकापुर

प्रथम पृष्ठ का शेष

पर्चा लीक, आखिरकार...

के हित में और राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली में भरोसे को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। एजेंसी ने स्वीकार किया कि परीक्षा को दोबारा आयोजित करने से परीक्षार्थियों और उनके परिवारों को 'वाकई बड़ी असुविधा' होगी। उसने कहा कि लेकिन परीक्षा प्रणाली में विश्वास को 'बड़ी और स्थायी क्षति' से बचाने के लिए यह निर्णय आवश्यक था। एनटीए के अनुसार, मई 2026 के सत्र में पंजीकृत उम्मीदवारों की जानकारी और चुने गए परीक्षा केंद्रों को पुनः आयोजित होने वाली परीक्षा में शामिल किया जाएगा। बयान में कहा गया है, नए पंजीकरण की आवश्यकता नहीं होगी और कोई अतिरिक्त परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। बयान के अनुसार विद्यार्थियों द्वारा भुगतान की गई फीस वापस कर दी जाएगी और परीक्षा एनटीए के आंतरिक संसाधनों का उपयोग कर पुनः आयोजित की जाएगी। एजेंसी ने कहा कि परीक्षा की नयी तारीखें और संशोधित प्रवेश पत्र की समय सारणी की सूचना आने वाले दिनों में आधिकारिक चैनलों के माध्यम से दी जायेगी तथा परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों को सलाह है कि वे केवल एजेंसी द्वारा जारी की गई सत्यापित जानकारी पर ही भरोसा करें। एनटीए ने रविवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया था कि प्रश्न पत्रों को 'जीपीएस-ट्रैकिंग' वाले वाहनों में ले जाया गया था, जिन पर विशिष्ट, 'ट्रेस' करने योग्य 'वॉटरमार्क' लगे थे तथा परीक्षा केंद्रों की निगरानी एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से एआई-सहायता प्राप्त सीसीटीवी निगरानी के माध्यम से की गई थी। उसने कहा था, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को नीट (यूजी) 2026 से संबंधित कथित अनियमितताओं के संबंध में राजस्थान विशेष अभियान समूह द्वारा शुरू की गई कार्रवाई की जानकारी है। तीन मई, 2026 को परीक्षा निर्धारित समय पर और पूर्ण सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत आयोजित की गई थी।

रायपुर में...

मैच के लिए टीम के टॉप ऑर्डर शीर्ष क्रम को और मजबूत करने पर काम किया जा रहा है। **नेट्स पर दिग्गजों ने बहाया पसीना** -मंगलवार को हुए कड़े नेट प्रैक्टिस के दौरान आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और रजत पाटीदार शानदार लय में दिखे। वहीं, केकेआर की ओर से 'सिक्सर किंग' रिंकू सिंह और अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने भी नेट्स पर जमकर अभ्यास किया। रायपुर में होने वाले इस हाई-वोल्टेज मुकाबले को लेकर क्रिकेट फैंस में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

अब जमानत के...

राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, 'छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय नियम, 2007' में तत्काल प्रभाव से बदलाव किए गए हैं। **क्यों अहम है यह बदलाव?** -कानूनी जानकारों का मानना है कि इस संशोधन से अदालतों का समय बचेगा। अक्सर जमानत की सुनवाई के दौरान अभियुक्त के पुराने इतिहास या ट्रायल की वर्तमान स्थिति को लेकर अस्पष्टता रहती थी। अब आवेदन के साथ ही 'पार्ट-ए से पार्ट-एफ' तक की जानकारी उपलब्ध होने से न्यायाधीशों को फैसला लेने में आसानी होगी और प्रक्रिया में तेजी आएगी। यह आदेश संविधान के अनुच्छेद 225 और 227 के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए लागू किया गया है।

इन 6 श्रेणियों...

गिरफ्तारी की तारीख और अब तक जेल में बिताई गई कुल अवधि की सटीक जानकारी देनी होगी। ट्रायल का स्टेटस, केस किस स्तर पर है (जांच, चार्जशीट या ट्रायल), कुल कितने गवाह हैं और कितनों के बयान दर्ज हो चुके हैं, यह स्पष्ट करना अनिवार्य है। आपराधिक इतिहास- आवेदक के खिलाफ पहले से दर्ज एफआईआर और पुराने मामलों की वर्तमान स्थिति (लंबित, बरी या सजा) की जानकारी देनी होगी। पिछली जमानत अर्जी: क्या पहले भी जमानत के लिए आवेदन किया गया था? यदि हां, तो किस कोर्ट में और उसका क्या नतीजा रहा। कठोर कानूनी कार्रवाई- यदि आवेदक के खिलाफ कोई गैर-जमानती वारंट जारी हुआ हो या उसे 'भगोड़ा अपराधी' घोषित किया गया हो, तो उसका विवरण भी टेबल में देना होगा।

सरकार ने तय किए...

जिम्मेदारी तय होगी, वरना उन्हें भारी जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी इस आदेश के अनुसार, राज्य के सभी नगर निगमों और नगर पालिकाओं को अपने क्षेत्रों में थोक कचरा पैदा करने वाली इकाइयों की पहचान और पंजीकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

सिस्टर नहीं, अब...

एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि चिकित्सा सेवा में मानवीय संवेदनाओं और सेवा भाव का सबसे बड़ा उदाहरण नर्सिंग स्टाफ प्रस्तुत करता है। उन्होंने कोविड काल में नर्सिंग स्टाफ की सेवाओं को याद करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी नर्सों ने समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य किया। चिकित्सा सेवा में नर्स मां के समान होती है, उनका दर्जा मां के समान उच्च है, क्योंकि वे मरीजों की देखभाल परिवार की तरह करती हैं। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वर्षों से लंबित कई सुविधाओं और व्यवस्थाओं को पूरा किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल कालेज के डीन डॉक्टर विवेक चौधरी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर सहित अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सकगण तथा बड़ी संख्या में नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहे। **आत्मसम्मान और मनोबल को मिलेगी नई ऊर्जा** - नर्सिंग ऑफिसर्स एसोसिएशन पदनाम परिवर्तन की घोषणा के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार प्रकट किया है। एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष डा. रीना राजपूत ने कहा कि यह निर्णय केवल पदनाम परिवर्तन नहीं, बल्कि नर्सिंग सेवाओं के समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा एवं गरिमा को सम्मान एवं पहचान देने वाला ऐतिहासिक कदम है। इससे प्रदेश के हजारों नर्सिंग कर्मचारियों के आत्मसम्मान और मनोबल को नई ऊर्जा मिलेगी। यह घोषणा समस्त नर्सिंग समुदाय के लिए अत्यंत गौरव, हर्ष एवं सम्मान का विषय है।

कुम्हारी में सिलेंडर...

खपरी कुम्हारी निवासी अनिल वैष्णव (45 वर्ष), लक्ष्मी (20 वर्ष), चांदनी (18 वर्ष) और डेढ़ वर्ष की मासूम गोपिका घटना के वक्त घर पर ही थे। दोपहर अचानक बिजली पोल में शार्ट सर्किट होने से मकान के चारों ओर आग लग गई। मकान के भीतर गैस सिलेंडर भी था, जिसमें जोरदार विस्फोट होने से चारों जिंदा जल गए। बताया जा रहा है कि जब हादसा हुआ तो मकान में 2 बहनें मौजूद थीं। जिसमें एक विवाहित थी। उसकी एक डेढ़ साल की बेटी भी जिंदा जली है। खबर लगने पर एसडीआरएफ व दमकल कर्मी घटना स्थल पर पहुंचे। मकान में लगी आग को बुझाया तब तक चारों पूरी तरह से जल चुके थे। शव को पीएम के लिए भेजा गया। इस पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है। अचानक मकान के सिलेंडर में विस्फोट से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है। घटना स्थल पर केबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, गजेन्द्र यादव, सांसद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, भाजपा नेता राकेश पाण्डेय समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी पहुंचे थे। **9 लाख रुपए मदद** - इस हादसे को लेकर प्रदेश के सीएम ने मृतकों को 5-5 लाख रुपए और जिला प्रशासन की ओर से 4-4 लाख रुपए मुआवजा देने की घोषणा की है।

पाइप लाइन का...

चल रहा था। इस दौरान जेसीबी और चेन माउंट मशीन की मदद से खुदाई की जा रही थी। अचानक मिट्टी धंसने से वहां काम कर रहे मजदूर मलबे में दब गए। मृतकों में बैसाखिन बाई, किशुन सोरी की पहचान हुई है। वहीं तीसरे की पहचान में पुलिस जुटी हुई है। मामले में अभी पुलिस पड़ताल जारी है। जांच उपरांत स्पष्ट हो सकेगा कि किसकी लापरवाही से घटना घटित हुई है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और राहत–बचाव कार्य शुरू कराया गया। हादसे के पीछे निर्माण कार्य में लापरवाही को वजह माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

दो करोड़ की...

ने दौड़ाकर पंजाब अमृतसर के दो तस्करों व शहर के तीन खरीददारों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पंजाब के तस्करों के पास से 50 ग्राम सफेद हेरोइन मिली। पुलिस ने हेराइन जब्त कर पांचों को हिरासत में ले लिया है। जब्त हेरोइन की मार्केट में कीमत 2 करोड़ रुपए बताई जा रही है। पुलिस पंजाब के तस्करों से हेरोइन व खरीददारों से शहर के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है

साय के संकेत,...

बाधा के बाद, प्रधानमंत्री ने देश की जनता से अपील की है कि पेट्रोल-डीजल के उपयोग में किफायत बरतने का अव्हान किया है। राज्य सरकार ने पेट्रोल पर और डीजल पर कटौती के बाद अब सरकारी खर्चों में भी कटौती की रणनीति अपनाई है। **स्टेट गैरेज से 200 सरकारी वाहन आवंटित** -अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज से लगभग 200 कार और अन्य सरकारी वाहन मंत्रियों और अधिकारियों को आवंटित है। इन वाहनों में प्रतिदिन की पेट्रोल-डीजल की खपत तय है। बताया जाता है कि मंत्रालय जाने वाले अधिकारियों के गाड़ियों में खपत कम होती है। वहीं मंत्रियों और टूर वाली सरकारी वाहनों में पेट्रोल-डीजल की खपत अधिक होती है। राज्य शासन के द्वारा अधिकृत पेट्रोल पंप से ईंधन पर्ची के माध्यम से भराया जाता है।

छत्तीसगढ़ के भाजपा...

संगठन में बड़ा महत्व मिलता रहा है, लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है कि भाजपा कोर ग्रुप की बैठक हो रही है और इसमें बृजमोहन अग्रवाल को बुलाया हीनहीं गया है। जानकारों का कहना है कि एक दिन पहले कोर ग्रुप की बैठक की सूचना बृजमोहन अग्रवाल के कार्यालय में दी गई थी कि उनको बैठक में आना है, लेकिन अचानक फिर से उनके कार्यालय में सूचना दी गई कि अभी बैठक में नहीं आना है।

कार्यालय नगर पंचायत कोतबा, जिला जशपुर (छ.ग.)
E-mail Id - cmonpkotba@gmail.com

क्रमांक/79/न.पं./2026-27 कोतबा, दिनाँक 11/05/2026

नगर पंचायत कोतबा अंतर्गत निम्न विकास कार्य हेतु निर्माण कार्य कराया जाना है जिसके लिए ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है. जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्रं.	कार्य का विवरण	सिस्टम टेंडर नम्बर	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	अमानत राशि (एफडी आर)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of KOTBA, Chhattisgarh	190662	25.67	12,900	01.06.2026
2	वार्ड क्रं. 02 में मुक्तिधाम निर्माण कार्य	190690	58.18	44,000	01.06.2026

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.csstate.gov.in देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। अमानत राशि (टीडीआर / एफडीआर / डीडी वापसी योग्य नहीं) तथा दस्तावेज उपरोक्त तिथि को नगर पंचायत कोतबा में पंजीकृत / स्पीड डाक से प्रेषित करें।
नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें एवं
नगर को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कोतबा जिला-जशपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र. निर्माण/2026 दिनांक 08.05.2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू. लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
1	कोरबा जोन पावर हाउस रोड फाटक से पुराने बस स्टैण्ड (अंडर ब्रिज रोड) तक सड़क डामरीकरण कार्य (अधोसंरचना मद) (द्वितीय निविदा)	132.96	25.05.2026 (T.No. 190569)
2	कोरबा जोज में सुनालिया ब्रिज से पावर हाउस रोड फाटक (अंडर ब्रिज रोड) तक सड़क डामरीकरण कार्य (अधोसंरचना मद) (द्वितीय निविदा)	95.38	25.05.2026 (T.No. 190570)

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी देखी जा सकती है।
।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें ।।

अधीक्षण अभियंता
नगर पालिक निगम कोरबा (छत्तीसगढ़)

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो मुंगेली (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

पीएम श्री जवाहर नवोदय दाबो, विद्यालय, मुंगेली में सत्र 2026-2027 हेतु मांसाहार, किराना / राशन, मिठाई एवं बेकरी, दवाई, फल-सब्जी, गणवेश प्रेस एवं धुलाई, केश कर्तन, टकशॉप तथा लैब आइटम्स इत्यादि हेतु पंजीकृत फर्मों से मुहरबंद निविदाएं हस्ते अथवा पंजीकृत डाक से दिनांक 01.06.2026 को अपराहन 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 02.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे विद्यालय क्रय सलाहकार समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष प्राचार्य कक्ष में खोली जावेगी। Technical bid and Financial bid पृथक-पृथक लिफाफे (क्रमशः सफेद एवं पीला रंग) में जमा करना अनिवार्य है, ऐसा न करने की स्थिति में निविदा स्वतः निरस्त मानी जावेगी, एवं निविदाकर्ता को मूलतः लिफाफा वापस कर दिया जावेगा। निविदा प्रपत्र सह नियम व शर्तें एवं अन्य जानकारी मद सामाग्री सूची को कार्यालय प्राचार्य, पीएम श्री जवाहर नवोदय दाबो, मुंगेली से दिनांक 12.05.2026 से 30.05.2026 के दौरान किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से 02:00 बजे तक एवं दिनांक 01.06.2026 को दोपहर 12 बजे तक रू 500.00 प्रति निविदा की दर से नगद अथवा डिमांड ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म एवं अन्य जानकारी विद्यालय के वेबसाईट https://www.navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/ Mungeli/ en/ home से भी डाउनलोड किया जा सकता है। डाउनलोड किया हुआ निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 500 प्रति निविदा की दर से अलग से डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करें तथा अमानत राशि के ड्राफ्ट के साथ न जोड़ा जावे। निविदा प्रपत्र के साथ अमानत राशि की बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय चातरखार जिला मुंगेली के पक्ष में भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा मुंगेली में देय हो, जमा करना अनिवार्य है। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा तथा विलंब की जवाबदारी निविदादाता की होगी। अमानत राशि चेक / धनादेश के रूप में स्वीकार्य नहीं होगा।

प्राचार्य
पीएम श्री ज.न.वि. दाबो, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं
• लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग
• हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी
• कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक: छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय: सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन: 0771-2546760, 9300323131

Sai Care Hospital
श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
उपलब्ध सेवायें
कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, पाईल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, हार्ड थ्रस प्रेशर (उच्च रक्तचाप), लिवर व किडनी रोग, थाइरॉयड सर्जरी, हैल्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट: 0771-4020089, 9630067422

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग
• बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड
• बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे
MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन: 0771-4060929, मो. 7389485756

HMS
साईटिका तेल
शिव
साइटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
नकली माल से सावधान

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email- hbclassified375@gmail.com
Classified
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

आवश्यकता है

आवश्यकता है- English (PGT), भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, संस्कृत तथा व्यायाम शिक्षक की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- Sure Success Institute, Bilaspur 9170066499 (40838)

आवश्यकता है- थोक टॉयज (खिलौना) दुकान में कार्य करने हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- हिन्दुस्तान टॉयज वृन्दावन परिसर, तेलीपारा बिलासपुर 9827186198 (40841)

आवश्यकता है- घरेलू कार चलाने हेतु 5वर्ष अनुभवी नशामुक्त (उम्र 25-45 वर्ष) ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार ड्राइविंग लाइसेंस सहित सम्पर्क करें- Cross Road Business Park Vypaar Vihar Bilaspur 9827174659 (40843)

आवश्यकता है- फ्लैक्स एवं फोटोकॉपी हेतु कम्प्यूटर आपरेटर (हिन्दी टाइपिंग अनिवार्य) एवं ऑफिस कार्य करने के लिए लड़के की आवश्यकता है। अनुभवी ही सम्पर्क करें- गगन फ्लैक्स 27खोली चौक बिलासपुर 9425535104, 90399 68650 (40842)

आवश्यकता है-ट्रान्सपोर्ट लाइन हाइवा फील्ड वर्क हेतु 21 से 31वर्ष के बिलासपुर निवासी लड़के की आवश्यकता है। स्वयं का वाहन अनिवार्य। फील्ड में गाड़ी मेंटेनेंस, अन्य कार्य हेतु आना जाना रहेगा। पेट्रोल कम्पनी द्वारा दिया जाएगा वेतन योग्यता अनुभव और कार्य क्षमता अनुसार। सम्पर्क करें- 91093 95522 (40834)

आवश्यकता है- नेहरू चौक, बिलासपुर में घर हेतु कुक एवं घरेलू कार्य हेतु महिला/ पुरुष चाहिए खाना बनाने सामान्य घरेलू कार्य का अनुभव आवश्यक। महिला को प्राथमिकता। सम्पर्क- 8839295358 दोपहर 2बजे उपरांत (40846)

आवश्यकता है- गिफ्ट, फैंसी स्टोर मे कार्य हेतु लड़के, लड़कियां चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क- घाटगे गिफ्ट गैलरी एवं सुहाग भंडार उमा मार्ट के सामने 36मॉल के पास मुगेंली रोड बिलासपुर 7879922408 (40847)

आवश्यकता है- रूमसर्विस हेतु अनुभवी वेटर्स हाउसकिपिंग के लिये लड़के लड़किया एवं कीचनहेल्पर और सिक्युरिटीकार्ड की आवश्यकता है संपर्क करें सुबह 10 से 12 हॉटल शिवनेरी लिंकरोड बिलासपुर (40837)

आवश्यकता है-मेडिकल एजेन्सी में पैकिंग, डिलीवरी, पेमेन्ट कलेक्शन एवं सेल्समेन हेतु लड़के/ लड़कियों, पार्ट/ फुल टाइम, रिटायर्ड की आवश्यकता है वेतन अनुभव अनुसार पता- सिटी केमिस्ट मेडिकल काम्प्लेक्स बिलासपुर 7263990778, 9827193199 (40827)

आवश्यकता है-रावतपुरा युनिवर्सिटी रायपुर में सुपरवाइजर सुरक्षागार्ड चाहिए। ऊंचाई पुरुष 5'-6" लड़कियां 5'-5" वेतन सुपरवाइजर 16000, सुरक्षागार्ड 14000 अनुभवी को प्राथमिकता पता- एक्समैन सिक्यूरिटी वैशाली टॉवर हेमू नगर बिलासपुर 9754713125, 83499 74442 (40786)

आवश्यकता है-आर्डर बुकिंग एवं माल डिलिवरी हेतु लड़कों की आवश्यकता है। गाड़ी हो। स्वयं का वाहन अनिवार्य। सम्पर्क करें- शारदा मेडिकल एजेन्सीज तेलीपारा मेडिकल काम्पलेक्स बिलासपुर (कृपया नशा करने वाल सम्पर्क ना करें) (40836)

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड की तत्काल भर्ती पुराना बस स्टैण्ड, तेलीपारा, सिरगिट्टी, तिफरा हेतु। वेतन 9000 से 10000 आवास मुफ्त सम्पूर्ण बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- 9993336942, 95893 16942 (40840)

आवश्यकता है-बिलिंग और स्टॉक पैकिंग, डिस्पेचिंग हेतु लड़कों की आवश्यकता है बिलिंग हेतु BUSY में काम किए हुए लड़के ही सम्पर्क करें- मीनाक्षी स्टील एजेन्सी पुराना हाईकोर्ट के सामने बिलासपुर 9669916000 (40801)

आवश्यकता है-दुकान में काम करने, सामान पैक करने, लाने लेजाने हेतु डिलीवरी ब्वाय चाहिए योग्यता 10वीं, वेतन 9000-10000 पता- मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी वेस्ट साइड शोरूम के बाजू, व्यापार विहार रोड बिलासपुर (40829)

आवश्यकता है-सुरक्षागार्ड 45, सुपरवाइजर 9 फील्ड अधिकारी 5, कंप्यूटर ऑपरेटर 2 वेतन योग्यता अनुसार मेस सुविधा आवास भोजन फ्री सम्पर्क करें- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय-6 जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 77460 00016, 7747000016, 77470 00019, 7746000019 (015)

आवश्यकता है-क्लीनिक और रिटेल दवाई दुकान में काम करने हेतु अनुभवी लड़कों और लड़कियों की आवश्यकता है बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- कृष्णा स्कीन क्लीनिक सरकंडा बिलासपुर 7999677226 (40820)

आवश्यकता है- दुकान एवं घरेलू कार्य हेतु युवक की आवश्यकता है। रहने, खाने की सुविधा। सम्पर्क करें- सुबह 11 से 2बजे एवं शाम 5 से 9बजे गगन फ्लेक्स 27खोली चौक बिलासपुर 9039768650 (40811)

आवश्यकता है-एम्ब्रियंस इंफ्रा ग्रुप बिलासपुर को आवश्यकता है सिविल सुपरवाइजर- 2पद अनुभव- न्यूनतम- 7वर्ष, वेतन- योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- साइट एड्रेस दयालबंद बिलासपुर 7049810000 (40812)

आवश्यकता है-घरेलू गाड़ी चलाने के लिए चार से पांच वर्ष अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है आधार कार्ड एवं लाईसेन्स के साथ सम्पर्क 9827223400 (40814)

आवश्यकता है-कम्प्यूटर ऑपरेटर टेलीकॉलिंग एवं सेल्स (अनुभवी) की आवश्यकता है। इंटरव्यू सुबह 10:30 से शाम 5.30 सम्पर्क करें- वरुण सुजुकी राजीव गांधी चौक, रायपुर रोड, बिलासपुर 9174734567 (40823)

आवश्यकता है- थोक दवाई एजेन्सी में कार्य करने हेतु एकाउंटेंट, माल निकालने, पैकिंग करने हेतु लड़के, लड़कियां एवं ड्राइवर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- गायत्री मेडिकल एजेन्सी, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा बिलासपुर 7777012526 (40807)

आवश्यकता है-टिफिन सेन्टर में खाना और नाश्ता बनाने के लिए कुक की आवश्यकता है। घर जैसा नाश्ता खाना बनाना है। सम्पर्क करें- पद्मावती नाश्ता और टिफिन सेन्टर मंगला बिलासपुर 9755655055 (40816)

आवश्यकता है-श्रेष्ठ डेंटल लैब में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- डाउन टाउन होटल सहारा ऑफिस के पास राजकिशोर नगर बिलासपुर 8103333630 (40822)

आवश्यकता है-सिक्युरिटी कम्पनी में दिन या रात में काम करने हेतु इच्छुक व्यक्ति की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता, सम्पर्क करें- उमा सिक्योरिटी सर्विसेज बहतराई चौक सरकंडा बिलासपुर 9981630084, 94255 34940 (40826)

आवश्यकता है-ऑफिस मैनेजर वर्क साइड वर्क रजिस्ट्री राजस्व विभाग डायवर्सन नामांतरण एवं नगर निगम संबंधी कार्य करने हेतु अनुभवी मैनेजर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9770770000, 9827072000 (40707)

आवश्यकता है-भारत के सबसे बड़े राइड बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं कॉल करे- सम्पर्क करें- 8929449955 (63172)



बेचना है

बेचना है-नया मकान बेचना है, कीमत 90लाख, निर्माण ग्राऊण्ड फ्लोर 2200 वर्गफीट, प्रथम फ्लोर 1000 वर्गफीट, प्लॉट साइज 50×50= 2500 वर्गफुट, स्वतंत्र बोरिंग, हंसिका विहार कालोनी, उस्लापुर सम्पर्क करें- 9893913366, 9039032178 (40831)

बेचना है-वैष्णवी अपार्टमेंट के तृतीय तल पर मसानगंज बिलासपुर में 2BHK फ्लैट बेचना है इच्छुक व्यक्ति, संस्थान सम्पर्क करें- 08817 387841, 7974809122 (40815)

बेचना है- नेहरू चौक से 400 मीटर दूर स्थित इंजीनियर्स कॉलोनी में 2160 वर्गफुट जमीन पर 1361 वर्गफुट में बना मकान (कीमत 75 लाख) में बेचना है। खरीददार सम्पर्क करें- 7648017211, 87701 34858 (40848)

बेचना है- बिलासपुर के हृदय स्थल श्रीकांत वर्मा मार्ग मैग्नेटो मॉल के पहले वैशाली नगर में सर्वसुविधा युक्त पूर्णतः सुरक्षित कालोनी में 24 घंटे सुरक्षा गार्ड 2BHK के फ्लैट फर्स्ट फ्लोर में बेचना है रेट- 32 लाख सम्पर्क करें- 98276 87816 (40845)

बेचना है- दीन दयाल कॉलोनी मंगला में 400 वर्गफुट में बना दो मंजिला मकान बेचना है। सम्पर्क करें- 7587292792 (40839)

बेचना है-आरबी ग्रीन विहार कालोनी, तिफरा यदुनन्दन नगर बिलासपुर मे सर्वसुविधायुक्त 4BHK मकान अतिशीघ्र बेचना है। नये बस स्टैण्ड से मात्र 1KM कीमत 65 लाख। खरीददार ही सम्पर्क करें- 8319407736, 97553 22838 (40810)

बेचना है- बिलासपुर सिरगिट्टी में गोविन्द नगर में 3225 वर्गफीट का पूर्वमुखी प्लॉट और व्यापार विहार में एक कमर्शियल प्लॉट बेचना है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें 9630083740, 97706 76030 (40782)

बेचना है- शांति नगर में रिंग रोड नं.- 2 में 1200 एवं 2400 वर्गफुट प्लॉट बेचना है और विद्या नगर में लड़कियों के लिए रूम किराए पर उपलब्ध है सम्पर्क करें- 9301261901 (40830)

किराया

किराया- प्रथम तल पर स्थित सर्वसुविधायुक्त मकान एक बेडरूम, हॉल, किचन, अटैच बाथरूम, बालकनी (24घंटे पानी, cctv, पार्किंग सुविधा) किराये पर देना है सम्पर्क करें- सरजू बगीचा मसानगंज बिलासपुर 9425229827, 7694077000 (14739)

किराया-अंजनी विहार चांटीडीह बिलासपुर में एक हाल, एक बड़ा कमरा, एक बड़ा किचन दो लेटबाथ किराए से देना है शासकीय कर्मचारी को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- 8085818742, 78982 50866 (40832)

किराया-प्रीमियम वेयर हाउस/ खुला प्लॉट/ गोदाम किराये हेतु तोरवा बिलासपुर में होटल रेडडायमंड के सामने मुख्य रोड पर 5000-40000 वर्गफीट उपलब्ध इंडस्ट्रीयल, लॉजिस्टिक्स, कॉर्पोरेट हेतु उपयुक्त सम्पर्क- 96176 05544, 9111911145 (40828)

फाइनेन्स

फाइनेन्स-कुबेर फाइनेन्स मुद्रा योजना अन्तर्गत पूरे छत्तीसगढ़ में लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000 से 15लाख तक, 1% ब्याज वार्षिक, प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए सम्पर्क- 8882627857 (4366)

फायनेंस- महालक्ष्मी फाइनेन्स द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सन

शबनीम इस्माइल ने की संन्यास से वापसी

महिला टी20 विश्व कप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए दक्षिण अफ्रीका ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। लौरा वोल्वार्ड्ट की कप्तानी में घोषित टीम में 37 साल की शबनीम इस्माइल को जगह मिलना चौंकाने वाला है। शबनीम को विश्व कप की टीम में जगह देना क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका का एक चौंकाने वाला फैसला है।

दक्षिण अफ्रीका ने 2023 में संन्यास ले चुकीं 37 साल की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल को टी20 विश्व कप 2026 की टीम में जगह दी है। इसके लिए शबनीम को संन्यास तुड़वाकर वापसी कराई गई है।

विश्व कप 12 जून से

विश्व कप 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड में खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप 1 में शामिल है। इस ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भारत, नीदरलैंड, और पाकिस्तान शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका 13 जून को मैनचेस्टर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

दुनिया की बड़ी लीग में लगातार सक्रिय शबनीम

शबनीम इस्माइल को दक्षिण अफ्रीका टीम में जगह देने की कई वजहें हैं। पहला, इस्माइल बेशक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल रही हैं, लेकिन दुनिया की बड़ी लीग में लगातार सक्रिय हैं। वह संन्यास के बाद से महिला बिग बैश लीग, महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग और महिला द हंड्रेड में 92 टी20 मैच खेल चुकी हैं। इस वजह से उनके पास फॉर्म और फिटनेस दोनों है। दूसरा, वह दक्षिण अफ्रीका की सफल और बेहतरीन तेज गेंदबाज रह चुकी हैं। उन्होंने 113 मैचों में 123 विकेट लिए हैं। विश्व कप इंग्लैंड में होने वाला है। वहां शबनीम की गति और अनुभव टीम के काम आ सकता है। इसी वजह से दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें संन्यास से वापसी कराते हुए टीम में जगह दी है।

न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम पर जुर्माना

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेट टीमों के बीच 3 वनडे मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला रविवार को खेला गया था। मैच के दौरान न्यूजीलैंड की तरफ से ओवर फेंकने की गति धीमी रही। इस वजह से टीम पर जुर्माना लगाया गया है। समय की छूट को ध्यान में रखने के बाद अमेलिया केर की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड एक ओवर पीछे रही थी। इस वजह से टीम पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी की हेलेन पैक ने यह सजा सुनाई। आईसीसी ने कहा, खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। यह हर उस ओवर के लिए जो उनकी टीम निर्धारित समय में नहीं फेंक पाती है। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित समय पर एक ओवर पीछे रही थी, इसलिए 5 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। कप्तान केर ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित सजा मान ली।

- इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में धीमी गति से ओवर फेंकने का मामला

खबर संक्षेप

विरोध प्रदर्शन के कारण हुआ नुकसान : पूनिया

गोंडा। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया का मानना है कि जंतर-मंतर पर पहलवानों के विरोध प्रदर्शन से जो व्यवधान पैदा हुआ उससे भारत के कई खिलाड़ियों का करियर प्रभावित हुआ, जिसमें वह खुद भी शामिल हैं। दीपक ने कहा कि पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के बाद भारतीय कुश्ती में अनिश्चितता के लंबे दौर ने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर नहीं मिला, जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ। दीपक ने कहा, 'विरोध प्रदर्शन और अन्य घटनाओं के कारण 2023 के बाद कई टूर्नामेंट रद्द कर दिए गए थे और हमें पहले की तरह विदेश में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के मौके भी नहीं मिले।' उन्होंने कहा, 'जब आप हर दूसरे या तीसरे महीने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी प्रतियोगिता में भाग लेते हैं तो आपको अपनी कमजोरी का पता चलता है और आप उसमें सुधार करते हैं। लेकिन अगर आपको साल में केवल एक विश्व चैंपियनशिप या केवल एक एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलता है तो प्रदर्शन में बहुत बड़ा अंतर आ जाता है।'

हैदराबाद 14.5 ओवर में 86 रन पर आउट , रबाडा और होल्डर ने चटकाए 3-3 विकेट

लगातार पांचवीं जीत के साथ टॉप पर जीटी, सनराइजर्स को 82 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात टाइटंस ने बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को मंगलवार को 82 रन से हराकर लगातार पांचवीं जीत के साथ आईपीएल अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। साइ सुदर्शन और वॉशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों से गुजरात ने 5 विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद 14.5 ओवर में 86 रन पर आउट हो गए। कैगिसो रबाडा ने शीर्ष क्रम की बखिया उधेड़ते हुए 28 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि जैसन होल्डर ने 20 रन देकर 3 विकेट चटकाए। इस जीत के साथ गुजरात 12 मैचों में 16 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि सनराइजर्स 12 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। आरसीबी 11 मैचों में 14 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

गुजरात की सबसे बड़ी जीत

गुजरात टाइटंस की आईपीएल के इतिहास में रनों की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले गुजरात की सबसे बड़ी जीत इसी सीजन राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आई थी। उस मुकाबले में गुजरात ने राजस्थान को 77 रनों से हराया था।

रबाडा ने की बोल्ट और जॉनसन की बराबरी

आईपीएल में एक सीजन के पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड मोहम्मद शमी के नाम है। उन्होंने 2023 में पावरप्ले में 17 विकेट झटके थे। हालांकि 16-16 विकेट मिचेल जॉनसन ने 2013 तो ट्रेंट बोल्ट ने 2020 में पावरप्ले में झटके थे। अब कागिसो रबाडा ने जॉनसन और बोल्ट की बराबरी कर ली है। कागिसो रबाडा के इस सीजन पावरप्ले में 16 विकेट हो गए हैं। वह इस सीजन भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का भी रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं।

एसआरएच ने मात्र 60 रन पर गंवाए 7 विकेट

जीत के लिए 169 रन के लक्ष्य के जवाब में सनराइजर्स ने 7 विकेट 60 रन पर गंवा दिए थे। रबाडा ने अपने 4 ओवर में 3 विकेट चटकाते हुए सनराइजर्स को लगातार झटके दिए। वहीं मोहम्मद सिराज ने पहला ओवर ही मैडन डालते हुए ट्रेविस हेड का अहम विकेट लिया, जिन्होंने निशांत सिंधू को आसान कैच थमाया। सिराज ने तीन ओवर में सिर्फ 11 रन देकर 1 विकेट लिया। अभिषेक शर्मा (छह) को भी रबाडा ने ही रवाना किया। चौथे ओवर में ईशान किशन (11) ने विकेट के पीछे कैच थमाया। रबाडा ने अपने आखिरी ओवर में आर स्मरण को मिड आन पर शुभमन गिल के हाथों लपकवाया तब सनराइजर्स का स्कोर चार विकेट पर 32 रन था। हेनरिच क्लासेन 11 रन बनाकर होल्डर का शिकार हुए, जिनका कैच विकेट के पीछे जोस बटलर ने लपका। होल्डर ने ही नीतिश कुमार रेड्डी (दो) का भी विकेट लिया। प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 ओवर में 23 रन देकर दो विकेट चटकाए।

सुदर्शन और वॉशिंगटन ने खेली अर्धशतकीय पारी

इससे पहले साइ सुदर्शन और वॉशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों की मदद से गुजरात टाइटंस ने पांच विकेट पर 168 रन बनाए। सुदर्शन ने 44 गेंद में 5 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 61 रन बनाए। वहीं सुंदर ने 33 गेंद में सात चौकों और एक छक्के के साथ 50 रन की पारी खेली। सनराइजर्स के लिए प्रफुल्ल हिंगे ने 3 ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिए जबकि कप्तान पैट कमिंस ने चार ओवर में 20 रन देकर एक विकेट चटकाया।

आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग

चार्ली डीन और अमेलिया केर ने लगाई लंबी छलांग



एजेंसी ▶▶| दुबई

इंग्लैंड की चार्ली डीन और न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर को वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन का इनाम आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में मिला है।

इंग्लैंड टीम की कप्तानी संभाल रहीं चार्ली डीन ने पहले वनडे में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने बल्लेबाजी में 46 गेंदों में 31 रनों की दमदार पारी खेली और वह टीम को जीत दिलाकर लौटीं। वहीं, गेंदबाजी में उन्होंने 7 ओवर के स्पेल में महज 21 रन खर्च करते हुए 2 विकेट चटकाए। गेंदबाजों की रैंकिंग में डीन अब छह पायदान की छलांग लगाकर 10वें नंबर पर आ गई हैं। वहीं, ऑलराउंडर्स की लिस्ट में भी उनको एक पायदान का फायदा पहुंचा है और वह अब 11वें स्थान पर आ गई हैं।

मैडी सातवें नंबर पर पहुंची

अमेलिया केर और उनकी टीम की साथी खिलाड़ी मैडी ग्रीन ने वनडे में बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। पहले वनडे में 88 रनों की पारी खेलने वाली ग्रीन दो पायदान ऊपर चढ़कर सातवें नंबर पर पहुंच गई हैं। वहीं, अर्धशतकीय पारी के बूते केर ने चार पायदान की छलांग लगाई है और वह अब 11वें नंबर पर आ गई हैं।

सात्विक-चिराग की जोड़ी ने किया विजयी आगाज

बैंकॉक। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष युगल के पहले दौर के मुकाबले में मंगलवार को इंडोनेशिया के मोह पुत्रा एरवियांस्याह और बागास मौलाना की जोड़ी को शिकस्त दी।

राशिफल

मेष आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

मिथुन मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

सिंह नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

कन्या शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

तुला जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

धनु मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

मकर शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

कुंभ भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

मीन मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

धीमी ओवर गति पर अक्षर पर गिरी गाज, लगा 12 लाख का जुर्माना

धर्मशाला। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी टीम की जीत के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अक्षर और डेविड मिलर के अर्धशतकों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को बरकरार रखा। आईपीएल के अनुसार, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम, धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है।' इसमें आगे कहा गया है, 'धीमी ओवर गति से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था इसलिए अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'

लगातार हार के बाद नहीं होगा टीम में बदलावः बहुतुले

धर्मशाला। पंजाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने कहा कि लगातार चौथा मैच हारने के बावजूद टीम में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया जाएगा, हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि महत्वपूर्ण मौकों पर खराब फील्डिंग विशेषकर कैच लेने में नाकामी बड़ी चिंता का विषय है। बहुतुले ने कहा, ' दुर्भाग्य से आज हमने महत्वपूर्ण अवसरों पर कुछ कैच छोड़ दिए। हम इस पर विचार करेंगे, लेकिन फिलहाल हमारे पास इस बारे में ज्यादा सोचने का समय नहीं है।' बहुतुले ने कहा, ' मुझे लगता है कि टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। निश्चित रूप से हम कुछ मैच हार गए हैं।

FORM NO.
[See Regulation 33(2)]

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building),
Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, MP.

NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.

RC/421/2024 — **INDIAN BANK** — 06-05-2026
Versus
To, **IMTIYAZ AHMED AHMED**

(CD1) IMTIYAZ AHMED AHMED, WARD NO 06, NEAR MADINA MASJID, AMARKANTAK ROAD, BILASPUR (C.G)-495001, **(CD2) IRFAN AHMED,** WARD NO 06, NEAR SURBHI HOTEL, AMARKANTAK ROAD, TEH-PENDRA ROAD, DIST-BILASPUR (C.G.)-495117

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **28/10/2024** in **OA/133/2022** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs 2769957.00 (Rupees Twenty Seven Lakhs Sixty Nine Thousands Nine Hundred Fifty Seven Only)** along with pendentellite and future interest @ 9.50 % w.e.f. **21/01/2022** till realization and costs of **Rs 30000 (Rupees Thirty Thousands Only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **12/06/2026** at **10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

Specification of property :- Diverted Land and Building, Khasra No.-1129/49, P.H. No. 19, Ward No. 11, Rajeev Gandhi Ward, Near Rani Durgawati Chowk, Gourella Pendra Main Road, Mouza Gourella, R.N.M. Gourella, Village-Tikarkala, Gaurella, Tehsil-Pendra Road, District-Bilaspur (C.G.), area measuring 435 sq.ft.; Property in the name of Shri Imtiyaz Ahmed S/o Shri Jamil Ahmed.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **06/05/2026**

Ms Priti Desai
Recovery Officer-I,
Debts Recovery Tribunal, Govt. of India,
Ministry of Finance Jabalpur (M.P. & C.G. States)

Seal

बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

रायपुर अंचल कार्यालय
आयोजना विभाग, प्रथम तल, चावला कॉम्प्लेक्स, साई (देवेंद्र) नगर, रायपुर-492001, टेली.: 0771-4265605

किराये पर परिसर की आवश्यकता

बैंक ऑफ महाराष्ट्र अपनी शाखा के लिए वाणिज्यिक गतिविधियों हेतु अनिवार्य रूप से स्थानीय/ सरकारी प्राधिकारियों से अनुमति प्राप्त परिसर के स्वामियों/ पीओए धारकों से प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

नये परिसर के लिए

क्र.	परिसर का अनुमानित कार्पेट क्षेत्र	स्थान कमर्शियल एरिया / क्षेत्र
1.	परिसर नीति के अनुसार प्रस्तावित क्षेत्र	ग्राम -कोनार, जिला- जांजगीर चाम्पा, लगभग 800-900 वर्ग फिट का प्रस्तावित केन्द्र

प्रस्तावित परिसर अलग प्रवेश के साथ एटीएम रूम सहित शाखा खोलने के लिए लीज किराया आधार पर प्रमुखता से तल मंजिल (पर्याप्त पार्किंग क्षेत्र के साथ) पर होना चाहिए। परिसर में बैंक की आवश्यकताओं और विशिष्टताओं के अनुसार पर्याप्त पावर लोड तथा अन्य संरचनात्मक आवश्यकताओं के प्रावधान होने चाहिए। परिसर कब्जे के लिए तैयार रूप में होना चाहिए या बैंक की आवश्यकताओं के अनुसार उसे 10-15 दिनों के भीतर तैयार हो जाना चाहिए। इच्छुक व्यक्ति/ पार्टी अपने प्रस्ताव को दो अलग-अलग सीलबंद लिफाफों के ऊपर "तकनीकी बिड" / "वाणिज्यिक बिड" **का उल्लेख करते हुए** क्रमशः **"तकनीकी बिड" और "वाणिज्यिक बिड"** के लिए बैंक के निर्धारित प्रारूप में दिनांक **20/05/2026** को सायं. **05.00 बजे तक अंचल प्रबंधक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र रायपुर अंचल कार्यालय,** प्रथम तल, चावला कॉम्प्लेक्स, साई (देवेंद्र) नगर, रायपुर-492001, को प्रस्तुत करें। इन प्रारुपों को कार्यालय समय के दौरान उपर्युक्त कार्यालय से व्यक्तिगत रूप से प्राप्त किया जा सकता है या बैंक की वेबसाइट **www.bankofmaharashtra.in** के "निविदा" खंड के अंतर्गत इस निविदा विज्ञापन के साथ डाउनलोड किया जा सकता है। बैंक बिना कारण बताए किसी भी प्रस्ताव को रद्द/ अस्वीकार करने करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। किसी भी प्रकार का ब्रोकरेज नहीं दिया जाएगा। अपूर्ण और विलंब से प्रेषित प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे संपर्क करें pln_rai@mahabank.co.in एवं gad_rai@mahabank.co.in, टेली.:0771-4265605.

**नोट- बैंक ऑफ महाराष्ट्र, शाखा- कोनार, पुराना पता- गांव व पोस्ट - कोनार, चंद्राकार हाउस, मूलमुला, तहसील- पामगढ़, जिला- जांजगीर-चांपा, छत्तीसगढ़ - 495663 नए परिसर में स्थानांतरित किया जाएगा, वर्तमान स्थान के 500 मीटर के भीतर नया स्थान को प्रत्यिकता दी जाएगी।*

दिनांक- 13.05.2026, स्थान- रायपुर — प्राधिकृत अधिकारी

शब्द पहेली - 6224



बाएँ से दाएँ
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ 2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री 3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल 3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद,अच्छा 2
19.लंबा कोट 4
23.पानी की बूंद 3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा 3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन 3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा 4

ऊपर से नीचे
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य 3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व 2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन 3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल 3
17.प्रेम लगन 3
18.भ्रमर,जलावर्त 3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक 4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस 2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

शब्द पहेली- 6223 का हल

सूडोकु नवताल- 6234

मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल 6233 का हल

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

दुनिया की अनोखी जगह, जहां महीनों तक नहीं होती रात, 24 घंटे चमकता है सूरज

न्यूयार्क। दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं, जहां प्रकृति अपने सबसे अनोखे और चौंकाने वाले रूप में दिखाई देती है। कहीं लंबे समय तक बर्फ जमी रहती है तो कहीं कई दिनों तक सूरज दिखाई नहीं देता है। मगर, अमेरिका के अलास्का राज्य का एक छोटा सा शहर इन दिनों खास चर्चा में है, क्योंकि यहां अब ऐसा दौर शुरू हो गया है जब सूरज कई हफ्तों तक डूबता ही नहीं है। यानी आधी रात में भी यहां दिन जैसा उजाला रहता है, जिसे देखकर पहली बार आने वाले लोग हैरान रह जाते हैं।

मिडनाइट सन कहा जाता है इस घटना को

यह अनोखी घटना अलास्का के उत्तरी हिस्से में बसे उत्कियागविक शहर में देखने को मिलती है। यह जगह आर्कटिक सर्कल के बेहद करीब स्थित है, जिसके कारण यहां साल के कुछ महीनों में सूरज लगातार आसमान में बना रहता है। इस घटना को मिडनाइट सन कहा जाता है। इस दौरान यहां रात जैसी कोई चीज नहीं होती है। रात के 12 बजे भी आसमान में वैसी ही रोशनी रहती है जैसी शाम के समय होती है। स्थानीय लोग इसे अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा मानते हैं, लेकिन पर्यटकों के लिए यह अनुभव बिल्कुल अलग और रोमांचक होता है।

सर्दियों में दिखता है उलटा असर

इस प्राकृतिक घटना के पीछे पृथ्वी का झुका हुआ अक्ष जिम्मेदार है। धरती अपनी धुरी पर हल्की झुकी हुई है, जिसके कारण साल के कुछ समय आर्कटिक क्षेत्र सूरज की ओर ज्यादा झुके रहते हैं। इसी वजह से वहां लंबे समय तक सूरज डूबता नहीं है। वहीं, सर्दियों में इसका उल्टा असर देखने को मिलता है, जब यहां कई हफ्तों तक सूरज उगता ही नहीं और पूरा इलाका अंधेरे में डूबा रहता है। लगातार दिन बने रहने का असर यहां के लोगों की दिनचर्या पर भी पड़ता है। शुरुआत में लोगों को सोने में दिक्कत होती है, क्योंकि शरीर को अंधेरे की कमी महसूस होती है। इससे बचने के लिए लोग अपने घरों में मोटे पर्दे लगाते हैं या स्लीप मास्क का इस्तेमाल करते हैं।

पर्यटकों को करता है आकर्षित

यह अनोखा नजारा हर साल बड़ी संख्या में पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। लोग खास तौर पर आधी रात के सूरज को देखने यहां पहुंचते हैं और देर रात तक घूमने, ट्रैकिंग और फोटोग्राफी का आनंद लेते हैं। कई लोग इसे धरती का सबसे अनोखा अनुभव मानते हैं। दिलचस्प बात यह है कि गर्मियों में जहां यहां दिन खत्म नहीं होता, वहीं सर्दियों में कई दिनों तक सूरज नजर नहीं आता। यही वजह है कि यह जगह दुनिया के सबसे अनोखे प्राकृतिक रहस्यों में गिनी जाती है।

रोचक खबरें



कैंसर से जूझ रही पत्नी के लिए पति ने मुंडवा लिया अपना सिर

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर एक भावुक कर देने वाला वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक पति अपनी पत्नी के साथ खड़े होकर सच्चे प्यार और साथ निभाने की मिसाल पेश करता नजर आ रहा है। दरअसल, पत्नी को कैंसर हो गया और इलाज के दौरान उसके बाल झड़ने लगे, जिसके बाद पति ने भी अपना सिर मुंडवा लिया। पत्नी के कैंसर के इलाज के दौरान पति का यह कदम लोगों के दिल को छू गया है। अब इस वीडियो को सोशल मीडिया पर बहुत शेयर किया जा रहा है। यह वीडियो इंस्टाग्राम पर नम्रता नितिन गोयल ने शेयर किया है, जो अपनी कैंसर जर्नी के कुछ हिस्से सोशल मीडिया पर साझा करती रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि कीमोथेरेपी के कारण बाल झड़ने और सिर में दर्द होने पर नम्रता बैठी हैं और उनके पति बड़े प्यार से सिर के बाल शेव कर रहे हैं। इसके बाद, बिना किसी दिखावे के पति खुद भी अपना सिर मुंडवा लेते हैं। यह पल बेहद शांत लेकिन बहुत ताकतवर भावनाओं से भरा हुआ है। लोगों ने इसे प्यार, साथ और समझदारी की खूबसूरत मिसाल बताया है। यह भावुक पल लोगों के दिलों को इसलिए छू गया, क्योंकि इसमें कोई दिखावा नहीं था। न कोई बड़ा भाषण, न ही बनावटी रिएक्शन. बस एक जीवनसाथी था, जो अपने साथी के दर्द को थोड़ा कम अकेला बनाने की कोशिश कर रहा था।

प्यार, साथ और समझदारी की खूबसूरत मिसाल

मॉडल का वर्कआउट देखने के लिए पुरुष देते हैं बंपर टिप!

ओटावा। पूरी दुनिया में सोशल मीडिया और डिजिटल कंटेंट की बढ़ती लोकप्रियता ने कमाई के ऐसे जरिए खोल दिए हैं, जिनके बारे में कुछ साल पहले तक सोचना भी नामुमकिन था। आज के दौर में लोग अपने साधारण से काम या रूटीन को दिखाकर भी लाखों-करोड़ों कमा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला कनाडा के टोरंटो से सामने आया है, जहां एक मॉडल ने खुलासा किया है कि वह जिम में सिर्फ पसीना बहाकर लाखों रुपए कमा रही है। सुनने में थोड़ी अटपटा लगता है, क्योंकि इतनी कमाई तो कोई इंसान महीने भर दफ्तर जाकर भी नहीं कर पाता है। इस 32 वर्षीय मॉडल का नाम लुइसा खोवांस्की है। लुइसा की कहानी ने इंटरनेट पर नई बहस छेड़ दी है कि कैसे अब पसीना भी एक महंगे बिजनेस में बदल चुका है। लुइसा का दावा है कि उनके प्रशंसक उन्हें सिर्फ जिम में एक्सरसाइज करते देखने के लिए 1,000 पाउंड (करीब 1.10 लाख रुपए) तक की भारी-भरकम राशि दे रहे हैं। लुइसा के इंस्टाग्राम पर 50 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं और वे पहले से ही हर महीने करोड़ों रुपए कमा रही हैं, लेकिन उनके जिम वीडियो ने उनकी कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। लुइसा ने बताया कि उन्होंने तो बस अपनी फिटनेस जर्नी शेयर करने के लिए वीडियो डालने शुरू किए थे, लेकिन लोगों की दीवानगी ने इसे उनकी कमाई का सबसे बड़ा जरिया बना दिया।

ये है भारत की सबसे ऊंचाई पर बना सिनेमा हॉल, बदल जाती है हीरो-हीरोइन की आवाज

नई दिल्ली। भारत में सिनेमा का जादू अब आसमां को छू रहा है। लद्दाख के लेह में स्थित पीवीआर आईएनओएक्स मल्टीप्लेक्स भारत और दुनिया का सबसे ऊंचा स्थायी सिनेमा हॉल है। समुद्र तल से 11,500 फीट की ऊंचाई पर बना यह हॉल फिल्म प्रेमियों के लिए अनोखा अनुभव लेकर आया है। यहां फिल्म देखते समय हीरो-हीरोइन की आवाज सामान्य सिनेमाघरों से काफी अलग सुनाई देती है। हाल ही में यहां फिल्म देखने गए कई दर्शक सोशल मीडिया पर अपना अनुभव शेयर कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सेम फिल्म है लेकिन आवाज बिल्कुल अलग लग रही है। जैसे थोड़ी फ्लैट और हल्की'। लेकिन, इसके पीछे का कारण क्या है? दरअसल, इसका जवाब छिपा है साइंस में।

क्यों बदल जाती है आवाज?

इसका कारण है उच्च ऊंचाई पर हवा की पतली परत। समुद्र तल पर हवा घनी होती है, जो साउंड वेव्स को बेहतर तरीके से ले जाती है। लेकिन, 11,500 फीट पर हवा की घनत्व करीब 30-35% कम हो जाती है। इससे साउंड वेव्स का प्रसार बदल जाता है। इसकी वजह से ध्वनि की तीव्रता प्रभावित होती है। आवाज थोड़ी कमजोर और फ्लैट सुनाई दे सकती है। पीवीआर आईएनओएक्स ने इस समस्या को ध्यान में रखते हुए स्पेशल ऑडियो सिस्टम लगाया है, फिर भी प्राकृतिक रूप से आवाज में फर्क महसूस होता है। वैज्ञानिकों के अनुसार उच्च ऊंचाई पर तापमान कम होने और हवा के घनत्व कम होने से साउंड की स्पीड और क्वालिटी दोनों पर असर पड़ता है।

साइंस में छिपा है अनोखा कारण

ऑक्सीजन की कमी होती है महसूस

यहां पहुंचने वाले पर्यटक और लोकल लोग दोनों ही फिल्म देखने आते हैं। खासकर पर्यटकों के लिए तो यह लाइफटाइम एक्सपीरियंस है- बर्फीली चोटियों के बीच पॉपकॉर्न खाते हुए बॉलीवुड या हॉलीवुड फिल्म देखना। लेकिन इसमें चुनौतियां भी हैं। हॉल में ऑक्सीजन की कमी महसूस होती है। कुछ दर्शकों को हल्की सांस लेने में तकलीफ या सिरदर्द हो सकता है। यहां बाहरी तापमान माइनस तक पहुंच सकता है। ऐसे में उपकरणों का रखरखाव बड़ी चुनौती है। पीवीआर आईएनओएक्स ने इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया है।

एक चम्मच दूध निकालना भी है काफी मुश्किल

सबसे महंगा दूध, 20 लाख रुपए प्रति लीटर है कीमत

नई दिल्ली। दुनिया में कई अनोखी और महंगी चीजें हैं, लेकिन दूध की बात करें तो आमतौर पर गाय, भैंस या बकरी का दूध ही याद आता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि दुनिया का सबसे महंगा दूध एक छोटे से जानवर का है। जी हां, चुहिया (माउस) का दूध दुनिया में सबसे महंगा आता है। इसकी कीमत 20 लाख रुपए प्रति लीटर तक बताई जाती है। सुनकर हैरानी होती है ना? ज्यादातर लोग सोचते हैं कि शेरनी, बाघिन या हथिनी का दूध सबसे महंगा होगा, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। चुहिया का दूध ना सिर्फ दुर्लभ है, बल्कि निकालना भी बेहद मुश्किल काम है।

बेहद दुर्लभ है ये दूध

वैज्ञानिकों के अनुसार, एक लीटर चुहिया का दूध इकट्ठा करने के लिए लगभग 4000 चुहियों का दूध निकालना पड़ता है। एक चुहिया से एक बार में सिर्फ आधा चम्मच या उससे भी कम दूध मिल पाता है। दरअसल, चुहिया बहुत छोटी होती है, इसलिए उसका दूध उत्पादन भी बेहद कम होता है।

छोटी मशीनों से निकालते हैं दूध

चुहिया का दूध निकालने के लिए विशेष तरीके अपनाए जाते हैं। सामान्य तरीके से दूध नहीं निकलता. वैज्ञानिक छोटी-छोटी मशीनों का इस्तेमाल करते हैं। एक चुहिया दिन में बहुत कम दूध देती है और बार-बार निकालने से जानवर पर स्ट्रेस भी पड़ता है। यही वजह है कि बड़े पैमाने पर इसका उत्पादन संभव नहीं है। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि यह दूध आम लोगों के लिए नहीं बल्कि वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए है। अगर कभी व्यावसायिक रूप से उपलब्ध हुआ तो भी आम आदमी की पहुंच से बाहर रहेगा।

इकलौती मछली जो समुद्र की गहराई में है चलती, होंठों पर लगाती है लाली

नई दिल्ली। समुद्र की गहराइयों में छिपी अनगिनत रहस्यमयी जीवों में से एक है रेड-लिप्ड बैटफिश। यह मछली ना सिर्फ देखने में बेहद अजीब है, बल्कि अपनी आदतों के कारण भी पूरी तरह यूनिक है। जहां बाकी मछलियां तैरती हैं, वहीं यह मछली समुद्र के फर्श पर चलती है। सबसे मजेदार बात- इसके होंठ इतने चटक लाल हैं कि देखकर लगता है मानो उसने लिपस्टिक लगा रखी हो। रेड-लिप्ड बैटफिश का नाम बैटफिश, इसलिए पड़ा क्योंकि इसका सिर चमगादड़ की तरह चौड़ा और सपाट होता है। यह मुख्य रूप से गालापागोस द्वीपों के आसपास और पूर्वी प्रशांत महासागर में पाई जाती है। यह 20 से 40 मीटर की गहराई में रहती है, हालांकि कभी-कभी 100 मीटर तक भी नीचे उतर जाती है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है चलना। इसके पेक्टोरल और पेल्विक फिन्स पैरों की तरह मजबूत है। इनकी मदद से वह समुद्र के तल पर चलती-फिरती है। तैरने की बजाय चलना इसे ऊर्जा बचाने में मदद करता है।



लिपस्टिक वाले होंठ क्यों?

वैज्ञानिकों के अनुसार इसके चमकदार लाल होंठ संभवतः प्रजनन और संचार के लिए हैं। गहरे पानी में जहां रोशनी कम होती है, वहां चटक रंग साथी को आकर्षित करने में मदद करते हैं। ये लाल होंठ इसे बेहद आकर्षक और फोटोजेनिक भी बनाते हैं, जिसकी वजह से सोशल मीडिया पर यह वायरल हो रही है। रेड-लिप्ड बैटफिश के सिर पर एक छोटा सा अंग होता है जिसे इलिसियम कहते हैं। इसके सिरे पर चारा लगा होता है। यह मछली इस चारे को हिलाकर छोटी मछलियों, क्रस्टेशियंस और अन्य जीवों को लुभाती है। जब शिकार पास आता है तो बैटफिश अपना मुंह खोलकर उसे झपट लेती है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com